सी डैक
CDAC
www.cdac.in

वार्षिक रिपोर्ट

2016-17

प्रगत संगणन विकास केंद्र

शासी परिषद

(31 मार्च 2017 को)

श्री रवि शंकर प्रसाद
माननीय मंत्री, विधि एवं न्याय तथा
इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा
अध्यक्ष, शासी परिषद, सी-डैक

श्री पी पी चौधरी
माननीय राज्य मंत्री, विधि एवं न्याय तथा
इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा
उपाध्यक्ष, शासी परिषद, सी-डैक

श्रीमती अरुणा सुंदरराजन
सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
नई दिल्ली तथा
कार्यकारी उपाध्यक्ष, शासी परिषद, सी-डैक

प्रो. आशुतोष शर्मा
सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली

डॉ गिरीश साहनी
सचिव, जैवप्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), सचिव, वैज्ञानिक
एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) तथा
महानिदेशक, सीएसआईआर, नई दिल्ली

डॉ अजय कुमार
अपर सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी एवं
सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली

सुश्री अनुराधा मित्रा
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,
इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली

श्री राजीव कुमार
संयुक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी एवं
सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली

डॉ देबाशीश दत्ता
ग्रुप समन्वयक (आईटी में अनुसंधान व विकास),
इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नई दिल्ली
तथा
महानिदेशक (प्रभारी), सी-डैक

प्रो. गौतम बरुआ
निदेशक, आईआईआईटी, गुवाहाटी

प्रो. बी एन जैन
संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग,
आईआईटी दिल्ली

श्री अजित बालकृष्णन
अध्यक्ष एवं सीईओ, Rediff.com India Ltd., मुंबई

श्री किरण कार्निक
पंच शील पार्क, नई दिल्ली

डॉ ए एस किरण कुमार
अध्यक्ष, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो),
अंतरिक्ष भवन, बंगलुरू

श्री संजीव सरण
प्रमुख सचिव, आईटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

श्री एम शिवशंकर
सचिव, (आईटी), तिरुवनंतपुरम, केरल

कर्नल अनूप कुमार खरे (सेवानिवृत्त)
कुलसचिव, सी-डैक तथा गैर-सदस्य सचिव,
शासी परिषद, सी-डैक

विषय सूची

सिंहावलोकन 01

विषयगत क्षेत्रों में प्रमुख गतिविधियाँ 03

उन्नत सक्षम कंप्यूटिंग, ग्रिड कंप्यूटिंग एवं क्लाउड कंप्यूटिंग 03

बहुभाषी कंप्यूटिंग और विरासत कंप्यूटिंग 12

विशिष्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, वीएलएसआई एवं एंबेडेड प्रणाली 21

फॉस सहित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी 29

साइबर सुरक्षा एवं साइबर फोरेंसिक 37

स्वास्थ्य सूचना 40

शिक्षा एवं प्रशिक्षण 44

संसाधन, सुविधा सेवाएँ एवं पहल 47

सहयोग/ सहकारिता 47

पेटेंट 48

पुरस्कार और सम्मान 49

कार्यक्रम / सम्मेलन 51

शोध-पत्र / प्रकाशन 57

आमंत्रित व्याख्यान 65

मानव संसाधन विकास 70

कानूनी और बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) 72

वित्तीय मामले 73

सिंहावलोकन

सी-डैक, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एम.ई.आई.टी.वाई.), भारत सरकार की एक वैज्ञानिक संस्था है, जिसने मार्च 2017 में अपने गौरवशाली अस्तित्व के 29 वर्ष पूर्ण किए। राष्ट्र केसामाजिक-आर्थिक लाभ के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय पहलों का सी-डैक द्वारा मार्गदर्शन किया गया है। सी-डैक द्वारा विकसित समाधान एवं उत्पाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा भारत सरकार के डिजिटल इंडिया स्वप्न को पूरा करने के लिए एक बहुमूल्य साधन हैं। सी-डैक ने अपने केंद्रों के माध्यम से पूरे देश में 11 शहरों में अपनी उपस्थिति दर्ज की है। सी-डैक द्वारा पूरे विश्व के 32 से अधिक देशों में परियोजनाओं का संपादन किया है/ उत्कृष्टता केंद्रों/ प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की है। देश में इलेक्ट्रानिकी और आई.टी. में अत्याधुनिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में सी-डैक का एडवांस्ड कंप्यूटिंग ट्रेनिंग स्कूल (ऐक्ट्स) एक जाना-माना नाम है। सी-डैक की सबसे बड़ी ताकत, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स के सभी क्षेत्रों में फैली इसकी व्यापक पहुँचवाली विशेषज्ञता है।

पूर्व वर्षों की तरह, वर्ष 2016-17 भी सी-डैक के लिए कई तकनीकी उपलब्धियों, कार्यक्रमों एवं सम्मानों से परिपूर्ण रहा। राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एन.एस.एम.) पहल के तहत, सी-डैक ने नवीनतम प्रौद्योगिकियों के मूल्यांकन एवं सॉफ्टवेयर घटकों के परीक्षण के लिए एच.पी.सी. टेस्टबेड का बुनियादी निर्माण कार्य प्रारंभ किया। आई.आई.टी., गुवाहाटी में सी-डैक द्वारा परिनियोजित परम ईशान सुपरकंप्यूटिंग सुविधा का शुभारंभ श्री प्रकाश जावड़ेकर, माननीय केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा किया गया। "PARAM Kilimanjaro" नामक एक एच.पी.सी. सुविधा का परिनियोजन नेल्सन मंडेला अफ्रीकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एन.एम.ए.आई.एस.टी.), आरुशा, तंजानिया में किया गया। निःशुल्क डाउनलोड के लिए अंत-प्रणाली सुरक्षा (यूएसबी-प्रतिरोध एवं एप्पसाम्विद) तथा मोबाइल सुरक्षा समाधान के संवर्धित संस्करणों का शुभारंभ श्री रवि शंकर प्रसाद, माननीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा किया गया। सी-डैक द्वारा बुद्धिमत्तापूर्ण परिवहन प्रणाली (आई.टी.एस.), स्मार्ट ऊर्जा मीटर, कृषि-उत्पादों के लिए सेंसर आधारित गुणवत्ता आकलन समाधान एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.) उत्पादों सहित विभिन्न समाधानों का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण किया गया।

सी-डैक के सुपरकंप्यूटर - परम युवा II सिस्टम ने 2,25,000 से अधिक संसाधित कंप्यूटिंग जॉब को लॉग करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। विभिन्न विज्ञान एवं अभियांत्रिकी डोमेन से देश में फैले 90 विभिन्न संस्थानों के 940 एचपीसी उपयोगकर्ताओं द्वारा इन जॉबों को निष्पादित किया गया। एच.पी.सी. प्रणाली में उपयोग के लिए 100 जी.बी.पी.एस. संचार गति तथा विश्व स्तरीय प्रदर्शन देने वाला एक अगली पीढ़ी एच.पी.सी. अपवार्ड स्केलेबल वाला नेटवर्क "त्रिनेत्र", एन.एस.एम. के तहत सी-डैक में चर्चा का मुख्य विषय है। सी-डैक ने देश में सुपरकंप्यूटिंग क्रांति को प्रसारित करते हुए एक अगला कदम उठाया तथा अपने परम शावक - बॉक्स समाधानों में सुपरकंप्यूटर के किफायती रेंज के माध्यम से इसे वैज्ञानिक एवं शैक्षिक समुदाय में अग्रसर किया। इसके द्वारा डीप लर्निंग अनुप्रयोगों में अनुसंधान के लिए परम शावक डीएल जीपीयू प्रणाली नामक एक नए प्रकार का शुभारंभ हुआ। क्लाउड कंप्यूटिंग परिवेश के लिए सुमेघा क्लाउड बिल्डर एवं मेघदूत - सॉफ्टवेयर सूइट संवर्धित किए गए। स्वास्थ्य सेवा विश्लेषिकी एवं चावल जिनोम विश्लेषण के लिए बिग डेटा विश्लेषिकी फ्रेमवर्क विकसित किए गए। वर्ष के दौरान, तीन उपकरण, नामतः ड्रग विजुएलाइजेशन के लिए डिपिक्ट (डी.पी.आई.सी.टी.), ड्रग स्क्रीनिंग के लिए मोज़ेक (एम.ओ.एस.ए.आई.सी.) तथा जीन में कारणत्व की प्रक्रिया की पहचान के लिए न्यूरॉन (एन.ई.यू.आर.ओ.एन.) का शुभारंभ किया गया।

सी-डैक ने बहु-भाषी एवं विरासत कंप्यूटिंग के क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखा। किसानों हेतु सूक्ष्म जलवायु मौसम डेटा के प्रसार के लिए एक वेब पोर्टल तथा मोबाइल ऐप्प का शुभारंभ श्री रणधीर कुमार सिंह, माननीय कृषि, पशुपालन एवं सहकारी मंत्री, झारखंड सरकार द्वारा किया गया। बंगाली भाषा में टेलीफोन/ मोबाइल के जरिए कृषि-वस्तु मूल्य प्रसार प्रणाली का परिनियोजन सिंगुर, प. बंगाल में किया गया। सी-डैक के स्थानीयकरण परियोजना प्रबंधन फ्रेमवर्क (एल.पी.एम.एफ.) समाधान के उपयोग से कई सरकारी वेबसाइटों का स्थानीयकरण किया गया। सी-डैक द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए विकसित सामग्री प्रबंधन प्रणाली का उपयोग, वर्ष के दौरान बड़े पैमाने पर विधान सभा में 2000 पुस्तक कार्यवाहियों और 2500 घंटे के वीडियो के डिजिटलीकरण के लिए किया गया।

ई.एस.डी.एम. की राष्ट्रीय नीति के साथ संरेखित, सी-डैक द्वारा विशिष्ट इलेक्ट्रानिक्स में उन्नत समाधानों का विकास जारी रहा। स्वदेश में विकसित ए.एस.आई.सी. के उपयोग से तरंग - सी-डैक के डिजिटल प्रोग्राम योग्य हियरिंग ऐड की 50,000 से अधिक इकाइयों की आपूर्ति कई सरकारी योजनाओं के तहत की गई है। उन्नत संवेदनशीलता एवं प्रदर्शन प्रदान करते हुए वी/यू.एच.एफ. बैंड में एक कॉम्पैक्ट एफ.एम. रिसिवर प्रणाली को प्रमुख सरकारी एजेंसियों को दिया गया है। उन्नत मीटरिंग अवसंरचना (ए.एम.आई.) के लिए भारतीय मानक के अनुसार राष्ट्रीय पावर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी (NaMPET) प्रोग्राम मिशन के तहत सी-डैक द्वारा स्मार्ट ऊर्जा मीटर प्रौद्योगिकी विकसित

की गई है। लिनक्स आधारित प्रचालन प्रणालियों के लिए विकसित समाधान, जैव सुरक्षा लॉगिन को डेस्कटॉप के लिए सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत के साथ लागू किया गया है, जिसमें ऑपरेटर के बायोमेट्रिक्स की पुष्टि, स्मार्ट कार्ड प्रमाणीकरण और पिन पुष्टि को डाला गया है। अग्नि पहचान, डेटा लॉगिंग एवं जल्दी चेतावनियों के संचार के लिए विभिन्न वाई-फाई आधारित समाधान विकसित किए गए हैं।

बड़े स्तर पर समाज को लाभ पहुँचाते हुए सी-डैक ने विभिन्न सॉफ्टवेयर समाधानों का विकास जारी रखा। उत्तर-पूर्व राज्यों के लिए केंद्रीकृत ई-नीलामी पोर्टल का शुभारंभ श्री सोमनाथ पोउदयाल, माननीय खाद्य सुरक्षा एवं कृषि विकास मंत्री, सिक्किम सरकार द्वारा संपन्न हुआ। इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मत प्रणाली (ई.टी.पी.बी.एस.) का प्रायोगिक परीक्षण कार्यान्वयन यूपी, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा एवं मणिपुर राज्य के आम चुनावों में किया गया। ऑनलाइन लैब्स (ओ-लैब्स) के रोलआउट के लिए कार्यशालाएँ/ प्रशिक्षण आयोजित किए गए तथा ई-बस्ता पोर्टल पर कुल 1768 पुस्तकों को प्रकाशित किया गया। अतिरिक्त विशेषताओं के साथ विकासपीडिया पोर्टल को संवर्धित किया गया और 434 कार्यशालाएं आयोजित की गईं। मोबाइल सेवा प्लेटफार्म के उपयोग से 3576 राज्य सरकार के विभागों को एकीकृत किया गया। ई-प्रमाण, सी-डैक की राष्ट्रीय ई-प्रमाणीकरण सेवा के उपयोग से 110 सेवाएँ एकीकृत की गईं तथा 1,72,67,783 लेनदेन पूरे किए गए। ई-हस्ताक्षर सेवा का लाभ उठाने के लिए सी-डैक द्वारा विभिन्न सरकारी एवं निजी एजेंसियों के साथ एकीकरण किया गया तथा 26 एजेंसियों को लगभग 10 लाख हस्ताक्षर दिए गए थे। सी-डैक द्वारा ई.पी.एफ.ओ. के लिए एकीकृत पोर्टल विकसित और संचालित किया गया है, जो 6 लाख संस्थापनों के लगभग 40 मिलियन सक्रिय सदस्यों के लिए लेन-देन का प्रबंधन कर रहा है। सी-डैक ने सिक्किम में सैंसर आधारित ग्लेशियल झील आउटबर्स्ट बाढ़ प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित और परिनियोजित की। कई सरकारी एजेंसियों में भारत ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर समाधान (बॉस) एवं इसके रुपांतरों को परिनियोजित किया गया।

साइबर सुरक्षा एवं साइबर फोरेंसिक सी-डैक में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बना हुआ है। एंड्रायड डिवाइसों के लिए एम-कवच नामक एकव्यापक मोबाइल डिवाइस सुरक्षा समाधान को गूगल प्लेस्टोर पर रखा गया है और इसके लगभग एक लाख डाउनलोड किए जा चुके हैं। भेद्यता आकलन एवं प्रवेश परीक्षण (वी.ए.पी.टी.) सेवाओं को लगभग 120 संगठनों में विस्तारित किया गया। सी-डैक द्वारा एलईए और दिए गए प्रशिक्षण के लिए अपने संवर्धित साइबर फोरेंसिक उपकरणों का परिनियोजन जारी रखा गया। सूचना सुरक्षा शिक्षा एवं जागरूकता (आईएसईए) पहल के भाग के रूप में 17 उन्नत संकाय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं 41 उद्योग आधारित कार्यशालाएँ आयोजित की गईं जिसमें 1383 प्रतिभागी शामिल हुए, 48 अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए गए जिसमें 1561 लोगों की प्रतिभागिता हुई तथा 81 सरकारी कार्यालयीन प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिसमें 2346 कर्मियों ने प्रतिभागिता की।

अपने स्वास्थ्य सूचना विज्ञान समाधानों के राष्ट्रीय कार्यान्वयन के भाग के रूप में, सी-डैक द्वारा बिहार, मणिपुर, मेघालय, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्यों में ई-औषधि (औषधि आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन समाधान) के परिनियोजनों को प्रारंभ किया गया। सी-डैकद्वारा "डिजिटल समावेशी एवं स्मार्ट समुदाय (डी.आई.एस.सी.)" नामक परियोजना के तत्वावधान में तीन टेलीमेडिसिन उप नेटवर्क स्थापित किए गए, जो भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक भाग है। सी-डैक द्वारा कुष्ठ रोग और मधुमेह की निगरानी और निदान के लिए समाधान विकसित किए गए हैं। सी-डैक द्वारा मैक्सिलो-फेशियल सर्जरी योजना एवं सिमुलेशन प्रणाली का विकास भी प्रारंभ किया गया। सी-डैक द्वारा भारत में 192 SNOMED CT टूलकिट सहबद्ध लाइसेंस प्रदान किए गए तथा विक्रेताओं और अस्पतालों को सीधे कार्यान्वयन समर्थन दिया गया।

शिक्षा में पहलों के भाग के रूप में, सी-डैक के ऑनलाइन परीक्षाओं के प्रबंधन के लिए स्वचालन उपकरणों का उपयोग गेट 2017 परीक्षा के 10 लाख से अधिक अभ्यर्थियों तथा जैम 2017 परीक्षा के 60000 अभ्यर्थियों द्वारा किया गया। सी-डैक द्वारा इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.) एवं उन्नत क्षमता कंप्यूटिंग (एच.पी.सी.) के क्षेत्रों में नए स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया है। सी-डैक द्वारा वर्ष के दौरान अपने एम.टेक कार्यक्रमों, पी.जी. डिप्लोमा कार्यक्रमों तथा अन्य प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रस्तुति जारी रखी गई।

उपरोक्त वर्णित गतिविधियों के परिणामस्वरूप अनेकों अनुसंधान पत्र प्रकाशित हुए हैं और पेटेंट, पुरस्कार एवं सम्मान मिले हैं तथा भारत और विदेशों में कई शैक्षिक संस्थानों के साथ नए सहयोग बने हैं और इस प्रकार से एक संपन्न अनुसंधान एवं विकास पारिस्थितिकी-प्रणाली को बनाए रखने के लिए जीवंत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान किया गया है। इस वार्षिक रिपोर्ट में संगठन की विशेषज्ञता एवं क्षमताओं को दर्शाते हुए वर्ष 2016-17 के दौरान की सी-डैक की उपलब्धियों एवं प्रमुख गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है।

विषयगत क्षेत्रों में प्रमुख गतिविधियाँ

उन्नत सक्षम कंप्यूटिंग (एचपीसी), ग्रिड कंप्यूटिंग एवं क्लाउड कंप्यूटिंग

सी-डैक एचपीसी प्रणालियों एवं सुविधाओं, एचपीसी सिस्टम सॉफ्टवेयर, एचपीसी अनुप्रयोगों, एचपीसी समाधान एवं सेवाओं, ग्रिड कंप्यूटिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग एवं बिग डेटा के क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों में गंभीरतापूर्वक लगा हुआ है। 2015 में आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) द्वारा "राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन" (एनएसएम) के अनुमोदन से एचपीसी की गतिविधियों, विशेषकर एचपीसी में अवसंरचना विकास, अनुसंधान व विकास, अनुप्रयोग एवं मानव संसाधनों को काफी बल मिला है। वर्ष 2016-17 के दौरान इस संबद्ध क्षेत्र में सी-डैक द्वारा संपादित गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी नीचे दी गई है।

राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम)

कुछ टेराफ्लॉप प्रदर्शन वाली वर्कस्टेशन श्रेणी से शुरु होकर 100 टेराफ्लॉप प्रदर्शन वाले एकल रैक मध्य श्रेणी की स्वयं निहित प्रणालियों से लेकर 10 पेटाफ्लॉप प्रदर्शन वाली उच्च श्रेणी प्रणालियों का मापनीय अवसंरचना के साथ निर्माण करने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है।

भारत सरकार के "मेक इन इंडिया" पहल के समर्थन में कम से कम 70 प्रणालियों में से आधे को चरणबद्ध तरीके से स्वदेशी एचपीसी प्रौद्योगिकियों, उत्पादों एवं समाधानों के विकास द्वारा "Build Approach" के उपयोग से लगाने की योजना है। सी-डैक सभी चरणों को एक साथ प्रारंभ करने के लिए चरणबद्ध तरीके से (चरण एक- भारत में एसेंबली, चरण दो- भारत में विनिर्माण, चरण तीन- भारत में डिजाइन एवं विनिर्माण) स्वदेश में प्रणालियों को बनाने के लिए उत्तरदायी है। सी-डैक ने नवीनतम प्रौद्योगिकियों के मूल्यांकन और सॉफ्टवेयर घटकों के परीक्षण के लिए एचपीसी टेस्टबेड की बुनियादी संरचनाओं को बनाने का काम प्रारंभ कर दिया है।

एचपीसी इंटरकनेक्शन नेटवर्क (एचआईएन) एचपीसी प्रणालियों का एक महत्वपूर्ण और जटिल घटक है। सी-डैक ने एक अगली पीढ़ी एचपीसी नेटवर्क "त्रिनेत्र" को विकसित करना प्रारंभ किया है, जो एचपीसी प्रणालियों में उपयोग के लिए विश्व स्तरीय प्रदर्शन देते हुए उच्च गति के लिए मापनीय है। एचआईएन के विकास में कई हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर घटक शामिल हैं। सी-डैक ने हार्डवेयर के विकास के अलावा, मुक्त स्रोत सॉफ्टवेयर के उपयुक्त संशोधन, निर्माण एवं अनुकूलन के उपयोग से जटिल सिस्टम सॉफ्टवेयर घटकों और उपकरणों का विकास भी प्रारंभ कर दिया है। मिशन में एचपीसी अनुप्रयोगों के विकास में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तथा जटिल एचपीसी प्रणालियों के प्रबंधन, निगरानी व संचालन के लिए सभी स्तरों पर एचपीसी-जागरूक मानव संसाधनों में क्षमता निर्माण शामिल है। सी-डैक वर्ष में दो बार एचपीसी प्रणाली प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा (एचपीसीएसए) संचालित करता है तथा साथ ही संकाय विकास कार्यक्रमों को संचालित करने में योगदान करता है।

उन्नत सक्षम कंप्यूटिंग (एचपीसी)

एचपीसी प्रणालियाँ एवं सुविधाएँ

परम युवा II

सी-डैक की राष्ट्रीय परम सुपरकंप्यूटिंग सुविधा (एनपीएसएफ) के 2013 में अपने शुभारंभ के बाद से परम युवा II का उपयोग वैज्ञानिकों एवं अभियंताओं द्वारा अपने अनुसंधान संबंधी गतिविधियों के लिए बड़े पैमाने पर किया गया है। **मार्च 2017 तक परम युवा II द्वारा 2,25,000 से अधिक जॉब संसाधित किए गए हैं। 90 संस्थानों के 188 पीएचडी छात्रों सहित लगभग 940 उपयोगकर्ताओं ने बड़े स्तर पर क्रॉस कार्यात्मक डोमेनों को शामिल करते हुए अपने वैज्ञानिक शोध के लिए परम युवा II पर अपने जॉब निष्पादित किए।** परम युवा II का उपयोग पूरे वर्षभर अनुसूचित रखरखाव अवधियों को छोड़कर काफी अच्छा रहा, जैसा कि नीचे के चित्र में दिखाए गए सीपीयू उपयोग से देखा जा सकता है।



परम युवा II का सीपीयू उपयोग (1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017 तक)



पूरे अनुप्रयोग डोमेन में जॉब साइज (सीपीयू कोर)

परम शावक डीएल जीपीयू प्रणाली - बॉक्स में सुपरकंप्यूटर

"परम शावक डीएल जीपीयू प्रणाली" को शैक्षिक संस्थानों एवं शोध संस्थानों के लिए डिजाइन किया गया है, जो जीपीयू त्वरित मशीन लर्निंग अनुप्रयोगों, बिग डेटा समस्याओं (कंप्यूटर विज़न, स्पीच रिकॉगनिशन, नैसर्गिक भाषा संसाधन और जीवन विज्ञान) और कृत्रिम बुद्धि के लिए डीप लर्निंग तकनीकों का उपयोग करती है। nVIDIA पास्कल अवसंरचना के उपयोग से यह प्रणाली डीप लर्निंग वर्कलोडों और संवर्धित अनुप्रयोग मापनीयता के लिए 25 टेराफ्लाप तक एकल सटीक प्रदर्शन प्रदान करती है। **परम शावक डीएल जीपीयू प्रणाली का शुभारंभ सी-डैक के 30वें स्थापना दिवस के दौरान 27 मार्च 2017 को पुणे में हुआ था।**



परम शावक डीएल जीपीयू प्रणाली

आईआईटी गुवाहाटी में क्षमता निर्माण एवं उच्च स्तरीय कंप्यूटेशनल अनुसंधान के लिए सुपरकंप्यूटिंग सुविधा

सी-डैक द्वारा आईआईटी गुवाहाटी में उन्नत कंप्यूटेशनल शैक्षिक/ अभियांत्रिकी अनुसंधान के लिए परम ईशान सुपरकंप्यूटिंग सुविधा की स्थापना की गई। **परम ईशान की उत्कृष्ट कंप्यूट पावर लगभग 250 टीएफ है और उन्नत प्रदर्शन स्टोरेज 300 टेराबाइट है। इसका शुभारंभ 19 सितंबर 2016 को श्री प्रकाश जावड़ेकर, माननीय केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा किया गया।** वर्तमान में इसका उपयोग आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं और सी-डैक के उपयोगकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।

परम ईशान सुपरकंप्यूटिंग सुविधा

विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के लिए एचपीसी, क्षमता निर्माण एवं अत्याधुनिक कंप्यूटेशनल अनुसंधान, एनआईटी, सिक्किम

सी-डैक द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), सिक्किम में उन्नत प्रौद्योगिकियों के साथ क्षमता निर्माण एवं उन्नत कंप्यूटेशनल अनुसंधान के लिए कंप्यूटेशनल संसाधन केंद्र की स्थापनी की गई। केंद्र का 40 टीबी स्टोरेज के साथ 15 टीएफ का उत्कृष्ट प्रदर्शन है। इसका शुभारंभ सिक्किम के माननीय राज्यपाल, श्री श्रीनिवास पाटिल द्वारा 14 अप्रैल 2016 को एनआईटी सिक्किम, रावंगला में किया गया। एनआईटी सिक्किम में एचपीसी और समांतर प्रोसेसिंग पर 4 कार्यशालाएँ भी आयोजित की गईं।

तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर, असम में सुपरकंप्यूटिंग केंद्र की स्थापना

सी-डैक ने तेजपुर विश्वविद्यालय में हाइब्रिड प्रौद्योगिकी आधारित एचपीसी सुविधा की स्थापना की। इस सुविधा में उन्नत त्वरक प्रौद्योगिकियों के सहित 2 परम शावकों के उपयोग से 12 टीएफ कंप्यूटर पावर है। सी-डैक द्वारा तेजपुर विश्वविद्यालय में दो कार्यशालाएँ भी आयोजित की गईं और उसके साथ एचपीसी सुविधा का शुभारंभ अगस्त 2016 में किया गया।

जैवसूचना संसाधनों एवं अनुप्रयोग सुविधाओं का विकास एवं उपयोग

सी-डैक द्वारा अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर के साथ डेटाबेसों, सॉफ्टवेयर एवं हाई-इंड कंप्यूटिंग संसाधनों के रखरखाव सहित जीनोम विश्लेषण, आणविक मॉडलिंग एवं सिस्टम जीवविज्ञान के क्षेत्र में सेवाएँ प्रदान करने के लिए जैवसूचना संसाधन एवं अनुप्रयोग सुविधा (बीआरएएफ) स्थापित की गई है। बीआरएएफ कंप्यूटिंग सुविधा अन्य संस्थानों के बीच आईआईटी, विश्वविद्यालयों और सरकारी प्रयोगशालाओं के 150 से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदान कर रही है। क्लाउड आवश्यकता को पूरा करने के लिए MOPAC जैसा एकअर्ध-अनुभवजन्य कोड को विकसित किया गया और एसएएएस के रूप में क्लाउड टेस्टबेड पर परिनियोजित किया गया। बीआरएएफ कंप्यूटेशनल जीवविज्ञान, डॉक्टरेट एवं पोस्ट-डॉक्टरेट फेलोशिप में बेसिक और एप्लाइड अनुसंधान के संवर्धन की सुविधा देता है। भारत में जैवसूचना उद्योग के संवर्धन वाली पहलों में से यह एक है, जिसने भारतीय औधषि क्षेत्र में जीनोम आधारित औषधि खोज में योगदान दिया है।

एचपीसी सिस्टम सॉफ्टवेयर

एनएसएम पेटास्केल प्रणालियों के लिए सिस्टम सॉफ्टवेयर विकास

एनएसएम परियोजना के भाग के रूप में एक प्रणाली सॉफ्टवेयर प्रयोगशाला (एनएसएम-एसएसएल) परिकल्पित है।



एनएसएम एचपीसी प्रणालियों के लिए प्रणाली सॉफ्टवेयर स्टैक

एनएसएम एचपीसी क्लस्टरों के लिए निम्न सॉफ्टवेयर विकास के अधीन हैं-

- सुपरिक्षण (एचपीसी क्लस्टरों की निगरानी एवं प्रबंधन)- क्लस्टर के सामान्य कार्य और त्वरित सुधार को सुनिश्चित करने के लिए यह बड़े सुपरकंप्यूटरों के महत्वपूर्ण पैरामीटरों की निगरानी करता है, मैट्रिक्स के विश्लेषण में सक्षम बनाता है, सर्विस डिग्रेडेशन का पता लगाता है और चेतावनियाँ जारी करता है।
- ParaDE (हाइब्रिड समांतर प्रोग्राम विकास के लिए एकीकृत विकास परिवेश)- यह कार्य को बताने या डेटा वियोजन, प्रोसेसरों और संचय से मैपिंग करने के लिए MPI, OpenMP, CUDA/OpenCL जैसे कई प्रोग्रामिंग पैराडाइमों के उपयोग से हाइब्रिड समांतर प्रोग्रामों को विकसित करने के लिए यह अनुप्रयोग विकासकों के लिए एक एकीकृत परिवेश प्रदान करता है।
- पीएमएसी (पावर निगरानी एवं नियंत्रण उपकरण)- यह एक एजेंट-आधारित पावर निगरानी एनं नियंत्रण उपकरण है, जो वास्तविक-समय में अनुप्रयोगों, नोडों एवं क्लस्टर के पावर खपत को रिपोर्ट करता है तथा अनुप्रयोगं के पावर प्रोफाइल और इष्टतम ऑपरेटिंग बिंदुओं के आधार पर पावर को प्रबंधित करता है।
- ईईआरटी (ऊर्जा कुशल पुनर्निर्धारण उपकरण): एक गतिशील पुनर्निर्धारण उपकरण, जो क्लस्टर स्टेट पर आधारित मुख्य उपयोग को अधिकतम बढ़ाकर और अप्रयुक्त नोडों को बंद करके संपूर्ण ऊर्जा खपत को कम करता है।
- सी-बीडीएसएस- यह अनुप्रयोग विकासकों के लिए एक सी-डैक बिग डेटा सॉफ्टवेयर सूइट है।

एमएल स्टैक - विषम एचपीसी क्लस्टरों पर एक मापनीय मशीन लर्निंग फ्रेमवर्क

सी-डैक का मशीन लर्निंग स्टैक (एमएलस्टैक) अत्याधुनिक मुक्त स्रोत मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग उपकरणों एवं फ्रेमवर्कों का एक स्वचालित एकीकरण है, जो आसानी और सरलता से आधुनिक कंप्यूटिंग अवसंरचना पर परिनियोजनों की सुविधा प्रदान करता है। इसका उद्देश्य उन नवीनतम कंप्यूटिंग फ्रेमवर्कों (Hadoop, Spark, MPI, OpenMP, CUDA आदि) पर मौजूदा उपकरणों के पूर्ण शक्ति का लाभ उठाने के लिए नए उपयोगकर्ताओं को सक्षम बनाना है, जो सूचित निर्णयों के पथ को गति प्रदान करते हैं। एमएलस्टैक विषम एचपीसी संसाधनों पर बिग डेटा प्रौद्योगिकियों को मिश्रित करेंगे, जो तदर्थ डेटा अंवेषण, खोज और विश्लेषण के लिए संवर्धित गति और लचकता के साथ संरचित, अनसंरचित और स्ट्रीमिंग डेटा के लिए अच्छी तरह से अनुकूल हैं। एमएलस्टैक को एपीआई/लाइब्रेरियों के रूप में विषम एचपीसी क्लस्टरों पर उपलब्ध कराया जाएगा।



विषम एचपीसी क्लस्टर पर सी-डैक मशीन लर्निंग स्टैक

एचपीसी अनुप्रयोग

वास्तविक समय मौसम प्रणाली (आरटीडब्लूएस)

अनुमान *(http://rtws.cesgroup.in/)* में वास्तविक समय में दैनिक परिचालनीय मौसम उत्पाद शामिल हैं। **यह लगभग 50000 स्थानों पर रोज और लगभग 6-घंटे मौसम पूर्वानुमान के साथ भारतीय उपमहाद्वीप में उच्च-स्थिरता (12x4 किमी ग्रिड) मौसम सिमुलेशन प्रदान करता है।** सी-डैक के परम युवा-II के उपयोग से प्रतिदिन वास्तविक समय परिचालनीय पूर्वानुमान संपन्न किए जाते हैं। चक्रवात रोआनु 17 मई 2016 को बना था तथा 23 मई 2016 को नष्ट हुआ था। केस को वास्तविक समय मौसम प्रणाली डेटा के साथ सिमुलेट किया गया। ट्रैक पूर्वानुमान को मॉडल द्वारा अच्छी तरह से सिमुलेट किया गया। अनुमान के परिणाम भी माइक्रो क्लाइमेट डेटा प्रदान करने के लिए उपयोग हो रहे हैं, जो किसानों के लिए बहुत उपयोगी है।



वास्तविक समय मौसम प्रणाली द्वारा चक्रवात रोआनु की ट्रैकिंग

मौसमी मानसून पूर्वानुमान

2005 से, सी-डैक डीएसटी के विस्तारित रेंज मानसून पूर्वानुमान कार्यक्रम के साझेदारों में से एक है। यह राष्ट्रीय पर्यावरण पूर्वानुमान केंद्र (एनसीईपी) T170/L42 वैश्विक मॉडल के उपयोग से भारतीय गर्मी मानसून के विस्तारित रेंज पूर्वानुमान जारी करता है। मई परिस्थितियों के प्रयोग से वर्ष 2016 के लिए मौसमी गर्मी मानसून पूर्वानुमान को आधिकारिक मानसून पूर्वानुमान के लिए भारतीय मौसम विभाग के साथ साझा किया गया है।

केरल राज्य के कृषि पारिस्थितिकीय इकाइयों के लिए शॉर्ट रेंज मौसम सूचना

सी-डैक ने केरल राज्य के सभी जिलों के कृषि पारिस्थितिकीय इकाइयों के लिए शॉर्ट रेंज वास्तविक समय मौसम पूर्वानुमान *(https://www.rtws.cesgroup.in/kaalavastha)* स्वचालित किया है। दैनिक मौसम पूर्वानुमान 640 कोर परम युवा-II पर सिमुलेट हो रहे हैं। कृषि सलाहकार जानकारी प्रणाली को कृषि वैज्ञानिकों और मौसम विज्ञानियों के सहयोग से पूर्वानुमानित मौसम के आधार पर तैयार किया गया है तथा कालवस्थ पोर्टल के माध्यम से इसे प्रत्येक जिले के लिए उपलब्ध कराया गया है।

नजदीकी वास्तविक समय शहरी बाढ़ पूर्वानुमान

आईआईटी बांबे के सहयोग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के समर्थन से सी-डैक ने जल विज्ञान मॉडलिंग प्रणाली के साथ क्षेत्रीय मौसम मॉडल के उपयोग से मुंबई में शहरी बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली का विकास प्रारंभ किया है। WRF-UCM मॉडल का संवेदनशीलता विश्लेषण परम युवा-II पर सेटअप किया गया था तथा भारी वर्षा मामलों का सिमुलेशन संपन्न किया गया था।

भारतीय शहरों में वर्तमान और भविष्यगत भारी वर्षा पर शहरीकरण का प्रभाव

इस पहल का उद्देश्य आने वाले कुछ वर्षों में विभिन्न मौसम संबंधी आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता पर बढ़ते शहरीकरण के प्रभावों को लेकर है। एक युग्मित मॉडल WRF-UCM को परम युवा-II के लिए अपनाया जा रहा है ताकि शहरी क्षेत्रों में उपयोग की भूमि में बदलाव के कारण शहरीकरण के दीर्घकालिक प्रभाव के आकलन के लिए एक उपकरण स्थापित किया जा सके।

पनोरमा - जीआईएस आधारित समुद्री दृश्य और पूर्वानुमान प्रणाली

सी-डैक इष्टतम यात्रा योजना के लिए उच्च स्थिरता मौसम पूर्वानुमानों के साथ समुद्री पोत प्रदान करने के लिए "Marine Forecast and Visualisation System - Panorama" नामक सॉफ्टवेयर विकसित कर रहा है। संपूर्ण स्वचालित सिस्टम में एकाधिक स्रोतों से वास्तविक समय डेटा डाउनलोड, डेटाबेस प्रबंधन, अत्याधुनिक डेटा कंप्रेशन, बहु-पैरामीटर विजुएलाइजेशन, चरम घटना विश्लेषण, एलर्ट और वास्तविक समय डेटा प्रसार है। इसे विभिन्न आकस्मिक घटनाओं के जरूरी पूर्वानुमान के लिए भूमि आधारित इंस्टालेशनों के लिए भी अनुरूपित किया जा सकता है।

डीपीआईसीटी विजुएलाइजर - औषधि खोज में सहायता के लिए उपकरण

डीपीआईसीटी विजुएलाइजर सी-डैक द्वारा विकसित एक स्टैंडअलोन अनुप्रयोग है, जो औषधि खोज में सहायक है। यह शोधकर्ताओं को त्वरित और कुशल तरीके से एकाधिक सिमुलेशन प्रक्षेपवक्र डेटा को देखने की सुविधा देता है। इसकी मुख्य विशेषता है, एक साथ एकाधिक प्रक्षेपवक्र फाइलों को इस प्रकार लोड करना कि उन्हें एक साथ देखा जा सके और उनपर ऑपरेशन किया जा सके। यह अनुप्रयोग AMBER और GROMACS प्रक्षेपवक्र फार्मेटों का समर्थन करता है तथा रिबन, कार्टून एवं वायर प्रतिपादन विकल्पों में आणविक संरचना को देखने के लिए pdb फाइलों को लोड कर सकता है। उपयोगकर्ता की रुचि अनुसार संरचनाओं के लिए विभिन्न कलर कोडिंग योजनाओं को भी इसमें दिया गया है।

कारण रीजनिंग के उपयोग से नेटवर्क संबंध (NEURON)

NEURON सी-डैक द्वारा विकसित एक उपकरण है, जो जीन नियामक नेटवर्क प्राप्त करने पर केंद्रित है। एक जीन नियामक नेटवर्क, जीन/अणुओं और उनके इंटरैक्शन का संग्रह है जो साथ-साथ अपनी कार्य क्षमता को नियंत्रित करते हैं। NEURON उपयोग में आसान इंटरफ़ेस प्रदान करता है तथा जीन में कारण की पहचान की प्रक्रिया, कारण का संबंध तथा प्रभाव को समझने में शोधकर्ताओं की मदद करता है। यादृच्छिक डेटा सेटों से व्युत्पन्न बहुपक्षीय गुणांकों के उपयोग से पूर्वानुमानों के सांख्यिकीय महत्व को परखा गया है। NEURON का उपयोग भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से चावल फसल के 70000 प्रजातियों के अध्ययन में उपयोग किया है। **DPICT Visualizer और NEURON का शुभारंभ पुणे में 17-19 जनवरी 2017 के दौरान आयोजित "Accelerating Biology 2017: Delivering Precision" में किया गया था।**

क्लाउड में आणविक संरचना जनरेटर (एमओएसएआईसी)

सी-डैक द्वारा विकसित एमओएसएआईसी एक ओपनस्टैक क्लाउड आधारित गठनात्मक खोज उपकरण है जो अर्ध-अनुभवजन्य विधि के उपयोग से समांतर मोड में हितकारी जैविक अणुओं के संभावित ऊर्जा सतह का पता लगाता है। यह उपकरण टार्गेट ड्रग लाइगैंडों का पता लगाने के लिए उपयोगी है। टॉर्सन एंगल ड्राइवेन रचनात्मक खोज विधि ड्रग खोज और लक्षित केमिकल होस्टों सहित रासायनिक डिजाइन अनुप्रयोगों की शृंखला में उपयोगी है। मोज़ेक (एमओएसएआईसी) में सॉफ्टवेयर एज ए सर्विस (एसएएएस) प्लेटफार्म पर जेव सूचना समुदाय के लिए आसान इंटरफ़ेस है। मोज़ेक का शुभारंभ 27 मार्च 2017 को पुणे में सी-डैक के 30वें स्थापना दिवस के दौरान किया गया था।



एमओएसएआईसी - क्लाउड आधारित गठनात्मक खोज उपकरण

एचपीसी समाधान एवं सेवाएँ

वर्ष के दौरान, सी-डैक ने एचपीसी समाधान परिनियोजित किए एवं विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के लिए एचपीसी संबंधी सेवाएँ प्रदान किए। कुछ परिनियोजनों के संबंध में विवरण नीचे दिया गया है।

- **सी-डैक ने विदेश मंत्रालय के साथ समझौते के तहत नेल्सन मंडेला अफ्रीकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एनएमएआईएसटी), आरुशा, तंजानिया में "PARAM Kilimanjaro" नामक एचपीसी सुविधा परिनियोजित की।** संगत बैकअप सॉफ्टवेयर एवं बैकअप सर्वर के साथ इसमें 14 टीएफ कंप्यूटिंग पावर और 100 टीबी भंडारण है। PARAM Kilimanjaro का शुभारंभ प्रो. जोयस नाडलिचाको, माननीय शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, तंजानिया द्वारा 18 जुलाई 2016 को किया गया। एचपीसी और समांतर प्रोग्रामिंग पर एक उन्नत कार्यशाला भी एनएमएआईएसीटी, आरुशा, तंजानिया में आयोजित की गई।
- सी-डैक द्वारा पूरे देश में कई परम शावक प्रणालियां परिनियोजित की गईं। उल्लेखनीय परिनियोजन मणिपाल विश्वविद्यालय मणिपाल, मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर, तेजपुर विश्वविद्यालय, जाधवपुर विश्वविद्यालय एवं सीवी रमण अभियांत्रिकी महाविद्यालय में किए गए हैं।

एचपीसी पर प्रशिक्षण/ कार्यशाला

एचपीसी में अनुसंधान व विकास को मजबूती प्रदान करने के लिए उत्तर-पूर्व भारत के छात्रों के लिए इंटर्नशिप योजना के माध्यम से क्षमता निर्माण

सी-डैक ने असम (एनआईटी सिलचर, असम विश्वविद्यालय, तेजपुर विश्वविद्यालय, असम अभियांत्रिकी महाविद्यालय), मेघालय (नार्थ इस्टर्न हिल यूनिवरसिटी, एनआईटी मेघालय), सिक्किम (एनआईटी सिक्किम), त्रिपुरा (एनआईटी अगरतला) सहित उत्तर-पूर्व राज्यों में एचपीसी में सुविधाएँ स्थापित की है तथा एचपीसी प्रणाली के सही उपयोग के लिए उत्तर-पूर्व क्षेत्र में छात्रों को सक्षम करने के लिए समांतर कंप्यूटिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया है। उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों में एचपीसी में कई सुविधाएँ परिनियोजन के अधीन हैं।

क्लाउड, ग्रिड कंप्यूटिंग एवं बिग डेटा

क्लाउड कंप्यूटिंग

सुमेघा क्लाउड बिल्डर

सुमेघा क्लाउड बिल्डर, निजी क्लाउड निर्माण के लिए स्वतः क्लाउड स्टैक इंस्टाल करने के लिए एक उपकरण है। सुमेघा क्लाउड बिल्डर को क्लाउड मिडिलवेयर ओपनस्टैक समर्थन के साथ बढ़ाया गया था। ओपनस्टैक के मिटाका संस्करण को CentOS 7.2 और एमपीआई और हडूप कलस्टरिंग के उपयोग से Scicloud टेस्टबेड मशीन पर इंस्टॉल किया गया तथा क्लाउड के लिए जॉब सब्मिशन पोर्टल के माध्यम से कलस्टरिंग और जॉब के सब्मिशन को पूरा किया गया।

सुमेघा क्लाउड बिल्डर

मेघदूत - क्लाउड कंप्यूटिंग परिवेश बनाने के लिए सॉफ्टवेयर सूइट

मेघदूत एक व्यापक सॉफ्टवेयर सूइट है, जो कि क्लाउड कंप्यूटिंग परिवेश बनाने के लिए सी-डैक द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। इसकी मुख्य विशेषताओं में सेवा प्रावधान एवं परिनियोजन, वेब सेवाओं के माध्यम से प्रबंधन में आसान एवं बढ़ी हुई सुरक्षा आदि शामिल है। यह क्लाउड का सरलीकृत ग्राफिकल इंस्टालेशन एवं कॉन्फिगरेशन, संपूर्ण निगरानी, मीटरिंग, संसाधन एवं सेवाओं का सरलीकृत प्रबंधन, पारेषण में डेटा पर ध्यान देते हुए सुरक्षा विशेषताओं का सम्मिलन, डेटा एट रेस्ट, बहुस्तरीय प्रमाणीकरण एवं प्राधिकरण, सभी सेवाओं एवं संसाधनों की उच्च उपलब्धता, बैकअप तथा आपदा रिकवरी समाधान आदि भी प्रदान करता है। **वर्ष के दौरान, युकलिप्टुस आधारित मेघदूत क्लाउड परिवेश को तमिलनाडु राज्य डेटा केंद्र, चेन्नई में ओपनस्टैक आधारित मेघदूत क्लाउड परिवेश के साथ संवर्धित किया गया। ग्रीन मिनी डेटा सेंटर (जीएमडीसी), सबरकांता जिला पंचायत, हिम्मतनगर में मौजूदा क्लाउड परिवेश के लिए प्रबंधन, अनुरक्षण एवं समर्थन संबंधी गतिविधियाँ संपन्न की गईं।**

एक सेवा के रूप में ओपन स्टैक आधारित अवसंरचना (आईएएएस) सुविधा

सेवाओं एवं अनुसंधान के लिए एक अत्याधुनिक कंप्यूटिंग एवं भंडारण अवसंरचना कोलकाता केंद्र में परिनियोजित की गई, जिसमें 8 high density रैकों, 45 TB SAN भंडारण की सुविधा के साथ Tier II डेटा सेंटर तथा फॉयरवाल, 10 Gbps बैकबोन वाले राउटर सहित नेटवर्किंग उकरण शामिल हैं।

राष्ट्रीय ग्रिड कंप्यूटिंग पहल (गरुड़ा)

गरुड़ा (वितरित अवसंरचना के उपयोग से वैश्विक अधिगम) विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में अनुसंधान में तेजी लाने के लिए पैन-इंडिया ई-अवसंरचना प्रदान करता है। उपयोगकर्ता जैव सूचना, कंप्यूटर एडेड अभियांत्रिकी एवं मुक्त स्रोत औषधि खोज समुदाय, आदि से होते हैं। वर्ष के दौरान की गई गतिविधियों में विज्ञान गेटवे, विजुएलाइजेशन गेटवे एवं डेटा ग्रिड समाधान जैसे ट्रेंडिंग अवसंरचनात्मक घटकों को प्रावधान करना शामिल हैं, जिन्होंने दुनियाभर में ग्रिड अवसंरचना की उपयोगिता में योगदान दिया है। ग्रिड संचालन गतिविधियों में उपयोगकर्ता समर्थन के साथ ग्रिड घटकों की निरंतर निगरानी और प्रबंधन शामिल है।

बिग डेटा विश्लेषिकी

सी-डैक का बिग डेटा सॉफ्टवेयर सूइट (डेस्कटॉप संस्करण)

सी-डैक का बिग डेटा सॉफ्टवेयर सूइट (सी-बीडीएसएस) (डेस्कटॉप संस्करण) एक मुक्त स्रोत प्लेटफार्म है जो विविध डोमेनों में बिग डेटा अनुप्रयोगों को चलाने के लिए प्रसंस्करण व विश्लेषण क्षमताएँ प्रदान करता है। यह नए उपयोगकर्ताओं को हडूप और स्पार्क सहित इसके इकोसिस्टम घटकों की शक्ति से लाभान्वित करता है तथा सूचित निर्णयों के मार्ग को गति प्रदान करता है। यह बिग डेटा विश्लेषण उपकरणों के मोडेस्ट सेट के साथ आता है, जिसका चयन उपयोग में आसान और कंप्यूटेशनल पावर के लिए किया गया है। **सी-बीडीएसएस का शुभारंभ राष्ट्रीय समांतर कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन, 23-24 फरवरी 2017 के दौरान किया गया।**

स्वास्थ्य सेवा वैश्लेषिकी के लिए फ्रेमवर्क

सी-डैक ने एक बिग डेटा विश्लेषणात्मक फ्रेमवर्क विकसित किया है जो मीट्रिक आधारित अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य सेवा डेटा के एकाधिक इनपुट का उपयोग करता है। ऐसी अंतर्दृष्टि दवाओं पर सर्वोत्तम अमल के मानकीकरण, रोगियों के अनुभव में सुधार तथा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में निवारक और सुधारात्मक उपायों के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं (अस्पताल, चिकित्सक) एवं वित्त पोषित एजेंसियों को सक्षम बनाते हैं। मुख्य विशेषताओं में ओपन रिफाइनरी, संक्रमण नियंत्रण रजिस्ट्री, हीट मैप, लक्षण आधारित रजिस्ट्री, आपातकालीन रोगी टाइमलाइन एवं जीटीएम सर्च इंजन शामिल हैं। इस समाधान का परीक्षण परिनियोजन ऐम्स, नई दिल्ली में किया गया।

चावल जिनोम विश्लेषण के लिए बिग डेटा विश्लेषिकी फ्रेमवर्क

विभिन्न देशों से उत्पत्ति के साथ चावल जिनोम की प्रजातियों में आनुवंशिक विविधताएँ (एसएनपी - एकल न्यूक्लियोटाइड विविधता) के विश्लेषण और मसीन लर्निंग तकनीकों के उपयोग से इनमें आनुवंशिक विविधताओं के स्तर को विजुएलाइज़ करने के लिए सी-डैक ने एक बिग डेटा विश्लेषिकी फ्रेमवर्क विकसित किया है। डेटा अंतरराष्ट्रीय चावल सूचना कंसोर्सियम (आईआरआईसी) से लिया गया एवं फ्रेमवर्क का विकास पूर्व-संसाधन, संसाधन एवं उत्तर-संसाधन उपकरणों के उपयोग से किया गया है। पूर्व-संसाधन और उत्तर-संसाधन घटकों का विकास अपने यहाँ Python के उपयोग से किया गया है तथा संसाधन VariantSpark, जीनोमिक डेटा के लिए मशीन लर्निंग विश्लेषण फ्रेमवर्क के उपयोग से किया गया है।

बहुभाषी कंप्यूटिंग एवं विरासत कंप्यूटिंग

सी-डैक अपनी स्थापना के समय से ही कई बहुभाषी उकरण एवं समाधान विकसित कर रहा है तथा भाषा अवरोध को दूर करने के लिए पूरे देश में उनका विस्तार एवं नियोजन करता जा रहा है। विरासत एवं संस्कृति के डिजिटलीकरण और डिजिटल संरक्षण के लिए, सी-डैक द्वारा विरासत कंप्यूटिंग में विभिन्न समाधान विकसित एवं नियोजित किए गए हैं। वर्ष के दौरान किए गए प्रमुख योगदानों में मशीनी अनुवाद, वाक प्रौद्योगिकी, भाषा प्रौद्योगिकी उपकरण एवं समाधान, दिव्यांगों के लिए समाधान, डिजिटल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र तथा न्यायालयी अभिलेखों के लिए डिजिटल संरक्षण प्रणाली शामिल हैं।

मशीनी अनुवाद (एमटी)

मंत्रा-राज्य सभा

मंत्रा-राज्य सभा अनुवाद प्रणाली, अंग्रेजी दस्तावेजों को संसदीय डोमेन (भारतीय संसद का उच्च सदन) से संबंधित अंग्रेजी दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद करती है। व्यवसाय सूची [एलओबी], पटल पर रखे जाने वाले कागज [पीएलओटी], बुलेटिन भाग-I को यूनीकोड संस्करण में अंतरित कर दिया गया है तथा राज्यसभा सचिवालय में परिनियोजित कर दिया गया है, जिसका उपयोग उनके दैनिक कार्यवाहियों के लिए किया जा रहा है। वर्तमान में, बुलेटिन भाग-II विकसित किया जा रहा है। **वर्ष के दौरान प्रणाली के उपयोग से 126 फाइलें बनाई गईं तथा चार सत्रों के लिए मंत्रा-राज्यसभा प्रणाली के उपयोग से सिनोप्सिस दस्तावेज तैयार किए गए।**



मंत्रा-राज्यसभा

न्यायिक डोमेन के लिए भारतीय भाषाओं से अंग्रेजी भाषा में अनुवाद करने वाली मशीनी अनुवाद प्रणाली (आईएल-ईएमटी)

आईआईटी दिल्ली, आईआईटी पटना, आईआईटी मुंबई और आईआईआईटी हैदराबाद के सहयोग से सी-डैक ने हिंदी से अंग्रेजी भाषा में अनुवाद के लिए एक वेब-आधारित हाइब्रिड एमटी प्रणाली विकसित कर रहा है। वर्ष के दौरान, विभिन्न उपकरणों, शाब्दिक संशाधनों एवं इंजनों, जैसे कि इनपुट फार्मेट एक्सट्रैक्टर, समांतर कार्पोरा, आकृति विज्ञान विश्लेषक (एमए), शब्द भेद टैगर, नामित इकाई पहचानकर्ता (एनईआर), निर्भरता पार्सर, शब्द अर्थ संदिग्धता (डब्लूएसडी), पोस्ट प्रोसेसिंग उपकरणों एवं भाषाई संसाधन प्रबंधन उपकरणों की फ़ाइन ट्यूनिंग / अनुकूलन सहित विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की गईं।

AnglaKokBorok: अंग्रेजी-कोकबोरोक मशीन एडेड अनुवाद (एमएटी) प्रणाली

आंग्लभारती (अंग्रेजी से भारतीय भाषा मशीनी अनुवाद प्रणाली)- अंग्रेजी से आठ भारतीय भाषाओं अर्थात असमी, बांग्ला, हिंदी, मलयालम, नेपाली, पंजाबी, तेलुगु एवं उर्दू में अनुवाद करनेवाली आंग्लभारती मशीन अनुवाद प्रणाली को अपना लिया गया है। इन प्रणालियों को मेघराज क्लाउड पर हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बांग्ला, नेपाली, मलयालम एवं तेलुगु भाषाओं के लिए परिनियोजित किया गया है। वर्ष के दौरान, विशेष रूप से अंग्रेजी से कोकबोरोक भाषा में अनुवाद के लिए आंग्लभारती तकनीक के आधार पर AnglaKokBorak- अंग्रेजी-कोकबोरोक मशीन एडेड अनुवाद (एमएटी) प्रणाली डिजाइन की गई है। यह केवल एकबार अंग्रेजी भाषा का विश्लेषण करती है तथा प्रदर्शित अधिकतर अस्पष्टताओं

के साथ एक मध्यवर्ती संरचना बना लेती है। इसके बाद, AnglaKokBorok में, इस मध्यवर्ती संरचना को पाठ-निर्माण के एक प्रक्रिया के माध्यम से कोकबोरोक भाषा में परिवर्तित कर लिया जाता है। एक अनुवाद वर्कबेंच भी विकसित किया गया है, जो क्राउड सोर्सिंग के माध्यम से उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रियाओं को एकत्र करता है।



AnglaKokBorok - एक मशीन-एडेड अनुवाद (एमएटी) प्रणाली

संपर्क - भारतीय भाषाओं से भारतीय भाषाओं में मशीनी अनुवाद प्रणाली

यह भारत के 11 संस्थानों की संयुक्त पहल है, जिसकी मदद से 9 भारतीय भाषाओं के लिए भाषा प्रौद्योगिकी के उपयोग से 18 भाषा युग्मों के लिए मशीनी अनुवाद प्रणाली विकसित की गई है। ये हिंदी और उर्दू / पंजाब / तेलुगु / बंगाली / तमिल / मराठी / कन्नड़ के बीच द्वि-दिशात्मक युग्म तथा तमिल एवं मलयालम / तेलुगु के बीच 4 द्वि-दिशात्मक युग्म हैं। एनआईसी सर्वर के मेघराज क्लाउड पर परिनियोजित इन सेवाओं को हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बांग्ला, मलयालम एवं तेलुगु भाषाओं के लिए *www.tdil-dc.gov.in* पर उपलब्ध कराया गया है। **वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय मुक्त शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) एवं विकासपीडिया पोर्टल द्वारा अनुवाद सेवाएँ प्रदान करने के लिए इस प्रणाली का लाभ उठाया गया।**

क्रॉस लिंगुअल जानकारी अधिगम (सीएलआईए)

सीएलआईए शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थानों के एक संघ द्वारा निष्पादित होने वाली एक मिशन मोड परियोजना है। क्रॉस लिंगुअल जानकारी अधिगम प्रणाली उपयोगकर्ताओं के लिए प्रत्यक्ष रूप से जानकारी के उन स्रोतों का उपयोग कर पाना संभव बनाती है, जो क्वेरी की भाषा के अलावा अन्य भाषाओं में उपलब्ध हो सकते हैं। इसमें बांग्ला, हिंदी, मराठी, पंजाबी, तमिल एवं तेलुगु, गुजराती, असमी और उड़िया भाषाएँ शामिल हैं। वर्ष के दौरान, सीएलआईए प्रणाली में विभिन्न संवर्द्धन हुए, जैसे कि, (क) इसे क्लाउड उद्धत बनाने के लिए पुनः डिजाइन एवं विकास, (ख) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के उपयोग से प्रणाली को त्रुटि-सहिष्णु बनाना, (ग) उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस का अद्यतन एवं (घ) सरकारी वेबसाइट सें संबंधित इंडेक्स जोड़ना। इस प्रणाली को एनआईसी में मेघराज क्लाउड पर परिनियोजित किया गया है।

भारतीय भाषा स्विच एवं स्थानीयकरण परियोजना प्रबंधन फ्रेमवर्क (एलपीएमएफ)

सी-डैक ने गो-ट्रांस्लेट नामक फ्रेमवर्क विकसित किया है, जो स्थानीयकरण पहल में सामुदायिक भागीदारी को सक्षम करता है और जिसका उपयोग, सिर्फ एक बटन के क्लिक में तुरंत वेबसाइटों का अनुवाद करने के लिए किया जा सकता है। यह फ्रेमवर्क आवश्यक नैसर्गिक भाषा संसाधन (एनएलपी) उपकरणों एवं तकनीकों द्वारा समर्थित है तथा मशीन अनुवाद प्रणालियों सहित अनुवाद मेमोरी, शब्द बैंक एवं अन्य भाषाई संसाधनों के पुनर्प्रयोग पर आधारित है। वर्ष के दौरान, इस पहल *(http://localisation.gov.in)* के भाग के रूप में निम्न विकास एवं परिनियोजन किए गए-

- **गो-ट्रांस्लेट स्निपेट** - सी-डैक ने डिजिटल इंडिया पोर्टल, प्रमाणन प्राधिकरण नियंत्रक एवं संयंत्र सुरक्षा निदेशालय आदि सहित विभिन्न सरकारी पोर्टलों के वेबपेजों के त्वरित स्थानीयकरण के लिए गो-ट्रांस्लेट स्निपेट का समायोजन कर दिया गया है।
- **ट्रांसलेशन प्रॉक्सी** - मूल वेबसाइट का स्थानीयकृत संस्करण, ट्रांसलेशन प्रॉक्सी के रूप में। सी-डैक ने आंध्र प्रदेश की राजधानी, अमरावती वेबसाइट एवं कोर डैशबोर्ड पोर्टल को स्थानीयकृत किया है।
- **सेवाओं का परिनियोजन**- भुवन इंडिया मानचित्र, पासपोर्ट इंडिया पोर्टल, राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल, उत्तर प्रदेश विधानसभा पोर्टल

एवं आपले सरकार महाराष्ट्र सरकार पोर्टल आदि सहित विभिन्न एजेंसियों के लिए एक सेवा के रूप में लिप्यंतरण एवं भारतीय भाषा टाइपिंग समाधान परिनियोजित किए गए।



एलपीएमएफ द्वारा समर्थित पासपोर्ट साइट

स्पीच (वाक) प्रौद्योगिकी

द्विभाषी (बांग्ला-अंग्रेजी) पाठ से वाक संश्लेषण प्रणाली

इस समाधान का विकास रासायनिक नामों एवं मात्रा के सही उच्चारण के साथ बांग्ला एवं अंग्रेजी, दोनों भाषाओं के वाक्यों के लिए सामान उच्चारण गुणवत्ता युक्त संश्लेषित आवाज तैयार करने के लिए किया गया है। आज के समय में, लगभग 5,50,000 किसान अपने फसल संबंधी समस्या के लिए इन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। **वर्ष के दौरान, प. बंगाल सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना, मतीर कथा अनुप्रयोग के लिए टीटीएस अनुप्रयोग परिनियोजित किया गया है।**

वाक-आधारित कृषि मूल्य जानकारी प्रणाली

सी-डैक ने कृषि मूल्य जानकारी प्रणाली विकसित की है, जो किसानों एवं विभिन्न हितधारकों के लिए टेलीफोन पर कृषि उत्पादों की प्रासंगिक जानकारी जैसे कि मौजूदा मूल्य, स्टॉक उपलब्धता के प्रसार के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करती है। **पश्चिम बंगाल सरकार के कृषि विपणन निदेशालय की सुफल बांग्ला परियोजना इकाई में बंगाली भाषा में टेलीफोन/मोबाइल (एंड्रायड ऐप सहित) के माध्यम से कृषि उत्पाद मूल्य पुनर्प्राप्ति प्रणाली का परिनियोजन किया गया है।**

कृषि मूल्य जानकारी प्रणाली

उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए संचार वाक डेटा पर स्वचालित वक्ता पहचान प्रणाली

उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए संवाद वाक डेटा पर स्वचालित वक्ता पहचान प्रणाली, (क) वक्ता डायरीकरण एवं (ख) वक्ता पहचान की क्षमताओं के साथ विकसित किया गया है, जहाँ पहले वाला, एक दिए गए बातचीत के डेटा से स्वचालित रूप से व्यक्तिगत संभाषण स्रोतों का पता लगा सकता है तथा बाद वाला स्वचालित वक्ता पहचान के माध्यम से डायरी कृत किए गए संभाषण डेटा को वैध करता है। इसके अतिरिक्त, इस प्रणाली में आवाज का व्यक्तिगत स्रोत खंडों के साथ मिलान करने की प्रणालियाँ भी शामिल हैं, जब भी कोई लक्षित स्रोत प्रोफाइल (आवाज प्रोफाइल) अलग से प्रदान की जाती है। यह प्रणाली बातचीत संबंधी संभाषण डेटा से वॉइस बायोमेट्रिक का उपयोग करती है, जो एक पहचाना जानेवाला लक्षण है और किसी भी व्यक्ति का अविभाज्य अंग है। वर्ष के दौरान, आवाज के नमूनों को भाषा/ बोली आधारित वर्गीकरण में विभाजित करने के लिए इस प्रणाली को और अधिक कुशल बनाया गया है तथा सरकारी एजेंसियों केउपयोग के लिए परिनियोजित किया गया है।

दिव्यांगों के लिए समाधान

त्रिपुरा में नेत्रहीनों के लिए बांग्ला में संभाषण आधारित सहायता उपकरण

सी-डैक नेत्रहीन लोगों के लिए एक विस्तृत संचार उपकरण विकसित कर रहा है, जो कंप्यूटर के साथ एक मैन मशीन इंटरफेस (एमएमआई) के रूप में कार्य करेगा। इस प्रणाली को त्रिपुरा के लिए बांग्ला भाषा में सीमित शब्दकोश आदेश नियंत्रण आधारित स्वचालित वाक पहचान, बांग्ला भाषा में टीटीएस एकीकृत स्क्रीन रीडर तथा बांग्ला उच्चारण वाले बोलते की बोर्ड के साथ विकसित किया जा रहा है।

भारतीय सांकेतिक भाषा कैप्शनिंग फ्रेमवर्क

सांकेतिक भाषाएँ, वे प्राकृतिक भाषाएँ होती हैं, जिनमें दैनिक जीवन के संचार के लिए अभिव्यक्ति के विभिन्न साधनों का उपयोग किया जाता है। अधिक विशिष्ट रूप से, यह श्रवण-बाधित लोगों के लिए संचार का एकमात्र साधन है। सी-डैक ने सुनने में कठिनाई (एचओएच) / बहरे लोगों के बीच साक्षरता बढ़ाने, पढ़ने के कौशल एवं सीखने की समझ के लिए भारतीय सांकेतिक भाषा की कैप्शनिंग के लिए एक फ्रेमवर्क विकसित किया है। सांकेतिक भाषा में बहुत सी चुनौतियाँ हैं; सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसके लिए कोई ऐसा कॉरपस उपलब्ध नहीं है, जो भारतीय सांकेतिक भाषा की सारी बारीकियों को शामिल करता हो। यह फ्रेमवर्क वर्तमान में आपदा डोमेन के लिए सांकेतिक भाषा पर केंद्रित है। इसमें स्वदेश में विकसित कैरेक्टर जनरेटर का उपयोग करके सांकेतिक भाषा एनिमेशन में कैप्शनिंग को लागू करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, सी-डैक ने कम से कम दो उंगलियों की बेहतर गति को ट्रैक करने के लिए एक्सीलरोमीटर, गायरोस्कोप एवं मैग्नेटोमीटर सेंसर का उपयोग करके डिजिटल दस्ताने हार्डवेयर विकसित किया है।



डिजिटल दस्ताने

मोबाइल आधारित भाषा उपकरण

मोबाइल एप्स

सी-डैक ने विभिन्न मोबाइल आधारित भाषा अनुप्रयोग विकसित किए हैं। इसमें शामिल हैं -

- भारतीय भाषाओं में कई मोबाइल आधारित शैक्षणिक एप्लीकेशन विकसित किए गए हैं तथा एम-गवर्नमेंट ऐप स्टोर तथा गूगल प्ले स्टोर पर परिनियोजित किए गए हैं।
- चावल, रागी, गन्ना, केला एवं नारियल जैसी 5 फसलों के लिए मोबाइल आधारित विशेषज्ञ प्रणाली का विकास

- यात्रा के लिए एंड्रॉइड मिनी ऐप - बजट होटल बुकिंग मॉड्यूल को 11 भारतीय भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, बंगाली, पंजाबी, उर्दू, मराठी और उड़िया में स्थानीयकृत किया गया है।

मोबाइल पर लीला-राजभाषा (एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफ़ॉर्म के लिए)

वर्ष के दौरान सी-डैक ने 15 भाषाओं (अंग्रेजी, असमिया, बंगाली, बोडो, गुजराती, कन्नड़, कश्मीरी, मणिपुरी, मलयालम, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलगु) से हिंदी के मूलभूत/साधारण से लेकर उन्नत कार्यात्मक ज्ञान प्रदान करने के लिए यह समाधान विकसित किया। इसमें मोबाइल (एंड्रॉइड और आईओएस) प्लेटफार्मों के माध्यम से वितरित किए जाने के लिए प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ तीन पैकेज शामिल हैं।

मोबाइल पर ई-महाशब्दकोश (एंड्रॉइड एवं आईओएस प्लेटफ़ॉर्म के लिए)

ई-महाशब्दकोश, एक उच्चारण, विवरण एवं उपयोग युक्त डोमेन आधारित द्विभाषी एवं द्वि-दिशीय अंग्रेजी / हिंदी शब्दकोश है। इसे प्रशासन, कृषि, बैंकिंग एवं वित्त, हेल्थकेयर, उद्योग, आईटी, विधि एवं पर्यटन जैसे डोमेन के लिए विकसित किया गया है। वर्ष के दौरान सीडैक ने इसे मोबाइल (एंड्रोईड एवं आईओएस) प्लेटफार्मों पर पोर्ट करने संबंधी गतिविधियां संचालित की है। मोबाइल एवं स्मार्टफ़ोन पर ई-महाशब्दकोश, अनुवादकों, भाषाविदों, व्यक्तियों, सरकारी कार्यालयों, विभागों एवं मंत्रालयों आदि की हिंदी एवं इंग्लिश में दस्तावेजों को तैयार करने एवं अनूदित करने की कार्यालयी/ गैर-कार्यालयी आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद करेगा।

भाषा उपकरण

भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी प्रसार एवं परिनियोजन केंद्र - चरण II

यह टीडीआईएल, एमईआईटीवाई द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं के सभी परिणामों की होस्टिंग एवं वितरण के लिए एक एकल विंडो सिस्टम है। यह विभिन्न एमईआईटीवाई / टीडीआईएल वित्त पोषित परियोजनाओं के तहत विकसित भाषाई संसाधनों, मानकों, भाषा सीडी की सामग्री, टूल एवं अनुप्रयोगों के लिए राष्ट्रीय केंद्रीकृत भंडार के रूप में भी कार्य करता है। परियोजना के दूसरे चरण में, पोर्टल को एक नई उपयोगकर्ता-अनुकूल दिखावट एवं एहसास प्रदान करने के लिए पुनः डिजाइन किया गया है तथा बेहतर अभिगम प्रदान करने के लिए विस्तारित भी किया गया है।



Language	Browser Plug-in	Screen Reader	SMS Reader	Libre office
Hindi	✓	✓	✓	✓
Bengali	✓	✓	✗	✓
Marathi	✓	✓	✓	✓
Tamil	✓	✓	✓	✓
Telugu	✓	✓	✓	✓
Malayalam	✓	✓	✗	✓
Gujarati	✓	✗	✓	✓
Kannada	✓	✗	✗	✓

भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी प्रसार एवं परिनियोजन केंद्र

भारतीय भाषा कंप्यूटिंग पहल : राष्ट्रीय रोलआउट योजना

इस पहल का मुख्य उद्देश्य भाषा संबंधी आवष्यकताओं के लिए आम आदमी के मुफ्त उपयोग के लिए बेसिक इनफार्मेशन प्रोसेसिंग टूलकिट (बीआईपीके) उपलब्ध कराना है। इसमें वैकल्पिक लिपियों के साथ, सभी 22 सूचीबद्ध भारतीय भाषाओं में स्थानीयकृत किए गए ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर का एक सेट शामिल है। यह विंडोज (विस्टा, एक्सपी, 7, 8) एवं लिनक्स- उबंटू फ्लेवर के साथ सुसंगत है।

इस पहल के मुख्य परिणाम निम्न हैं-

- डेस्कटॉप के लिए टूल - इस सेट में यूनिकोड वर्जन के साथ उपयोग में आने वाले यूनिकोड फॉन्ट, यूनिकोड भारतीय भाषाओं में टाइपिंग के लिए टाइपिंग टूल नामक सॉफ्टवेयर, दैनिक कार्यालय उपयोग या प्रलेखन संबंधी उद्देश्यों के लिए प्रयुक्त लिब्रे ऑफिस नामक सॉफ्टवेयर शामिल है।

- इंटरनेट के लिए टूल - सॉफ्टवेयर के इस सेट में स्थानीय भाषा में मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स नामक ओपन सोर्स वेब ब्राउज़र, ईमेल भेजने एवं प्राप्त करने के लिए मोजिला थंडरबर्ड नामक (ईमेल क्लाइंट) सॉफ्टवेयर, तथा इंटरनेट पर दूसरों के साथ चैटिंग करने के लिए पिजिन नामक सॉफ्टवेयर, शामिल है।
- यूटिलिटीज - इसमें जीएनयूकैश नामक एकाउंटिंग सॉफ्टवेयर, इंकस्केप नामक ग्राफिक्स डिजाइन सॉफ्टवेयर, टक्स पेंट नामक बच्चों का ड्राइंग सॉफ्टवेयर एवं ज़ूमला नामक सामग्री प्रबंधन प्रणाली शामिल है।

भारतीय भाषा डेटा केंद्र *http://www.ildc.in*

इस पहल के आधार पर, भारतीय भाषा में उपयोग किए जाने वाले साधनों एवं तकनीकों को लोगों को मुफ्त में उपलब्ध कराया गया है। यह वेबसाइट 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं में बनाई गई है। इस वेबसाइट से उपयोगकर्ता उस विशिष्ट भाषा की मुफ्त सीडी प्राप्त करने का अनुरोध कर सकते हैं। सभी स्थानीय कृत टूल जैसे- लिब्रे ऑफिस, मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स, थंडरबर्ड, टक्स पेंट, यूनिकोड टाइपिंग टूल, इंकस्केप आदि डाउनलोड के लिए इस वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।



स्थानीयकृत लिब्रे ऑफिस

भारतीय लिपियों में दस्तावेजों के लिए मजबूत ओसीआर का विकास

सीडैक ने लाइनेक्स, विंडोज़, वेब आधारित एवं मोबाइल प्लेटफार्म के लिए ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन (ओसीआर) विकसित किया है। यह समाधान उन्नत पूर्व-प्रसंस्करण अनियमितताओं के रूप में लेआउट बनाए रखना, अंडरलाइन हटाना, रबर स्टैम्प हटाना, आदि का समर्थन करता है। यह उपयोगकर्ता के एडिटिंग के लिए इनस्क्रिप्ट एवं फोनेटिक कीबोर्ड प्रदान करता है तथा ब्रेल आउटपुट उत्पादन का समर्थन करता है। ओसीआर के लिपिवार लाइट वर्जन विकसित किए गए हैं तथा टीडीआईएल डेटा केंद्र *(www.tdil-dc.in)* से डाउनलोड के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। **वर्ष के दौरान, 7 भाषाओं (आसामी/ बंगाली, हिंदी, मराठी, गुरमुखी, मलयालम, तेलुगु एवं तमिल) का समर्थन करने वाला ई-अक्षरायन समाधान विकसित किया गया है।**

भारतीय लिपियों में दस्तावेजों के लिए वेबसर्विस ओसीआर

भारतीय भाषाओं के लिए ऑनलाइन हैंडराइटिंग पहचान प्रणाली

भारतीय भाषाओं के लिए हैंडराइटिंग पहचान प्रणाली विकसित की गई है तथा इसका परीक्षण भी किया जा चुका है। एक सेमी-आटोमेटिक एनोटेशन टूल की मदद से उत्तर भारत के हिंदी लेखकों से एकत्र किए गए डाटा का उपयोग इस सिस्टम को प्रशिक्षित करने में किया गया है। इसके एक भाग के रूप में, प्री-प्रोसेसिंग, फीचर एक्सट्रैक्शन, वर्गीकरण एवं पोस्ट प्रोसेसिंग के लिए विभिन्न एल्गोरिथ्म विकसित किए गए हैं। लगभग 100000 शब्दों पर 93.01% का प्रदर्शन प्राप्त किया गया। सीडैक ने भी विंडोज एवं एंड्रोइड प्लेटफार्मों दोनों के लिए विभिन्न अनुप्रयोग डिजाइन एवं विकसित किए हैं।

माइक्रो लेवल मौसम पूर्वानुमान के लिए वेब पोर्टल एवं मोबाइल एप

भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत संचालित सीडैक की डिजिटली इनक्लूसिव स्मार्ट कम्युनिटी (डीआईएससी) परियोजना के एक हिस्से के रूप में, सीडैक ने माइक्रो लेवल मौसम पूर्वानुमान के लिए 3 भाषाओं (अंग्रेजी, हिंदी एवं नागपुरी) में वेब पोर्टल एवं मोबाइल एप विकसित एवं परिनियोजित किया है। इसका शुभारंभ बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), रांची में आयोजित एग्रोटेक 2017 किसान मेला के दौरान झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री, माननीय श्री रणधीर कुमार सिंह द्वारा किया गया था।

उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाहियों का डिजिटलीकरण

विधानसभा की कार्यवाहियों एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के समाचार पत्रों की क्लिपों को डाटाबेस में डिजिटाइज़ करने के लिए सामग्री प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) विकसित की गई है। विधानसभा डिजिटाइजेशन प्रक्रिया में दो प्रमुख भाग, यानी विधानसभा कार्यवाही से संबंधित चित्रों का डिजिटाइजेशन एवं वीडियो कैसेट (वीसीआर) का डिजिटाइजेशन शामिल है। इसके अलावा इसमें लेममैटिजर, ट्रांसलिटरेशन, फ्लिप बुक और वीडियो स्ट्रीमिंग सहित एनोटेट की गई पुस्तकों को खोजने के लिए सर्च इंजन भी शामिल है।



सीएमएस सिस्टम

विधानसभा की कार्यवाही संबंधी पुस्तिकाओं से संबंधित पाठ्य को एनोटेट करने के लिए इमेज एनोटेशन टूल विकसित किया गया है। यह टूल ओसीआर, प्रमुख व्यक्तियों के लिए ऑटो कंप्लीट, इंटर वर्ड एवं इंट्रो वर्ड सुझावों, हिंदी एनोटेटेड टेक्स्ट के लिए वर्तनी जांच जैसे एनएलपी टूल्स की विशेषताओं से लैस है। इस समाधान को उत्तर प्रदेश विधानसभा के परिसर में परिनियोजित किया गया है तथा विकसित किए गए सभी टूल्स का 2,000 से अधिक कार्यवाहियों एवं लगभग 2500 घंटे समय के वीडियो डिजिटाइज़ करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।

राष्ट्रीय हिंदी भाषा संवर्धन परिषद (एनसीपीएसएल)

एनसीपीएसएल के साथ समझौता ज्ञापन के तहत, सिंधी-देवनागरी एवं सिंधी-परसोएराबिक के लिए बेसिक टूल एवं प्रौद्योगिकी विकसित की जा रही है। उन्नत उपकरणों के साथ सीडी तैयार की गई है तथा प्रशिक्षण केंद्रों में उपयोग किए जाने हेतु एनसीपीएसएल को दे दी गई है। इस सीडी में लिब्रे ऑफिस, थंडरबर्ड ईमेल क्लाइंट, टक्सपेंट, पिजिन, जीएनयूकैश, इंकस्केप एवं अन्य के स्थानीयकृत संस्करण हैं। सिंधी में ई-बुक्स, ट्रांसलिट्रेशन एवं शब्दकोश को शामिल करने की भी योजना बनाई गई है।

विरासत कंप्यूटिंग

डिजिटल संरक्षण उत्कृष्टता केंद्र

इस पहल के एक हिस्से के रूप में, सी-डैक ने राष्ट्रीय सांस्कृतिक ऑडियो-विजुअल अभिलेखागार (एनसीएए) की डिजिटल रिपॉजिटरी के विकास में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) की मदद की है। एनसीएए की डिजिटल रिपॉजिटरी की स्थापना डिजिटालय का प्रयोग करके की गई है। एक ई-पुस्तकालय एवं अभिलेखन प्रणाली स्थापित की जा रही है, जहां 13 भागीदार संस्थानों के अभिलेखाकार अपने स्थान से ऑनलाइन डिजिटालय का उपयोग कर सकें और आंकड़ों को देख सकें। इसके अलावा कुशल सार्वजनिक अभिगम को सक्षम बनाने के लिए सीडैक ने इस डिजिटल रिपॉज़िटरी में ऑडियो वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए एक बैकएंड आर्किटेक्चर भी डिज़ाइन और विकसित किया है। राष्ट्रीय सांस्कृतिक ऑडिओ-विज़ुअल अभिलेखागार *http://www.ncaa.gov.in* पर ऑनलाइन उपलब्ध है, जहां करीब 4500 सांस्कृतिक ऑडियो एवं वीडियो रिकॉर्डिंग खोजी जा सकती हैं। सीडैक ने आईएसओ 16363 की आवश्यकताओं के अनुसार एनसीएए की डिजिटल रिपॉजिटरी के लिए प्रारंभिक चरण ऑडिट को पूरा करने में भी आईजीएनसीए की मदद की है।

ई-गोशवारा: न्यायालय के रिकॉर्डों के लिए डिजिटल संरक्षण प्रणाली

इस पहल का उद्देश्य भारतीय न्यायपालिका द्वारा निपटान किए गए मामलों का दीर्घकालिक एवं विश्वसनीय डिजिटल संरक्षण सुनिश्चित करना है। इस तरह का समाधान बनाने एवं उपयोगकर्ताओं को पूर्णतया नया विश्वास एवं ऑनलाइन अनुभव प्रदान करने के लिए केस रिकॉर्ड पैकेट उत्पादन से लेकर अभिलेखीय रिपॉजिटरी तक, वेब आधारित अनुप्रयोगों के लिए, इस प्रणाली को उच्च स्तरीय फ्रेमवर्क घटकों (ओपन आर्काइवल इंफॉर्मेशन सिस्टम (ओएआईएस: आईएसओ 14721) तथा ऑडिट एवं प्रमाणन के लिए विश्वसनीय डिजिटल रिपॉजिटरीज (टीडीआर: आईएसओ 16363) के आधार पर विकसित किया गया है, जो विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखता है। वर्ष के दौरान निपटान किए गए मामलों के रिकार्डों के लिए एक डिजिटल संरक्षण व्यवस्था बनाने के लिए चल रहे पायलट प्रोजेक्ट की अवधि को बढ़ा दिया गया था और उसके बाद डिस्पोज केस पोर्टफोलियो मैनेजर घटक को और अधिक अनुकूलित किया गया, जिसकी मदद से सुप्रीम कोर्ट के कुछ मामलों को ट्रायल आधार पर सफलतापूर्वक हैंडल किया गया था।

मोडी स्क्रिप्ट के विशेष संदर्भ के साथ हेरिटेज स्क्रिप्ट के लिए एनोटेशन एवं अभिलेखन प्रणाली

मोडी ऐतिहासिक लिपि है तथा शाही अनुक्रमों को नोट करने के लिए एक तिरछे "शॉर्टहैंड" या तीव्र गति लेखन के रूप में खोजी गई है। मोडी को यूनिकोड 7.0 में शामिल किया गया है। मोडी सर्च पोर्टल डिजिटाइज़ किए गए ऐतिहासिक मोडी दस्तावेजों को खोजने की सुविधा प्रदान करता है, जो सार्वजनिक डोमेन में शामिल हैं। उपयोगकर्ता कीवर्ड की मदद से दस्तावेज खोज सकते हैं। दस्तावेजों को खोजने के लिए विभिन्न खोज प्रकार प्रदान किए गए हैं। इसलिए, उपयोगकर्ता अपने ज्ञान को बढ़ाने या शोध के लिए इस डिजिटाइज़ किए गए डेटा का इस्तेमाल करने में सक्षम हो सकते हैं। मोडी सर्च पोर्टल *http://modiarchives.in/* पर उपलब्ध है।

बहुभाषीय संघबद्ध एवं एकीकृत खोज और पुनर्प्राप्ति युक्त भारत का राष्ट्रीय आभासी पुस्तकालय स्थापित करने के लिए पोर्टल का विकास

संस्कृति मंत्रालय द्वारा समर्थित इस पहल का मुख्य उद्देश्य जानकारीपूर्ण डाटासेट, ई-बुक्स, डिजिटलीकृत दुर्लभ पुस्तक संग्रहों, डिजिटल पुस्तकालयों, ऑडियो एवं वीडियो अभिलेखागारों, 3 डी वर्चुअल वॉकथ्रू, ई-थीसिस एवं शोध संबंधी काग़ज़ातों के रूप में संदर्भग्रंथ डाटाबेस एवं विविध ज्ञान संसाधन प्रदान करना है। सीडैक ने विभिन्न प्रकार के डिजिटल संसाधनों के लिए नमूना डेटा एकीकृत किया है तथा विभिन्न कार्यों, जैसे - विभिन्न डिजिटल संसाधनों में संघबद्ध एवं क्रॉस-लैंग्वल खोज और पुनर्प्राप्ति, क्राउड सोर्सिंग/ परिरक्षण फ्रेमवर्क, न्यूज़ एवं वेबसाइट कॉलिंग सेटअप का इंटीग्रेशन तथा उपयोगकर्ता के अनुभव के निजीकरण के साथ एनवीएलआई पोर्टल के पायलट संस्करण को विकसित किया है। इस वर्ष के दौरान एनवीएलआई पोर्टल के पायलट संस्करण को आईआईटी मुंबई द्वारा प्रदत्त क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर पर होस्ट भी किया गया है। सी-डैक ने संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले 15 संगठनों के प्रतिभागियों के लिए 28 फरवरी 2017 को नई दिल्ली में डेटा स्ट्रक्चरिंग पर एक कार्यशाला भी आयोजित की, जहां डेटा की तैयारी एवं स्थानांतरण संबंधी दिशानिर्देश साझा किए गए थे।

मीडिया के लिए मानकीकरण एवं समाधान

वर्ल्ड वाइड वेब कंसोर्टियम - डब्लू 3 सी इंडिया कार्यालय

भाषाओं एवं डिजिटल संरक्षण के मानकीकरण की दिशा में सी-डैक द्वारा किए गए विभिन्न योगदानों के साथ-साथ, सी-डैक वर्ल्ड वाइड वेब कंसोर्टियम फोरम चर्चाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल रहा है तथा डब्ल्यू 3 सी इंडिया ऑफिस की मेजबानी भी करता है। वेब मानकों के अलावा, इसकी गतिविधि के मुख्य क्षेत्रों में डिजिटल पब्लिशिंग, वेब भुगतान, इंडिक टास्क फोर्स, ऐक्सेसिलिबिलिटी एवं वेब एंड टीवी, वेब एंड ऑटो तथा वेब ऑफ़ थिंग्स शामिल हैं।

बहुभाषी डीवीबी उपशीर्षक समाधान

सीडैक ने बहुभाषी डीवीबी उपशीर्षक समाधान विकसित किया है जो एक एंड-टू-एंड समाधान है। यह उपशीर्षक फ़ाइल निर्माण, सत्यापन, सॉफ्टवेयर पूर्वावलोकन, ट्रांसमिशन के लिए ओवरले पूर्वावलोकन से लेकर प्रसारण तक के सभी चरणों में मदद करता है। उपशीर्षकों की भाषा का चयन सेट-टॉप-बॉक्स के रिमोट के माध्यम से दर्शक द्वारा किया जा सकता है। इस समाधान को 24x7 परिचालन में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है तथा यह विभिन्न उपशीर्षक ग्राफिक प्रभावों एवं प्लेआउट ऑटोमेशन प्रणालियों से युक्त इंटरफेस प्रदान करता है। यह विभिन्न सेट-टॉप-बॉक्स एवं पेशेवर इंटीग्रेटेड रिसीवर डिकोडर (आईआरडी) के साथ भी उपयोज्य है।

बहुभाषी डीवीबी उपशीर्षक समाधान

विशिष्ट इलेक्ट्रॉनिक्स, वीएलएसआई एवं एंबेडेड प्रणाली

सी-डैक ने पिछले वर्षों में रक्षा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, औद्योगिक उद्देश्यों एवं सामाजिक सशक्तीकरण के लिए परिष्कृत, कॉम्पैक्ट एवं लागत प्रभावी इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियाँ विकसित करने में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है। विशिष्ट इलेक्ट्रॉनिकी के अंतर्गत ध्यानकेंद्रित प्राथमिक क्षेत्रों में स्मार्ट प्रणाली समाधान, सुरक्षा एवं निगरानी, पॉवर इलेक्ट्रॉनिकी, सामरिक इलेक्ट्रॉनिकी एवं बुद्धिमत्तापूर्ण (इंटेलीजेंट) यातायात प्रणालियाँ शामिल हैं।

बुद्धिमत्तापूर्ण (इंटेलीजेंट) यातायात प्रणाली

ट्रैम - यातायात सिग्नल निगरानी एवं प्रबंधन सॉफ्टवेयर

ट्रैफिक सिग्नल निगरानी एवं प्रबंधन (ट्रैम) एक ऐसा अनुप्रयोग है, जो ट्रैफिक प्रबंधन केंद्र (टीएमसी) में स्थित केंद्रीय सर्वर से सुदूर सड़क यातायात सिग्नल नियंत्रकों की निगरानी एवं प्रबंधन में सक्षम बनाता है। ट्रैम, सीडैक के अन्य बुद्धिमत्तापूर्ण परिवहन प्रणाली (आईटीएस) समाधान जैसे- बेतार यातायात नियंत्रण प्रणाली (वाईट्रैक) एवं शहरी यातायात नियंत्रण प्रणाली (यूटीसीएस) नियंत्रकों के साथ एकीकृत है। यह टाइम स्पेस डायग्राम का उपयोग करके यातायात जंक्शनों के बीच सिग्नल समन्वयन की वास्तविक समय में निगरानी के लिए विज़ुअलाइज़ेशन प्रदान करता है। **वर्ष के दौरान, उपरोक्त समाधान की प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी), औद्योगिक साझेदारों, मेसर्स एआरएस ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्ट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, तिरुवनंतपुरम, मेसर्स केल्ट्रॉन, तिरुवनंतपुरम, मेसर्स एनवॉयज इलेक्ट्रॉनिक्स, नई दिल्ली, मेसर्स ऑनिक्स इलेक्ट्रॉनिक्स, नई दिल्ली एवं मेसर्स शक्ति एंटरप्राइजेज, जयपुर को किया गया।**

यातायात सिग्नल मॉनिटर का स्क्रीनशॉट

सीयूटीई - सीडैक शहरी आवागमन नियंत्रण उपकरण

सीडैक शहरी आवागमन नियंत्रण उपकरण (सीयूटीई) एक वाहन परिचालित अनुकूलक यातायात नियंत्रण प्रणाली (एटीसीएस) अनुकूल ट्रैफिक सिग्नल नियंत्रक है। यह किसी भी प्रकार के वाहन संसूचकों (इंडक्टिव लूप, कैमरा, माइक्रोवेव रडार आदि) से इनपुट ले सकता है और ग्रिड पावर, सोलर पावर या हाइब्रिड पावर पर काम कर सकता है। सीयूटीई में पोल माउंटिंग के लिए एक बहुत छोटा फार्म-फ़ैक्टर होता है और फाइबर या प्रबंधित लीज्ड लाइन नेटवर्क (एमएलएलएन) के माध्यम से एक सुदूर स्थान से इसकी निगरानी की जा सकती है। सीयूटीई का इस्तेमाल पूर्ववर्ती यातायात सिग्नल नियंत्रक को बदलकर पहले से संकेतित जंक्शनों पर एक रेट्रोफिट के रूप में किया जा सकता है।

वाईट्रैक - वायरलेस यातायात नियंत्रक

वायरलेस ट्रैफिक सिग्नल नियंत्रक (वाईट्रैक) का प्रयोग यातायात नियंत्रक उपकरण एवं सिग्नल लैंपों के बीच किसी भौतिक कनेक्शन के बिना सड़क यातायात सिग्नल को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। वाईट्रैक में, सिग्नल स्विचिंग 2.4 गीगाहट्र्ज लाइसेंस फ्री आईएसएम बैंड का प्रयोग करके हवा में की जाती है। वाईट्रैक एक वाहन परिचालित (वीए) यातायात सिग्नल नियंत्रक है, जिसमें वास्तविक समय की मांग के आधार पर सिग्नल टाइमिंग उत्पन्न होती है और यह अनुकूली यातायात संकेतन के लिए अनुकूल है। **वर्ष के दौरान**

औद्योगिक साझेदारों - मैसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बैंगलोर, मैसर्स शक्ति एंटरप्राइजेज, जयपुर, मैसर्स केल्टोरॉन, तिरुवनंतपुरम, मैसर्स डीआईएमटीएस लिमिटेड, दिल्ली, मैसर्स एनवॉयज इलेक्ट्रॉनिक्स, गुड़गाँव, मैसर्स मेट्रो इंफ्रासिस, गुड़गाँव, मैसर्स ऑनिक्स इलेक्ट्रॉनिक्स, दिल्ली और मैसर्स इलेक्ट्रोएड्स, इंदौर को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) किया गया।

अनुकूली यातायात नियंत्रण प्रणाली

समग्र सिग्नल नियंत्रण रणनीति- वाईट्रैक (CoSiCoSt-W), बेतार यातायात नियंत्रण प्रणाली (वाईट्रैक) के साथ संगत अनुकूली यातायात नियंत्रण प्रणाली सॉफ्टवेयर है। CoSiCoSt को रणनीतिक स्थानों पर तैनात वाहन सनसूचकों से वास्तविक समय में यातायात मांग का निरंतर आकलन करके अत्यधिक विषम यातायात स्थितियों पर ध्यान देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आकलन के आधार पर, यह प्रणाली यातायात सिग्नल संचालना के वाहन परिचालित विधि में सिग्नल समन्वयन के लिए इष्टतम सिग्नल टाइमिंग निर्धारित करती है, जिससे यातायात जंक्शनों पर रुकावटों एवं देरी को कम किया जाता है और संपूर्ण यात्रा का समय कम हो जाता है। **उपरोक्त समाधान का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) ट्रैम वाले पाँच औद्योगिक भागीदारों को ही किया गया था।**

सीडैक, सीडैक शहरी यातायात सिग्नल नियंत्रक (सीयूटीई) तथा समग्र सिग्नल नियंत्रण रणनीति (CoSiCoSt) सॉफ्टवेयर द्वारा कर्नाटक राज्य में हुबली एवं धारवाड़ के बीच (22.25 किमी) बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) के 43 जंक्शनों एवं 10 मिडब्लॉक पैदल यात्री क्रॉसिंगों में यातायात सिग्नलिंग के लिए एटीसीएस को भी कार्यान्वित कर रहा है। यह चौराहों एवं मिडब्लॉक पैदल क्रॉसिंगों में होने वाली देरी को कम करते हुए दोनों शहरों के बीच लगने वाले यात्रा समय को कम करेगा।

आईआरआईडीएस - लाल बत्ती उल्लंघन संसूचन प्रणाली

सीडैक ने लाल बत्ती उल्लंघन संसूचन प्रणाली (आईआरआईडीएस) विकसित किया है, जो सिग्नलाइज किए गए यातायात जंक्शनों पर लाल बत्ती का उल्लंघन करने वालों की स्वचालित पहचान करने का समाधान प्रदान करता है। यह स्वचालित रूप से लाल बत्ती का उल्लंघन करने वालों की फ़ोटो ले लेता है और साक्ष्य प्रस्तुत करता है, जो कानून प्रवर्तन के सुचारु संचालन में मदद करता है। यह, इस तरह से तैयार किया गया है कि इसे किसी भी ट्रैफिक सिग्नल नियंत्रक के साथ उपयोग किया जा सकता है और यह इन्फ्रा-रेड सेंसर का उपयोग करके कम रोशनी वाली स्थिति एवं रात के समय काम कर सकता है। वर्ष के दौरान, उपरोक्त समाधान का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी), औद्योगिक साझेदार मेसर्स ऑनिक्स इलेक्ट्रॉनिक्स, नई दिल्ली को कर दिया गया था।

यातायात जंक्शनों में सुरक्षा संवर्धन एवं प्राथमिकता

सिग्नलाइज्ड यातायात जंक्शनों पर पैदल यात्री सुरक्षा संवर्धन एवं आपातकालीन सेवा वाहन प्राथमिकता प्रणाली के लिए समाधान विकसित किए गए हैं। पैदल यात्री सुरक्षा संवर्धन प्रणाली, पैदल चलने वालों की अक्षमता के स्तर का आकलन के माध्यम से क्रॉसिंग समय को बढ़ाकर मोटरमार्गों पर विभिन्न-क्षमताओं वाले पैदल यात्रियों की सुरक्षित क्रॉसिंग को सक्षम करती है। आपातकालीन सेवा वाहन प्राथमिकता प्रणाली, सिग्नलाइज्ड यातायात जंक्शन पर वाहन-टू-इंफ्रास्ट्रक्चर (वी2आई) संचार का उपयोग करके आपातकालीन सेवा वाहन के लिए पहले हरा संकेत प्रदान करती है।

स्मार्ट सिस्टम

पोर्टेबल मौसम निगरानी केंद्र

यह सूक्ष्म जलवायु निगरानी केंद्र है, जो हवा की गति, हवा की दिशा, तापमान एवं सापेक्ष आर्द्रता की निगरानी में सक्षम बनाता है। यह पोर्टेबल मौसम स्टेशन डेटा को एक केंद्रीकृत सर्वर पर दर्ज करता है, जिससे उपयोगकर्ता विश्लेषित डेटा प्राप्त कर सकता है। यह प्रणाली एक आईईईई 802.15.4 अनुकूल संचार नोड है और इसमें एंड नोड्स के डेटा एवं विश्लेषिकी के लिए क्लाउड तथा विज़ुअलाइज़ेशन के लिए वेब को एकीकृत करने के लिए एक गेटवे भी शामिल है।

वाई-फाई समर्थित अग्नि संसूचक

सीडैक द्वारा विकसित अग्नि संसूचक नोड, पर्यावरण में तापमान, सापेक्ष आर्द्रता, एलपीजी रिसाव, धुएं को महसूस करता है और इन मानदंडों को डेटा विश्लेषण एवं कुशल पूर्वानुमान के लिए वाई-फाई कनेक्टिविटी के माध्यम से बैक एंड में भेजता है। आग लगने की घटनाओं में सुरक्षा संबंधी उपाय करने के लिए लक्ष्यित कर्मचारियों को ईमेल या एसएमएस के माध्यम से प्रारंभिक चेतावनी संदेश भेजे जाते हैं। वर्तमान में, ईएमआई / ईएमसी प्रमाणीकरण परीक्षण प्रगति पर है।

वाई-फ़ाई डेटालॉगर

सीडैक ने तापमान एवं सापेक्ष आर्द्रता सेंसर युक्त आईईईई 802.11 बी/जी/एन के अनुकूल वाई-फाई डेटालॉगर विकसित किया है। डेटालॉगर में डिवाइस कॉन्फ़िगरेशन के लिए इंटरैक्टिव वेब इंटरफ़ेस एवं ईमेल और एसएमएस के माध्यम से चेतावनी देने वाली प्रणाली मौजूद है। यह प्रशासकों के लिए एंड्रॉइड आधारित कॉन्फ़िगरेशन टूल प्रदान करता है। ईएमआई / ईएमसी प्रमाणीकरण परीक्षण प्रगति पर है।

वाई-फ़ाई डेटालॉगर

स्मार्ट शहरों के लिए प्रणाली एवं समाधान

स्मार्ट सिटी डैशबोर्ड

सीडैक ऐसी विभिन्न प्रणालियां विकसित कर रहा है, जो स्मार्ट शहरों में ट्रैफिक सूचना प्रबंधन, लाइव वीडियो निगरानी, प्रदूषण सूचकांक प्रणाली, आपातकालीन चेतावनी, कचरा संग्रह नियोजन, मलजल प्रबंधन, जल प्रबंधन आदि को प्रभावी रुप से लागू करने में सक्षम बनाती हैं। सीडैक ने शहर के अधिकारियों और नागरिकों को एक एकीकृत मंच पर पूरे शहर से संबंधित डेटा देखने की सुविधा प्रदान करने के लिए एक स्मार्ट डैशबोर्ड विकसित किया है।

वायु गुणवत्ता निगरानी

मौसम संबंधी स्थितियों में परिवर्तन की वजह से वायु प्रदूषकों की सांद्रता स्थानवार एवं अस्थाई रूप से परिवर्तित होती रहती है, जो स्वास्थ्य एवं तंदुरुस्ती को खतरे में डालती है। सीडैक, शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रदूषण सूचकांकों का आकलन करने एवं देखने के लिए, वायरलेस सेंसर नेटवर्कों के साथ एकीकृत सस्ते एवं सटीक सेंसरों पर आधारित एक निगरानी टूलकिट विकसित कर रहा है।



वायु गुणवत्ता निगरानी का स्क्रीनशॉट

कंडीशनल एक्सेस सिस्टम (सीएएस)

कंडीशनल एक्सेस सिस्टम (सीएएस), केवल अधिकृत दर्शकों को ही टीवी सिग्नल प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। सीडैक बाई-डिज़ाइन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किए जाने वाले भारतीय कंडीशनल एक्सेस सिस्टम में मॉनिटरिंग एजेंसी के रूप में शामिल है, जो कि टीवी चैनल के वितरण के विभिन्न चरणों में इस तरह से उपयोग किया जाता है कि इसे साधारणतया भुगतान किए जाने वाले चैनलों के अनाधिकृत प्रसारण को रोकने के लिए एन्क्रिप्टेड प्रारूप में संचारित किया जा सके। सिग्नल को प्राप्त करने एवं डिक्रिप्ट करने के लिए ग्राहक के परिसर में एक कंडीशनल एक्सेस मॉड्यूल युक्त सेट-टॉप बॉक्स का उपयोग किया जाता है।

सुरक्षा एवं निगरानी

स्मार्ट कार्ड के लिए प्रणालियां एवं समाधान

स्मार्ट डेस्कटॉप बायो सिक्योर लॉगइन

बायो सिक्योर लॉगइन, ऑपरेटर बायोमेट्रिक्स के सत्यापन, स्मार्ट कार्ड प्रमाणीकरण, एवं पिन सत्यापन के माध्यम से डेस्कटॉप पर सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत लगा देता है। यह समाधान सीडैक द्वारा लाइनेक्स आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) - सेंटओएस, आरएचईएल, बॉस, उबंटू के लिए विकसित किया गया है और ओएस के डिफ़ॉल्ट लॉगिन प्रक्रिया में सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी गई है। उच्च सुरक्षा डाटा वाले सुरक्षित सर्वर, वर्कस्टेशन एवं पीसी इस समाधान का लाभ उठा सकते हैं। इस समाधान को प्रमुख सरकारी एजेंसियों के लिए परिनियोजित कर दिया गया है।

स्मार्ट डेस्कटॉप बायो सिक्योर लॉगइन

स्मार्ट कार्ड आधारित पहचान प्रबंधन प्रणाली

सी-डैक ने पहचान प्रबंधन प्रणाली विकसित की है, जिसमें स्मार्ट कार्ड, रीडर, बैकएंड वेब एप्लिकेशन और डाटाबेस सिस्टम शामिल हैं। यह समाधान विभिन्न संस्थागत नीतियों की गतिशीलता एवं उनकी भौगोलिक रूप से वितरित प्रकृति को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। यदि कोई सदस्य एक परिसर से दूसरे में जाता है, तो उसका अभिगम नियंत्रण, उसके वास्तविक जगह पर ध्यान दिए बिना रखा जाएगा। यह दो कारक प्रमाणीकरण युक्त एक सुरक्षित डिजाइन है, जिसमें आधार पर आधारित प्रमाणीकरण भी शामिल है।



स्मार्ट कार्ड आधारित इंटेलीजेंट अटेंडेंस टर्मिनल (आईएटी)

सिटी वीडियो सर्विलांस (शहर वीडियो निगरानी प्रणाली)

सीडैक मानक निगरानी नेटवर्कों को बुद्धिमत्तापूर्ण एवं प्रभावी प्रणालियों में बदलने के लिए घटना एवं वस्तु संसूचन एल्गोरिथ्म विकसित कर रहा है। वीडियो निगरानी प्रणाली चार प्रमुख कार्य, कार्यों की पहचान करना, विशिष्ट व्यक्तियों को खोजना, भीड़ ट्रैकिंग एवं अव्यवस्था संसूचन कर सकती है।

पोर्टेबल सुपरवाइज़री यूनिट एवं प्रोग्रामेबल ऑटोमेशन कंट्रोलर (पीयूएसपीएसी)

पोर्टेबल सुपरवाइजर यूनिट एवं प्रोग्रामेबल ऑटोमेशन कंट्रोलर (पीयूएसपीएसी), डाटा अधिग्रहण, संचार, डाटा लॉगिंग, प्रणाली नियंत्रण एवं सिमुलेशन सहित एक पूर्ण समाधान प्रदान करता है। पीयूएसएपीएसी, सेंसरों से विभिन्न डिजिटल एवं एनालॉग सिग्नल ग्रहण कर सकता है, डेटा स्टोर कर सकता है, प्री-सेट थ्रेशोल्ड के खिलाफ उनकी निगरानी कर सकता है, रिमोट सिस्टम के साथ संचार कर सकता है तथा एक्चुएटर को नियंत्रित भी कर सकता है। वर्तमान में, ईएमआई / ईएमसी प्रमाणीकरण परीक्षण प्रगति पर है। यह प्रणाली छात्रों एवं शोधकर्ताओं के लिए एससीएडीए विकास / शिक्षण प्लेटफ़ॉर्म में, उद्योगों में आरटीयू / पीएसी के रूप में और एससीएडीए सुरक्षा अनुसंधान के लिए प्लेटफ़ॉर्म के रूप में उपयोगी है।

पोर्टेबल सुपरवाइज़री यूनिट एवं प्रोग्रामेबल ऑटोमेशन कंट्रोलर

इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) मिडलवेयर फ्रेमवर्क

सीडैक ने क्लाउड आधारित मिडलवेयर फ्रेमवर्क विकसित किया है, जो रूल इंटरफ़ेस के माध्यम से मानक ऑपरेटिंग प्रक्रियाओं का ऑटोमेशन प्रदान कर सकता है। अलग-अलग प्रणालियों : संरचित, असंरचित, लॉग फाइल, चित्र, ऑडियो फाइलें, संचार रिकॉर्ड, ईमेल आदि से विभिन्न प्रकार का डाटा एकत्रित, संग्रहित एवं वितरित फाइल सिस्टम में अनुरक्षित किया जाता है। यह फ्रेमवर्क अनुप्रयोग के बीच डेटा शेयरिंग के लिए एपीआई प्रदान करता है और प्रमाणीकृत एवं सुरक्षित डाटा शेयरिंग को सक्षम बनाता है।

पावर इलेक्ट्रॉनिकी

स्मार्ट ऊर्जा मीटर

पावर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (NaMPET) कार्यक्रम के अंतर्गत सीडैक द्वारा विकसित स्मार्ट ऊर्जा मीटर तकनीक, उन्नत मीटरिंग अवसंरचना (एएमआई) के लिए भारतीय मानकों IS16444-2015, IS15959 (1), IS15959 (2)-2016 के अनुसार विकसित एक स्मार्ट मीटरिंग तकनीक है। इस स्मार्ट मीटर की मुख्य विशेषताओं में द्वि-दिशीय ऊर्जा प्रवाह माप, द्वि-दिशीय संचार, रिमोट लोड कंट्रोल, छेड़छाड़ एवं घटनाओं की लॉगिंग एवं जीपीआरएस / वाई-फाई, आईआरडीए एवं ब्लूटूथ के साथ कॉनफ़िगरेबल एकीकृत संचार मॉड्यूल शामिल हैं। इस मीटर का संचार उच्च स्तरीय सुरक्षा एवं एन्क्रिप्शन युक्त डीएलएमएस / सीओएसईएम प्रोटोकॉल पर आधारित है। इस तकनीक का उपयोग गैस (एलपीजी), पानी एवं कम वोल्टेज युक्त डीसी ऊर्जा जैसे विभिन्न माध्यमों के मापन के लिए भी किया जा सकता है। **इस वर्ष, 31 अगस्त 2016 को औद्योगिक साझेदार मैसर्स आईटीआई लिमिटेड, पालक्कड को और 5 सितंबर 2016 को मैसर्स पावरटेक एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली को इसका प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) कर दिया गया है।**

स्मार्ट ऊर्जा मीटर

इंटेलिजेंट प्रोटेक्टिव रिले

इंटेलिजेंट प्रोटेक्टिव रिले नोड, लाइन में प्रवाहित धारा या वोल्टेज में होने वाली किसी भी असामान्य वृद्धि को महसूस करता है। यह एक निम्न शक्ति माइक्रोकंट्रोलर के साथ एम्बेडेड होता है, जो कनेक्टेड विद्युत भारों के खराब होने के मामले में सर्किट को ट्रिप कर देता है। यह प्रणाली बैक-अप बैटरी से समर्थित है और विद्युत से असंयोजित हो जाने पर भी काम करती रहती है। वर्तमान में, ईएमआई / ईएमसी प्रमाणीकरण परीक्षण प्रगति पर है।

सामरिक इलेक्ट्रॉनिक्स

हथियारों एवं इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणालियों के लिए वी/यूएचएफ एफएम रिसीवर

वी / यूएचएफ बैंड में एफएम रिसीवर का उपयोग एफएम मॉड्यूलेशन स्कीम का उपयोग करके 25 किलोहट्र्ज की बैंडविड्थ के ओएफ़डीएम आधारित बेसबैंड मॉडेम से सिग्नल प्राप्त करने के लिए किया जाता है। सीडैक द्वारा विकसित रिसीवर एक कॉम्पैक्ट सिस्टम है, जिसका इस्तेमाल बेहतर संवेदनशीलता एवं कोसाइट प्रदर्शन प्रदान करने के लिए वर्तमान में प्रयुक्त किए जा रहे रिसीवर को बदलने के लिए किया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप संचार रेंज बेहतर हो जाती है। यह प्रणाली प्रमुख सरकारी एजेंसियों को प्रदान की गई है।

वी / यूएचएफ रिसीवर

अल्ट्रासोनिक उच्च परिशुद्धता व्यास मापन प्रणाली - प्रीसिस

प्रीसिस का प्रयोग, जल / भारी जल में 10 माइक्रोमीटर से बेहतर उच्च परिशुद्धता युक्त ताप-रोधी कंपोजिट मिश्र धातु की पाइपों की संरचना का व्यास मापने के लिए किया जाता है। यह पाइपों को समयनुसार बदलने की अवधि को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे परमाणु ऊर्जा संयंत्र के रखरखाव की कुल लागत में कमी आती है। नवीन डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग तकनीकों और पर्यावरणीय मानदंडों में परिवर्तन की वजह से त्रुटियों को दूर करने के लिए वास्तविक समय अंशांकन एल्गोरिथ्म का उपयोग करके सटीक व्यास मापन किया जा सकता है। प्रवर्तन में लाने के लिए उपयोगकर्ता एजेंसी द्वारा इसका परीक्षण किया जा रहा है।

उच्च परिशुद्धता व्यास मापन प्रणाली

पोर्टेबल एकाउस्टिक लैंडमाइन डिटेक्टर (पीएएलडी)

पोर्टेबल एकाउस्टिक लैंडमाइन डिटेक्टर (पीएएलडी) जमीन में दबी चीज़ों के ध्वनिक अनुनाद का उपयोग करता है और अद्वितीय ध्वनिक सिग्नेचर की मदद से हलचल से माइन की पहचान करता है। इस प्रणाली में माइन की अनुनाद आवृत्तियों के असंपर्कित ग्राउंड वाइब्रेशन मापन एवं निम्न शक्ति भू-उत्तेजन सहित कई नवाचार शामिल होते हैं। पीएएलडी न्यूनतम वज़न वाला एक निम्न लागत, पोर्टेबल, बैटरी चालित, लैंडमाइन डिटेक्टर है।

मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स

तरंग - डिजिटल प्रोग्राम योग्य श्रवण सहायता

तरंग विशेषताओं से समृद्ध अत्याधुनिक डिजिटल प्रोग्राम योग्य श्रवण सहायता उपकरण है, जो स्वदेश में विकसित 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर आधारित अनुप्रयोग विशिष्ट एकीकरण सर्किट (एएसआईसी) पर आधारित डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग (डीएसपी) तकनीकों का उपयोग करता है। यह एक व्यापक गतिशील रेंज एवं आवृत्ति-निर्भर फ़िल्टरिंग से बेहतर एवं स्थिर विशेषताओं की पेशकश करता है, जो विशिष्ट उपयोगकर्ता के ऑडियोग्राम का बारीकी से मिलान करने में मदद करता है। **यह उत्पाद, राजीव विद्या मिशन (एसएसए), एडीआईपी योजना एवं आरबीएसके योजना जैसी कई सरकारी योजनाओं के अंतर्गत उपयोगकर्ताओं को प्रदान किया गया है। मार्च 2017 तक 50000 इकाइयों की आपूर्ति की गई है।**

अन्य समाधान

ई-लर्निंग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिज़ाइन एवं प्रशिक्षण

सी-डैक प्रायोगिक मैनुअल एवं ई-लर्निंग सामग्रियों के साथ इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन के क्षेत्र में कम लागत वाले बोर्ड विकसित कर रहा है। विकसित प्लेटफॉर्म, जिलिंक्स स्पार्टन-6 एफपीजीए की विशेषता से युक्त उपयोग में आसान निम्न लागत एफपीजीए डेवेलपमेंट बोर्ड है। इसे विशेष रूप से एफपीजीए युक्त डिजिटल सिस्टम डिजाइन का प्रयोग करने एवं सीखने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

जिलिंक्स स्पार्टन-6 एफपीजीए की विशेषता से युक्त निम्न लागत एफपीजीए डेवेलपमेंट बोर्ड

हैंडहेल्ड इलेक्ट्रॉनिक नोज

हैंडहेल्ड इलेक्ट्रॉनिक नोज (एचईएन) एक कृत्रिम घ्राण उपकरण है, जो गंध को समझ सकता है तथा कृषि, बागवानी एवं चाय, चमेली और इलायची जैसे खाद्य उत्पादों के गुणवत्ता मूल्यांकन में उपयोग किया जाता है। यह पोर्टेबल और बैटरी संचालित उपकरण है। **वर्ष के दौरान, उपरोक्त समाधान का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) 29 अप्रैल 2016 को औद्योगिक साझेदार मेसर्स नागार्जुन फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड, हैदराबाद को किया गया था।**

इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) समाधान

सीडैक ने बहुत सी इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) तकनीकें एवं प्रणालियां विकसित की है। इसमें वायरलेस आईपी नेटवर्क गेटवे फ़ॉर ज़ीगबी (वाईआईएनजीज़ेड), उच्च प्रदर्शन वायरलेस संचार के लिए उबिमोट, ब्लूटूथ अनुरूप संचार के लिए ब्ले-मोटे तथा आईईईई 802.11 बी / जी / एन और यूबीसेंस, जेनेरिक सेंसर बोर्ड जैसे समाधान शामिल हैं। **आईओटी उत्पादों का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) औद्योगिक साझेदार मेसर्स इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (ईसीआईएल), हैदराबाद को 12 जुलाई 2016 को किया गया।**

फॉस सहित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी

सीडैक, ई-शासन, निश्शुल्क एवं मुक्त स्रोत सॉफ़्टवेयर (एफओएसएस), सामाजिक विकास एवं ई-लर्निंग डोमेनों में विभिन्न सॉफ्टवेयर समाधानों के विकास एवं नियोजन में पूरी तरह से संलग्न है। इस विषयगत क्षेत्र में वर्ष के दौरान, सीडैक द्वारा की गई विभिन्न गतिविधियों का विवरण नीचे दिया गया है।

ई-शासन

ई-शासन प्लेटफार्म और फ्रेमवर्क

ई-प्रमाण: एक राष्ट्रीय ई-प्रमाणीकरण सेवा

ई-प्रमाण, डेस्कटॉप एवं मोबाइल के माध्यम से सेवाओं के अभिगम के लिए एक सुरक्षित तरीके से विभिन्न सरकारी सेवाओं के उपयोगकर्ताओं को प्रमाणित करने के लिए सीडैक द्वारा विकसित एक समान मानक आधारित राष्ट्रीय ई-प्रमाणीकरण सेवा है। यह फ्रेमवर्क अपना स्वयं का इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए बिना, देश के किसी भी सरकारी विभाग या एजेंसी को मानक आधारित ई-प्रमाणीकरण के उद्देश्य हेतु तेज ऑनबोर्डिंग प्रदान करता है। यह इंटरनेट या मोबाइल उपकरणों के माध्यम से विभिन्न सरकारी सेवाओं का उपयोग करने वाले ई-प्रमाण उपयोगकर्ताओं के क्रेडेंशियल्स की पुष्टि करके विभिन्न स्तरों के आश्वासनों के साथ सुरक्षित प्रमाणीकरण प्रदान करता है। यह विभिन्न प्रमाणीकरण तंत्र, जैसे-पासवर्ड आधारित प्रमाणीकरण, ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण, डिजिटल प्रमाणपत्र आधारित प्रमाणीकरण एवं बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट) आधारित प्रमाणीकरण प्रदान करता है। **मार्च 2017 तक ई-प्रमाण का उपयोग करके 110 सेवाओं को एकीकृत किया गया है और 1,72,67,783 लेनदेन पूर्ण किए गए हैं।**

ई-प्रमाण - एक राष्ट्रीय ई-प्रमाणीकरण सेवा

ईसंगम - ई-शासन सेवा एकीकरण फ्रेमवर्क

ईसंगम, एक सेवा उन्मुख आर्कीटेक्चर (एसओए) आधारित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय ई-शासन सेवा वितरण गेटवे समूह है। एनईजीपी के अंतर्गत एक मिशन मोड परियोजना, ईसंगम (एनएसडीजी), अगस्त 2008 में शुरू की गई थी और वर्तमान में अपने दूसरे चरण में है, जो पांच वर्ष की अवधि के लिए 5 जुलाई 2015 को शुरू हुई थी। ईसंगम, एकीकृत विभागों के बीच सेवाओं के एकीकरण एवं संदेश विनिमय की सुविधा प्रदान करता है। सीडैक कार्यान्वयन एजेंसी की भूमिका निभाता है और मेइटी, भारत सरकार के लिए गेटवे सेवा प्रदाता भी है। **वर्ष के दौरान, सीडैक ने विभिन्न सेवाओं जैसे- दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली केंद्र शासित प्रदेशों के ई-डिस्ट्रिक्ट अनुप्रयोग की 139 सेवाओं, एनएसडीएल के माध्यम से सीबीडीटी की पैन और टैन जारी करने की सेवाओं एवं कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग तथा उड़ीसा राज्य उद्योग विभाग की कुछ सेवाओं को एकीकृत किया है।**



ईसंगम अवसंरचना

मोबाइल सेवा - एक राष्ट्रीय मोबाइल गवर्नेंस प्लेटफार्म

मोबाइल सेवा एक राष्ट्रीय मोबाइल गवर्नेंस प्लेटफार्म है, जो मोबाइल आधारित चैनलों जैसे- एसएमएस, यूएसएसडी, आईवीआरएस एवं मोबाइल ऐप्स के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं के वितरण की सुविधा प्रदान करता है। एसएमएस, यूएसएसडी एवं आईवीआरएस आधारित सेवाएं बहुत ही बुनियादी स्तर के फोन के माध्यम से नागरिकों के लिए सुलभ हैं। मोबाइल सेवा प्लेटफार्म एक सरकारी ऐप स्टोर प्रदान करता है, जो विभिन्न सरकारी विभागों के लिए विकसित किए गए कई मोबाइल एप्लिकेशनों को होस्ट करता है। यह ऐप स्टोर कई मोबाइल प्लेटफॉर्मों (जैसे-एंड्रॉइड, जावाएमई इत्यादि) के लिए एप्लिकेशनों की होस्टिंग करने में सहायता करता है। सरकारी विभाग मोबाइल उपकरणों के माध्यम से अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन विकसित एवं परिनियोजित कर सकते हैं। वर्ष के दौरान इस प्लेटफार्म के माध्यम से 1387 विभागों को एकीकृत किया गया तथा कुल 3576 सरकारी विभागों को मोबाइल सेवा का उपयोग कर एकीकृत कर दिया गया है।

ई-शासन अनुप्रयोग एवं सेवाएँ

ईपीएफ़ओ के लिए एकीकृत पोर्टल

सीडैक ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लिए एक एकीकृत पोर्टल विकसित किया है। यह पोर्टल, प्रतिष्ठान के ऑनलाइन पंजीकरण (ओएलआरई), यूनिवर्सल अकाउंट नंबर आवंटन, इलेक्ट्रॉनिक चालान सह प्रेषण, पांच राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ एकीकरण, भारतीय अद्वितीय पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ एकीकरण, सदस्य के केवाईसी पंजीकरण के लिए डेमोग्राफ़िक आधार प्रमाणीकरण, पैन सत्यापन सेवाओं के लिए आयकर पोर्टल के साथ एकीकरण, ई-बिज़, ई-निवेश एवं श्रम सुविधा पोर्टल के साथ एकीकरण की सुविधा प्रदान करता है। यह पोर्टल लगभग 40 मिलियन सक्रिय सदस्यों के लिए लगभग 6 लाख प्रतिष्ठानों द्वारा प्रति माह भुगतान की जाने वाली लगभग रु. 10,000 करोड़ की राशि के लेनदेनों को हैंडल करता है।

ईपीएफ़ओ के लिए प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई)

सीडैक ने ईपीएफओ के लिए प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) के लिए एक समाधान विकसित किया है, ताकि ईपीएफ अधिनियम के अंतर्गत कवर किया गया एक प्रतिष्ठान, जो कस्टम क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल करके एकीकृत पोर्टल में लॉगिन करता है, या तो आवंटित पीएफ कोड या श्रमिक पहचान संख्या (एलआईएन) का उपयोग करके पीएमआरपीवाई के पोर्टल में प्रवेश कर सकता है। यह समाधान यूआईडीएआई के साथ आधार सत्यापन, योजना के आंकड़ों की निगरानी करने के लिए व्यापक एमआईएस तथा प्रतिष्ठान के ईपीएफ़ओ अकाउंट में दिए गए लाभों का वितरण के लिए इंडियन बैंक के साथ एकीकरण, की सुविधा प्रदान करता है।

भारतीय निर्वाचन आयोग ईसीआई के लिए समाधान

भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की राष्ट्रीय ई सेवाओं का शुभारंभ *(http://nvsp.in)*

राष्ट्रीय वोटर सेवा पोर्टल (एनवीएसपी) आईसीटी के इष्टतम उपयोग के माध्यम से भारत के नागरिकों को ईसीआई की सेवाओं के ईवितरण की कल्पना करता है। इस पहल के मुख्य बिंदुओं में डेमोग्राफिक विवरणों एवं ईपीआईसी नंबर पर आधारित खोज, कीबोर्ड एवं स्वतः ट्रांसलिट्रेशन समर्थन के साथ 14 भारतीय भाषाओं में ई-रोल में समावेश, संशोधन एवं निष्कासन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने, आवेदन की स्थिति का पता लगाने की सुविधा, बीएलओ/ईआरओ/डीईओ/सीईओ एवं मतदाता क्षेत्र/भाग की जानकारी प्राप्त करने, पारिवारिक विवरण, अनुपस्थित, शिफ़्ट कर गए एवं मृत मतदाताओं के विवरण शामिल करने, ईपीआईसी नंबर के साथ आधार नंबर लिंक करने की सुविधा, ईसीआई अधिकारियों के लिए सेवाएं, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय डेट आवेशों के बीच सिंक्रोनाइजेशन सेवाएं, डिजिटल रिपॉजिटरी एवं ज्ञान का प्रबंधन, नागरिकों के लिए मोबाइल एप्लीकेशन तथा बूथ लेवल अधिकारियों के लिए ईआरओनैट मोबाइल अनुप्रयोग शामिल हैं।

इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस)

इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) *(http://etpbs.in)* सर्विस वोटरों के उपयोग के लिए ईसीआई के सहयोग से सीडैक द्वारा विकसित किया गया है। यह एक पूर्णतया सुरक्षित प्रणाली है, जो हकदार सर्विस वोटरों को उनके मतदाता क्षेत्र के बाहर कहीं से भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त किए गए पोस्टल बैलेट का उपयोग करके उनका वोट देने में सक्षम बनाती है। इलेक्ट्रॉनिक रूप से ट्रांसमिट किए गए पोस्टल बैलेट के लिए हकदार मतदाता / सर्विस वोटर इस प्रणाली का उपयोग करके अपना वोट देने का विकल्प अपना सकते हैं। इस विकल्प का चयन करने वाला मतदाता किसी विशेष चुनाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से ट्रांसमिट किए गए पोस्टल बैलेट के लिए हकदार होगा। हकदार वोटरों के लिए पोस्टल बैलेट सभी श्रेणियों में एक समान होंगे। यह वास्तविक समय आधार पर हकदार वोटर को इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रारूप में प्रदान किए जाएंगे। **इस प्रणाली का प्रारंभिक एवं परीक्षण कार्यान्वयन वर्ष 2017 के दौरान उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा एवं मणिपुर राज्य के आम चुनावों में किया गया था।**

केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन के लिए प्रणाली (सुगम)

सीडैक ने, केंद्रीय औषध मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) को आवेदन करने से शुरू करके सीडीएससीओ से अनुमोदन एवं लाइसेंस प्राप्त होने तक, उपयोगकर्ता के आवेदन के पूरे जीवन चक्र को आसान बनाने के लिए सीडीएससीओ के लिए सुगम नामक एक वेब आधारित प्रणाली विकसित की है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में आवेदनों की स्थिति की वास्तविक समय आधारित ट्रैकिंग, विश्लेषणात्मक डैशबोर्ड एवं प्रतिक्रियाशील यूआई, डाटा माइनिंग, सांख्यिकी विश्लेषण, रिपोर्ट तैयार करना तथा अलर्ट एवं नोटिफिकेशन शामिल है। वर्ष के दौरान भारत में दवा एवं टीकों के चिकित्सकीय परीक्षण के आयोजन, भारत में नई दवाओं का निर्माण/ आयात करने की अनुमति प्रदान करना, भारत में दवा निर्माण सहायता एवं औषधि संघटनों के लिए विस्तृत डाटाबेस तैयार करना, भारत में स्थित दवा के थोक व्यापारियों एवं खुदरा विक्रेताओं के लिए विस्तृत डाटाबेस तथा दवा के नमूनों का परीक्षण के लिए प्रक्रिया का ऑटोमेशन एवं रिपोर्ट तैयार करने के साथ ही दवाओं/ टीकों के लिए विस्तृत डाटाबेस सहित विभिन्न प्रक्रियाओं को संचालित किया गया है।

ई-हस्ताक्षर - सीडैक की ई-हस्ताक्षर सेवा

सीडैक ने ई-हस्ताक्षर - सीडैक की ई-साईन सेवा विकसित की है, जो नागरिकों द्वारा एक कानूनी रूप से स्वीकार्य प्रारूप में ऑनलाइन दस्तावेजों को तुरंत हस्ताक्षरित करने की सुविधा प्रदान करती है। इसका उपयोग करके, एक पंजीकृत मोबाइल नंबर युक्त आधार कार्ड धारक, अपने आधार कार्ड की मदद से कभी भी, कहीं भी, किसी भी उपकरण का उपयोग करके, किसी फॉर्म/दस्तावेज पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षर कर सकता है। ई-हस्ताक्षर के माध्यम से, सीडैक उपयोगकर्ताओं को बाधारहित पूर्णतया कागज रहित नागरिक सेवाएं एवं सुविधा प्रदान करता है। सीडैक ऑनलाइन प्रमाणन एवं आधार ई केवाईसी सेवा के लिए भारतीय अद्वितीय पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की सेवा का उपयोग करता है। वर्ष के दौरान, सीडैक ने ई साइन सेवा का लाभ उठाने के लिए विभिन्न सरकारी एवं निजी एजेंसियों के साथ एकीकरण किया है। **31 मार्च 2017 तक, 26 एजेंसियों के लिए लगभग 10 लाख ईहस्ताक्षर हुए हैं।**

इलेक्ट्रॉनिक परियोजना प्रस्ताव प्रबंधन प्रणाली (ई-पीपीएमएस)

सीडैक ने वित्तपोषित शोध परियोजनाओं के जीवन काल को प्रबंधित करने, शोधकर्ताओं को प्रस्ताव, ऑनलाइन प्रस्तुत करने में सक्षम बनाने, प्रस्तावों का तकनीकी मूल्यांकन करने, वित्तीय अनुमोदन एवं प्रस्तावों की स्थिति का पता लगाने आदि के लिए इलेक्ट्रॉनिक परियोजना प्रस्ताव प्रबंधन प्रणाली (ईपीपीएमएस) नामक एक समाधान विकसित किया है। **वर्ष के दौरान, आयुर्वेदिक बायोलोजी प्रोग्राम, जे सी बोस फेलोशिप, पेशेवर निकायों को वित्तीय सहायता तथा सेमिनार/संगोष्ठियों एवं सशक्तिकरण तथा विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सामान अवसरों सहित विज्ञान एवं अभियांत्रिकी शोध बोर्ड (एसईआरबी) की चार प्रमुख योजनाएं/ कार्यक्रमों को ऑनलाइन प्रणाली में शुभारंभ किया गया।**

कार्य एवं लेखा प्रबंधन जानकारी प्रणाली (डबल्यूएएमआईएस)

वामिस (डबल्यूएएमआईएस) - कार्य एवं लेखा प्रबंधन जानकारी प्रणाली, किसी भी निर्माण पर योजना के आरंभ से लेकर इसके पूर्ण होने तक परियोजना कार्य के पूरे जीवन काल को शामिल करने के लिए सी-डैक द्वारा डिजाइन एवं विकसित एक विस्तृत समाधान है। इस प्रणाली को 400 प्रभागीय कार्यालयों को शामिल करते हुए जल संसाधन विभाग, पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण कार्य, वन, सड़क निर्माण एवं भवन निर्माण सहित झारखंड राज्य के 6 विभागों में कार्यान्वित किया जा रहा है। **इसका औपचारिक शुभारंभ 11 फरवरी 2017 को झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास जी द्वारा किया गया था।**

सिक्किम के लिए ग्लेशियर झील प्रबंधन एवं जीएलओएफ समयपूर्व-चेतावनी प्रणाली

सी-डैक ने ग्लेशियर झील प्रबंधन एवं ग्लेशियर झील आउटबर्स्ट बाढ़ (जीएलओएफ़) समय पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की है तथा सिक्किम में परिनियोजित की है। यह हिमनदीय झीलों के अतिप्रवाह के मामले में उस क्षेत्र से लोगों को हटाने के लिए प्रशासन को समय पर चेतावनी देने के लिए उपयोगी है। वास्तविक समय आधार पर हिमनदीय झीलों में जल स्तर की निगरानी करने के लिए अल्ट्रासोनिक स्तर के सेंसर, सी-डैक द्वारा स्वदेश में डिजाइन एवं विकसित किए गए हैं। वर्तमान में, इन सेंसरों को कुप्पुप छो एवं दक्षिणी लोनाक छो में परिनियोजित किया गया है। गंगटोक में स्थित बेस स्टेशन के साथ सेंसर संचार एवं डाटा ट्रांसमिशन स्थापित किया गया है।

आईटी सक्षम परिचालन, रखरखाव एवं सेमीकंडक्टर इंटीग्रेटेड सर्किट लेआउट डिजाइन रजिस्ट्री (एसआईसीएलडीआर)

सी-डैक ने ऑनलाइन आईसी डिजाइन पंजीकरण एवं सेमीकंडक्टर इंटीग्रेटेड सर्किट लेआउट डिजाइन अधिनियम 2000 और नियम 2001 के अनुसार अभिलेखों का रखरखाव करने में सुविधा प्रदान करने के लिए एसआईसीएलडीआर के लिए एक पायलट समाधान विकसित किया है। इस समाधान के भाग के रूप में, डिजाइन पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन देने के लिए एक ई-फ़ाइल प्रणाली और ऑनलाइन प्रस्तुत किए गए आवेदनों की प्रोसेसिंग के लिए ई-प्रोसेसिंग एप्लिकेशन विकसित किए गए हैं।

निःशुल्क एवं मुक्त स्रोत सॉफ्टवेयर समाधान (फॉस)

बॉस लिनक्स

पूरे भारत में मुफ्त/ ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के उपयोग को बढ़ाने के लिए सी-डैक द्वारा भारत ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस (बॉस) जीएनयू/ लिनक्स विकसित किया गया है। यह सरकारी डोमेन में उपयोग के लिए प्रासंगिक पैकेज एवं भारतीय भाषाओं का सपोर्ट प्रदान करता है। वर्ष के दौरान, सीडैक ने डिफेंस फोर्स के लिए बीओएसएस वैरियंट के बहुत से परिनियोजन/ अद्यतन किए हैं। **तमिलनाडु छात्र लैपटॉप योजना के अंतर्गत बीओएसएस के लगभग 15 लाख परिनियोजन तथा ओडिशा सरकार के लिए लैपटॉप योजना के अंतर्गत करीब 15000 परिनियोजन किए गए थे।**

बीओएसएस एंटरप्राइज मैनेजमेंट सुइट

सी-डैक बीओएसएस एंटरप्राइज मैनेजमेंट सुइट विकसित कर रहा है, जिसका लक्ष्य सरकारी एवं रणनीतिक सेक्टरों में एंटरप्राइज लोकल एरिया नेटवर्क (एलएएन)/ वाइड एरिया नेटवर्क (डबल्यूएएन) संबंधी प्रबंधन मुद्दों के लिए समाधान प्रदान करना है। इसकी मुख्य विशेषताओं में उपयोगकर्ता प्रबंधन, होस्ट प्रबंधन, ओएस एवं एंटीवायरस अपडेट के साथ आस्ति प्रबंधन, नीति प्रबंधन, आईडी प्रबंधन एवं फाइल सर्वर आदि शामिल हैं। यह सुइट वर्तमान में संकल्पनात्मक सेटअप के साक्ष्य के रूप में भारतीय सेना एवं भारतीय जल सेना के लिए परिनियोजित किया जा रहा है।



बॉस एंटरप्राइज़ मैनेजमेंट सुइट आर्किटेक्चर

एडुबॉस

एडुबॉस, शिक्षकों के सहयोग से सीडैक द्वारा विकसित बॉस लिनक्स का शैक्षणिक प्रारूप है। यह प्राथमिक एवं उच्चतर स्तर के विद्यालयों के लिए उपयोगी शैक्षणिक एप्लीकेशन युक्त पूर्ण विशेषताओं वाला, उपयोगकर्ता-अनुकूल लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम है। यह इंटरैक्टिव शिक्षण सामग्री के निर्माण की सुविधा प्रदान करता है। **वर्ष के दौरान, सी-डैक ने महाराष्ट्र के सरकारी स्कूलों एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय (डीओटीई) तमिलनाडु में एडुबॉस के 1000 से अधिक परिनियोजन किए हैं।**

नैव-आईओएस

नवलओएस भारतीय नौसेना के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया अनुकूलित सुरक्षित ऑपरेटिंग सिस्टम है। इसकी मुख्य विशेषताओं में बेहतर लॉगिन सुरक्षा, सुरक्षित फ़ाइल सिस्टम परमिशन, अधिक लॉगिंग एवं ऑडिट की जानकारी एवं परिभाषित घटनाओं के लिए अलर्ट शामिल हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। **वर्ष के दौरान, भारतीय नौसेना के लिए, नवलओएस के लिए कई परिनियोजन किए गए थे।**

स्व-जागरूक सेवा उन्मुख घटक आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम

सीडैक ने आईआईटी मद्रास के शोध कार्यों पर आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम पर निर्भर सेवा उन्मुख घटक का विकास किया है। बॉस मूल एवं बॉस धारा नामक ऑपरेटिंग सिस्टम के दो प्रकार विकसित किए गए हैं। **वर्ष के दौरान, बहुत से विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों ने अपनी प्रयोगशालाओं में बॉस मूल अपनाने के लिए एमओयू हस्ताक्षरित किए हैं तथा इसके लिए विभिन्न कार्यशालाएं भी आयोजित की गई हैं।** सीडैक ने देशभर में विभिन्न सरकारी विभागों एवं शैक्षणिक संस्थानों में लगाए जाने वाले लैपटॉप/ डेस्कटॉप/ सर्वर में बॉस मूल ऑपरेटिंग सिस्टम लगाने के लिए फ़ुजित्सू के साथ एक एमओयू भी हस्ताक्षरित किया है।

ई-लर्निंग

स्कूलों में ऑनलाइन प्रयोगशालाओं का शुभारंभ

अमृता यूनिवर्सिटी के सहयोग से सीडैक ने प्रथम चरण में अंग्रेजी भाषा में कक्षा 9 एवं 10 के लिए भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के प्रयोगों को शामिल करते हुए ऑनलाइन प्रयोगशालाएं (ओलैब्स) विकसित की है और फिर प्रयासों को अन्य भाषाओं, जैसे- हिंदी, मराठी, मलयालम, आदि में उच्च कक्षाओं (9-12) के लिए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान एवं अंग्रेजी जैसे अन्य विषयों के लिए विस्तृत किया है। सीडैक, ओलैब्स को पूरे भारत में छात्रों एवं अध्यापकों की पहुंच में लाने एवं उनके लिए उपयोगी बनाने के लिए संरचनात्मक एवं सपोर्ट फ्रेमवर्क तैयार करने की एक पहल पर काम कर रहा है। **वर्ष के दौरान, सीडैक ने 45 कार्यशालाएं आयोजित कीं तथा 11 राज्यों के 638 स्कूलों से 1422 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। लगभग 3638 स्कूलों को शामिल करते हुए लगभग 11889 अध्यापकों को सी-डैक एवं अमृता यूनिवर्सिटी, दोनों के द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।**

ईबस्ता- विद्यालयी पुस्तकों से ई-पुस्तकों तक

सरकार की डिजिटल इंडिया पहल का अनुपालन करते हुए, सी-डैक ने स्कूल बुक्स को डिजिटल प्रारूप यानी ईबुक के रूप में पहुंच में लाने के लिए चलाई जा रही डिजिटली इंक्लूसिव स्मार्ट कम्यूनिटी नामक परियोजना के एक हिस्से के रूप में ई-बस्ता नामक फ्रेमवर्क विकसित किया है। इसका उद्देश्य छात्रों के लिए स्कूल पुस्तकों के बोझ को कम करना, विशेषकर दूरस्थ स्थानों में, पुस्तकों के प्रकाशन, परिवहन और वितरण में आने वाली लॉजिस्टिक समस्याओं से निपटने में विद्यालयों एवं शिक्षकों को सक्षम बनाना, और एडिटिंग चक्र तथा पुस्तक सामग्री के बदलने के समय को काफ़ी छोटा करना, जो आज सर्वोत्तम रूप से एक वार्षिक चक्र के रूप में सीमित हैं। सीबीएसई, राज्य बोर्डों एवं निजी प्रकाशकों द्वारा पोर्टल पर कुल 1768 पुस्तकें [1735 पीडीएफ +8 ईपब + 25 एमपी4] प्रकाशित की गई हैं। सशुल्क सामग्री के भुगतान को *http://paygov.in* के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। ईबस्ता के बारे में जागरुकता फैलने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

निरंतर एवं व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) फ्रेमवर्क

सीडैक, सीबीएसई की सीसीई योजना का उपयोग करते हुए स्कूलों की जटिल आकलन गतिविधियों का प्रबंधन करने के लिए अमृता विश्व विद्यापाठम के सहयोग से स्कूलों / शिक्षकों के लिए एक कंप्यूटर सक्षम सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) फ्रेमवर्क विकसित कर रहा है। इस फ्रेमवर्क में निर्माणात्मक एवं योगात्मक आकलनों का प्रबंधन करना, शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक क्षेत्रों के लिए विद्यार्थियों के आंकड़ों जैसे- अंक, ग्रेड और प्रतिशत की गणना एवं भंडारण करना तथा छात्रों के प्रदर्शन संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण करना शामिल है। केरल में अमृता स्कूल नेटवर्क में सीसीई प्रणाली परिनियोजित की जा चुकी है और सार्वजनिक उपयोग के लिए *http://www.amf4schools* पर भी परिनियोजित की गई है।

ऑगमेंटेड रियलीटी (एआर) बुक ऐप

सी-डैक ने एक ऑगमेंटेड रियलीटी (एआर) बुक ऐप विकसित किया है, जो इंटरैक्टिव 3डी, वीडियो, ऑडियो सामग्री एवं एनीमेशन जैसी संवर्धित सामग्री को प्रासंगिक रूप से नए आयाम जोड़कर दिखा सकता है। एआर बुक ऐप फ्रंट कैमरा एवं किताब की सामग्री के भंडारण के लिए पर्याप्त मेमोरी युक्त किसी भी एंड्रायड डिवाइस पर चलाया जा सकता है। अपनी खुद की एआर पुस्तकें लिखने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए उपयोग में सरल लेखन उपकरण उपलब्ध है। किसी भी एआर बुक को पुनर्मुद्रित करने की आवश्यकता के बिना एआर बुक के लेखक द्वारा पुस्तक के संदर्भ से लेकर सामग्री तक को संशोधित भी किया जा सकता है। **इस प्रौद्योगिकी को 12 जुलाई 2016 को औद्योगिक साझेदार मेसर्स अमेज इंफोटेनमेंट हैदराबाद को हस्तांतरित कर दिया गया है।**

ऑगमेंटेड रियलीटी (एआर) बोर्ड एप्लिकेशन

सीडैक ने इंटरैक्टिव संदर्भात्मक जानकारी के प्रस्तुतीकरण हेतु एक आभासी ड्राइंग बोर्ड बनाने के लिए एक एप्लीकेशन विकसित किया है। उपयोगकर्ता लाल लेजर पॉइंटर पेन से इस बोर्ड पर लिख सकता है तथा इस पर ड्रा करने के लिए पेन के बोर्ड के साथ किसी भी भौतिक संपर्क की आवश्यकता नहीं है। इसमें लाइन की चौड़ाई एवं रंग विकल्प, ड्राइंग को अनडू, रीडू, संग्रहीत एवम पुनः प्राप्त करने तथा सममितीय ड्राइंग जैसे कुछ अतिरिक्त विशेष मोड सहित एक सॉफ्टवेयर ड्राइंग टूल की कई क्षमताएं मौजूद हैं। एआर बोर्ड का उपयोग एक ओवरहेड प्रोजेक्टर एवं एक कंप्यूटर युक्त कक्षा/ परिचर्चा कक्ष वाले परिदृश्यों में एक उपयुक्त डिजिटल कैमरा/ वेबकैम के उपयोग के साथ प्रेजेंटेशन चलाने के लिए उपयोग किया जा सकता है। यह श्रोताओं के लिए एकाधिक आकर्षक एवं जानकारी देने वाला अनुभव प्रदान करता है। **वर्ष के दौरान, इस समाधान का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) 12 जुलाई 2016 को औद्योगिक साझेदार मेसर्स अमेज इंफ़ोटेनमेंट, हैदराबाद को कर दिया गया था।**

सामाजिक विकास के लिए आईसीटी

विकासपीडिया पोर्टल संवर्धन

विकासपीडिया, अंग्रेजी के अतिरिक्त देश की सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में जानकारी, उत्पाद एवं सेवाओं के प्रावधान के माध्यम से गरीब एवं वंचित समुदायों को समृद्ध बनाने के लिए सीडैक द्वारा विकसित किया गया एक बहुभाषी, बहुक्षेत्रीय ज्ञान पोर्टल है। वर्ष के दौरान, प्लेटफार्म की उपयोगिता को बेहतर बनाने के लिए विकासपीडिया पोर्टल में अतिरिक्त विशेषताओं को समावेशित किया गया था। इन विशेषताओं में भाषा पोर्टलों की क्रॉस लिंकिंग, अन्य जानकारी पोर्टलों के साथ विकासपीडिया डाटा की साझेदारी को सक्षम करने के लिए एपीआई का विकास एवं नव भारतीय भाषाओं में स्क्रीन रीडर अभिगम के एक भाग के रूप में टीडीआईएल के भारतीय भाषा टीटीएस का एकीकरण शामिल हैं। **क्षेत्रीय भाषाओं में डिजिटल सामग्री का अभिगम एवं साझेदारी प्रदान करने हेतु 54280 प्रथम स्तरीय सेवा प्रदाताओं की क्षमताओं का निर्माण करने के लिए 20 राज्यों एवं 2 केंद्र शासित प्रदेशों में विभिन्न स्तरों (ब्लॉक/ जिला/ राज्य) पर विकासपीडिया से संबंधित 434 आउटरीच कार्यशालाएं आयोजित की गई थी। विभिन्न साझेदार एजेंसियों के माध्यम से लगभग 990 कार्यक्रम आयोजित करने के द्वारा डिजिटल भुगतान पर विशेष अभियान भी चलाया गया था, जिसमें 21 राज्यों के 2360 ब्लॉकों में से लगभग 32 लाख लोगों को शामिल किया गया।**

विकासपीडिया पोर्टल

सिलचर, असम के बुनकरों एवं कारीगरों के लिए आईटी सक्षम कम्प्यूटर एडेड डिज़ाइन

इस पहल का उद्देश्य मास्टर प्रशिक्षकों के एक पूल का निर्माण करना है, जो बदले में अन्य बुनकरों / कारीगरों को प्रशिक्षण देंगे। सीडैक ने मौजूदा आईटी-आधारित उपकरणों एवं तकनीकों का उपयोग करके नए डिज़ाइन बनाने के लिए सिलचर, असम के बुनकरों/कारीगरों के कौशलों का अद्यतन करने की इसकी पहल के एक हिस्से के रूप में पहले बैच के 22 मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। दूसरे बैच के 16 प्रमुख प्रशिक्षकों को भी प्रशिक्षण प्रदान प्रदान किया जा रहा है। लगभग 451 डिजाइन भी तैयार किए गए हैं।

नागरिक सुविधा सेवाएँ

नम्मा मेट्रो ऐप

बेंगलुरु में यात्रियों को एकीकृत सार्वजनिक परिवहन की जानकारी देने के लिए सी-डैक ने एक एंड्रॉइड ऐप विकसित किया है। इसमें यात्रियों के लिए बेंगलुरू मेट्रो मार्ग पर किन्हीं भी दो स्थानों के बीच अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए एक ट्रिप प्लानर है। मेट्रो स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं के बारे में सभी जानकारी इस एप्लिकेशन द्वारा प्रदान की जाती हैं। इसकी अन्य प्रमुख विशेषताओं में रियल टाइम ट्रेन टाइमिंग, किराया, फीडर बस टाइमिंग एवं संदेश सेवा शामिल हैं। **इस एप्लिकेशन को आधिकारिक तौर पर 4 नवंबर 2016 को बेंगलुरु मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (बीएमआरसीएल) द्वारा शुभारंभ किया गया था।**



नम्मा मेट्रो ऐप

जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए राज्य पोर्टल एवं एसएसडीजी के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म आवेदन

सी-डैक जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लिए एक पहल पर काम कर रहा है, जो नागरिकों को एक कॉमन गेटवे के माध्यम से फॉर्म डाउनलोड करने तथा इलेक्ट्रॉनिक रूप से आवेदन जमा करने में सक्षम बनाता है। विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए वर्तमान में उपलब्ध भौतिक फॉर्मों को ई-फॉर्म में रूपांतरित किया जाना है तथा इसे राज्य पोर्टल के माध्यम से नागरिकों के लिए उपलब्ध कराया जाना है। फिर प्रस्तुत किए गए ई-फॉर्म को राज्य सेवा वितरण गेटवे (एसएसडीजी) के माध्यम से वह विशिष्ट सेवा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार संबंधित विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजा जाता है। यह उन प्रक्रियाओं के अनुक्रमिक कम्प्यूटरीकरण की ओर पहला कदम है, जिनमें जी2सी सेवा वितरण शामिल है। **वर्ष के दौरान, जम्मू एवं कश्मीर एसएसडीजी परियोजना की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना और एकीकृत सामाजिक सुरक्षा योजना को राज्य डेटा सेंटर, जम्मू में परिनियोजित किया गया है।**

उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए केंद्रीय ई-नीलामी पोर्टल

उत्तर-पूर्वी किसानों के उत्पादों की बेहतर मूल्य पर लाइव नीलामी आयोजित करने के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन निगम लिमिटेड के उपयोगार्थ उत्तर पूर्वी क्षेत्र में उत्तर पूर्वी राज्यों के लिए केंद्रीय ई-नीलामी पोर्टल (https://eauction-neramac.in) विकसित एवं नियोजित किया गया है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में खरीदारों एवं विक्रेताओं का पंजीकरण, शुरुआत/ समाप्ति समय के साथ आइटम-लॉट वार नीलामी घोषणा, नीलामी के लिए माल प्राप्ति, खोज, सुरक्षित सर्वर पर ऑनलाइन बिडिंग, विजेताओं को अधिसूचना, बेचे गए माल के शिपमेंट में सहायता, भुगतान लेन-देन, विक्रय आदेश जारी करना, ना बिकने वाले माल को वापस लौटाना, ऑडिट ट्रेल, बिडिंग इतिहास एवं रिपोर्ट आदि शामिल हैं। **इस प्रणाली को 10 अगस्त 2016 को गंगटोक में सिक्किम सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं कृषि विकास मंत्री, माननीय श्री सोमनाथ पौड्याल द्वारा शुभारंभ किया गया।**

साइबर सुरक्षा एवं साइबर फोरेंसिक

सीडैक ने बड़े पैमाने पर परिनियोजनों के लिए लक्ष्यित विभिन्न साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक समाधान विकसित किए हैं। इस वर्ष के दौरान सी-डैक ने मौजूदा समाधानों में वृद्धि की तथा विभिन्न समाधानों का परिनियोजन एवं प्रसार संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया। इसके साथ साथ, सीडैक ने भेद्यता मूल्यांकन एवं भेदन परीक्षण, कौशल-आधारित प्रशिक्षण एवं राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करने जैसी सेवाएं प्रदान करने में भी सक्रिय योगदान दिया। इस विषयगत क्षेत्र में 2016-17 के दौरान की गई गतिविधियों को नीचे सूचीबद्ध किया गया है।

एंडपॉइंट सुरक्षा समाधान (डेस्कटॉप एवं मोबाइल)

यूएसबीप्रतिरोध एक सॉफ्टवेयर समाधान है, जो पोर्टेबल यूएसबी मास स्टोरेज डिवाइस, जैसे-पेन ड्राइव, बाहरी हार्ड ड्राइव, सेलफोन, आइपॉड एवं कैमरा के अनधिकृत उपयोग को नियंत्रित करता है। यूएसबी मास स्टोरेज डिवाइस को पंजीकृत किया जाता है तथा उपयोगकर्ताओं के साथ बंधित कर दिया जाता है। केवल अधिकृत उपयोगकर्ता ही पंजीकृत डिवाइस का उपयोग कर सकते हैं। यह समाधान यूएसबी डिवाइस की सामग्री के डाटा एन्क्रिप्शन, ऑटो रन सुरक्षा, अनुमानिक विश्लेषण का उपयोग करके मालवेयर का पता लगाना एवं कॉन्फ़िगर करने योग्य पाठन/लेखन विशेषाधिकार संरक्षण का समर्थन करता है। इसे आईआरआईएसईटी हैदराबाद, ईसीआईएल हैदराबाद, आईडीआरबीटी हैदराबाद, एमएसडीजी प्रोजेक्ट, हैवी वाटर वर्क्स एवं विभिन्न डिफेंस एजेंसियों द्वारा उपयोग के लिए अपनाया गया है।

एम-कवच मोबाइल उपकरणों से संबंधित विभिन्न खतरों को दूर करने के लिए एंड्रॉइड उपकरणों के लिए एक व्यापक मोबाइल डिवाइस सुरक्षा समाधान है, जो एम-जीओवी एवं प्लेस्टोर पर उपलब्ध है। एम-कवच वाई-फाई, ब्लूटूथ एवं कैमरा जैसे संसाधनों के अनधिकृत अभिगम को रोकता है और जावास्क्रिप्ट मालवेयर से सुरक्षा करता है। उपयोगकर्ता मोबाइल वैलेट, सोशल मीडिया एप्स आदि जैसे महत्वपूर्ण एप्लीकेशनों के उपयोग को प्रतिबंधित कर सकते हैं तथा अवांछित कॉल को भी ब्लॉक कर सकते हैं। यह डिवाइस खो जाने/ चोरी होने के मामले में डिवाइस पर सिम कार्ड के परिवर्तनों को ट्रैक करने में भी उपयोगकर्ताओं की मदद करता है तथा दूर से संपर्क / कॉल-लॉग्स मिटाने एवं डिवाइस को फ़ैक्ट्री रीसेट किए जाने का विकल्प प्रदान करता है।

ऐपसैमविड, विंडोज आधारित पीसी के लिए वाइटलिस्टिंग सॉफ्टवेयर है। यह सॉफ्टवेयर स्टैंडअलोन संस्करण के रूप में उपलब्ध है तथा अज्ञात एप्लिकेशन / मालवयर के माध्यम से उत्पन्न होने वाले खतरों से उपयोगकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने में मदद करता है। सिस्टम पर चलने वाले सभी एप्लीकेशनों की निगरानी की जाती है तथा केवल ह्वाइटलिस्टेड आइटमों को निष्पादन की अनुमति दी जाती है और अन्य सभी आइटमों को अवरुद्ध कर दिया जाता है।

वर्ष के दौरान, यूएसबी प्रतिरोध, एम-कवच एवं ऐपसैमविड के उन्नत संस्करणों को 21 फरवरी 2017 को नई दिल्ली में साइबर स्वच्छता केंद्र के उद्घाटन के एक हिस्से के रूप में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, माननीय श्री रवि शंकर प्रसाद द्वारा मुफ्त डाउनलोड के लिए लॉन्च किए गए थे। आज तक, USB प्रतिरोध के लगभग 16000 डाउनलोड, एम कवच के 1 लाख डाउनलोड तथा ऐपसैमविड के 12000 डाउनलोड किए जा चुके हैं।

साइबर खतरा विश्लेषक

सी-डैक ने साइबर हमले के विश्लेषण एवं मॉडलिंग के क्षेत्र में अनुसंधान व विकास के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दिया है। इस गतिविधि के एक हिस्से के रूप में, सी-डैक ने साइबर ख़तरा विश्लेषण करने के लिए विभिन्न समाधान विकसित एवं उन्नत किए हैं। वर्ष के दौरान इन समाधानों, जैसे- गतिशील रूप से कॉन्फ़िगर करने योग्य समाधान, यूएसी (यूआरएल विश्लेषक एवं वर्गीकरण कारक) और गतिशील विश्लेषण के आधार पर दुर्भावनापूर्ण यूआरएलों की पुष्टि करने, का बेहतरीकरण किया गया था। सीडैक ने पूरे भारत में इन समाधानों को परिनियोजित किया है, जो नवीनतम मालवेयर को पकड़ने में प्रभावी हैं।

एससीएडीए सुरक्षा - रिमोट टर्मिनल इकाइयों (आरटीयू) का अद्यतन एवं निगरानी

पर्यवेक्षी नियंत्रण एवं डेटा अधिग्रहण (एससीएडीए) प्रणालियों का उपयोग महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चरों, जैसे- बिजली, पानी, तेल द्वारा निगरानी एवं नियंत्रण के लिए किया जाता है। स्काडा के सीआई में एक महत्वपूर्ण ब्लॉक होने की वजह से, एससीएडीए प्रणालियों पर किसी भी हमले का एक व्यापक प्रभाव होगा। आरटीयू के सुरक्षित अद्यतन में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए, सीडैक, आरयूटीयू के विश्वसनीय संचालन, सुरक्षित अद्यतन और पैच प्रबंधन के लिए समाधान विकसित कर रहा है। इसमें (अ) क्षेत्रीय उपकरणों / मास्टर स्टेशन के साथ किसी भी असामान्यता के लिए आरटीयू कार्यक्रमों की निगरानी एवं विश्लेषण करने के लिए सुरक्षा मॉनिटरिंग इकाई (एसएमयू) तथा (आ) आरटीयू के कॉन्फ़िगरेशन एवं पैच प्रबंधन का अद्यतन करने के लिए एक अद्वितीय दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए सुरक्षित अपडेट समाधान का विकास शामिल है।

दर्पण एस3 नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (एनएमएस)

दर्पण एस3 एनएमएस, विविध मल्टी-वेंडर आईपी नेटवर्कों के समाधानों के लिए नीति आधारित स्वायत्त नेटवर्क प्रबंधन सुइट है और इसे आईटीयू-टी द्वारा अनुशंसित एफसीएपीएस मॉडल के आधार पर विकसित किया गया है। इसमें त्रुटि प्रबंधन, कॉन्फ़िगरेशन प्रबंधन, लेखा प्रबंधन, प्रदर्शन प्रबंधन एवं सुरक्षा प्रबंधन शामिल है। **दर्पण को व्यावसायिक आधार पर 8 संगठनों में परिनियोजित किया गया था।**



दर्पण नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली

दर्पण एस3 एनएमएस, केंद्रीकृत एवं वितरित, दोनों प्रकार के पदानुक्रमित प्रबंधन का समर्थन करता है और छोटे लोकल एरिया नेटवर्क (लैन) से लेकर भौगोलिक रूप से बड़े क्षेत्र में वितरित मल्टी-साइट एंटरप्राइज नेटवर्कों से लेकर किसी भी आकार के नेटवर्क के लिए उपयुक्त है। दर्पण एस3 एनएमएस स्वयं-सीएचओपी (सेल्फ़-कॉन्फ़िगरेशन, सेल्फ-हीलिंग, सेल्फ-ऑप्टीमाइज़ेशन, सेल्फ-प्रोटेक्शन) फ़ंक्शन एवं मल्टिप्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग (एमपीएलएस) नेटवर्कों के प्रबंधन का समर्थन करता है। यह सुविधा संपन्न डैशबोर्ड की मदद से एकीकृत दृश्यता एवं नेटवर्क के नियंत्रण के माध्यम से नेटवर्कों का परेशानी मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करता है। यह प्रणाली एसएनएमपी वी1 / वी2 / वी3, एसएसएच, टेलनेट, नेटफ़्लो, जेएफ्लो, आईपीएफ़एक्स आदि सहित प्रबंधन प्रोटोकॉलों की विस्तृत श्रृंखला का समर्थन करती है। इसका सुविधा संपन्न रिपोर्ट इंजन, लगभग रियल टाइम सांख्यिकीय एवं ऐतिहासिक रिपोर्टों की विस्तृत क़िस्मों का समर्थन करता है।

चेहरा पहचान प्रणाली

सीडैक नहीं चेहरे की छवि से मानव की पहचान करने एवं पहचान की पुष्टि करने के लिए अपने चेहरा पहचान प्रणाली में सुधार किया है। यह सॉफ्टवेयर आदर्शतः चेहरे की सम्मुख छवि पर काम करता है। यह उपकरण चेहरे की छवि से मानव की पहचान कर सकता है/ पहचान की पुष्टि कर सकता है। यह सॉफ्टवेयर आदर्शतः चेहरे की सम्मुख छवि पर काम करता है। यह उपकरण मध्यम मुद्रा, तीव्रता एवं रोशनी की भिन्नता को सहन कर सकता है। इस प्रणाली को बड़े डाटाबेस हैंडल करने के लिए तैयार किया गया है तथा यह 100,000 से 5,00,000 चेहरे की छवियों को हैंडल कर सकती है और डिजिटल छवि, स्कैन की गई छवि, रंगीन छवि, बी/डब्ल्यू छवि आदि जैसी विभिन्न प्रकार की इनपुट छवियों का समर्थन करती है। इसका पायलट परिनियोजन कानून प्रवर्तन एजेंसियों में किया जा चुका है।

साइबर फोरेंसिक

सीडैक फॉरेंसिक टूल की बढ़ती मांग एवं नई सुविधाओं की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए साइबर फोरेंसिक टूल एवं समाधानों में लगातार सुधार कर रहा है। सी-डैक ने डिस्क फ़ोरेंसिक्स, नेटवर्क फोरेंसिक्स, मोबाइल फॉरेंसिक्स, लाइव फोरेंसिक्स, इमेज फोरेंसिक्स एवं डाटा रिकवरी के लिए विभिन्न साइबर फोरेंसिक टूल विकसित किए हैं। सीडैक ने साइबरचेक सुइट 6.0 (डिस्क फ़ॉरेन्सिक सॉल्यूशन), एफ-डीएसी (फॉरेंसिक डाटा कार्विंग टूल), एफ-रैन (फ़ोरेंसिक रजिस्ट्री एनालाइज़र), मोबाइल चेक (मोबाइल / स्मार्ट फ़ोनों के लिए फोरेंसिक्स टूल), एडविक (सीडीआर एनलाइज़र), नेटफोर्स सुइट, विन-लिफ्ट (एक विंडोज लाइव फोरेंसिक्स टूल), सिमएक्स्ट्रेक्टर, सिमएनालाइजर (सिम कार्ड इमेजिंग एंड एनालिसिस टूल), ट्रू ट्रैवलर वर्जन 3.1 और ट्रू इमेजर 3.0 सहित विभिन्न टूल विकसित किए हैं।

वर्ष के दौरान, सी-डैक ने देश भर में स्थित कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित विभिन्न संगठनों के समाधानों के उन्नत संस्करणों को परिनियोजित करने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखा। इन परिनियोजनों में 24 संगठनों में साइबर चेक सुइट 6.0, एक संगठन में एफ-डीएसी एवं एफ-रैन, 13 संगठनों में मोबाइल चेक, 9 संगठनों में एडविक सीडीआर एनालाइजर, 12 संगठनों में नेटफ़ोर्स सुइट, 9 संगठनों में विन-लिफ्ट नामक एक विंडोज लाइव फोरेंसिक्स टूल, 9 संगठनों में सिमएनालाइजर, 11 संगठनों में ट्रू ट्रैवलर तथा 11 संगठनों में ट्रू इमेजर 3.0 शामिल हैं।



साइबर फोरेंसिक्स - डाटा कार्विंग टूल

प्रदान की जाने वाली सूचना सुरक्षा सेवाएं

सर्ट-इन सूचीबद्ध संगठन के रूप में, सी-डैक ने, सरकारी और निजी संगठनों के लिए भेद्यता मूल्यांकन एवं भेदन परीक्षण (वीए/पीटी), सुरक्षा परीक्षण एवं ऑडिटिंग सेवाएं प्रदान करना जारी रखा है। सीडैक ने नेटवर्क वीए / पीटी, वेब अनुप्रयोग भेदन परीक्षण एवं मोबाइल अनुप्रयोग भेदन परीक्षण, ई-हस्ताक्षर अनुवर्ती लेखा परीक्षा सेवाएं, आधार अनुवर्ती सेवाओं आदि के लिए ऑडिट करने में सक्रिय भूमिका निभाई है। **वर्ष के दौरान, इन सेवाओं को देश भर में लगभग 120 संगठनों तक पहुँचाया गया।**

प्रशिक्षण एवं जागरूकता फैलाने संबंधी पहलें

सीडैक द्वारा एसवीपी राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में स्थापित नेशनल डिजिटल क्राइम रिसोर्स एंड ट्रेनिंग सेंटर (एनडीसीआरटीसी) के एक भाग के रूप में, डिस्क फोरेंसिक्स, मोबाइल फोरेंसिक्स, सीडीआर विश्लेषण एवं नेटवर्क फोरेंसिक्स में 72 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसके अंतर्गत 2237 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिसमें आईपीएस प्रोफेशनर्स, भारत के विभिन्न राज्यों के विभिन्न रैंकों के पुलिस अधिकारी, दूरसंचार विभाग के अधिकारी, ऑर्डिनेंस फैक्टरी के संकाय सदस्य, काउंटर इंटेलिजेंस स्टाफ, डीओएफ इंटेलिजेंस, केंद्रीय एक्साइज एवं सेवा कर, डीआरआई, कैबिनेट सचिवालय, सीबीडीटी, ईडी, नौसेना आदि शामिल थे।

सूचना सुरक्षा शिक्षा एवं जागरूकता (आईएसईए) पहल के एक भाग के रूप में, 17 उन्नत फैकल्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं 41 उद्योग आधारित कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिसमें 1383 प्रतिभागियों को शामिल किया गया, 48 लघु अवधि पाठ्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिनमें 1561 प्रतिभागियों को शामिल किया गया तथा 816 सरकारी आधिकारिक प्रशिक्षण आयोजित किए गए, जिसमें 2346 प्रतिभागियों को शामिल किया गया था। सूचना सुरक्षा पर राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत, पूरे भारत में विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कोयम्बटूर, मैंगलोर सिटी एवं ग्रामीण पुलिस और हिमाचल प्रदेश में तीन साइबर सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आयोजित किए गए थे। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में दूरदर्शन और आकाशवाणी में भी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम प्रसारित किए गए थे।

स्वास्थ्य सूचना

स्वास्थ्य-सेवा में सूचना प्रणालियों एवं अवधारणाओं का उपयोग, सामाजिक लाभ के लिए प्रौद्योगिकियाँ एवं समाधान विकसित करने के क्षेत्र में सीडैक का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्ष के दौरान सी-डैक ने निदान, स्वास्थ्य प्रक्रियाओं के बेहतरीकरण, स्वास्थ्य सेवा मानकों एवं टेलीमेडिसिन के लिए प्रणालियाँ एवं समाधान विकसित किए। वर्ष के दौरान इस विषयगत क्षेत्र में सीडैक द्वारा की गई गतिविधियों को नीचे वर्णित किया गया है।

स्वास्थ्य सूचना प्रणालियां एवं टेलीमेडिसिन समाधान

औषधि आपूर्ति शृंखला प्रबंधन समाधान

सीडैक का ई-औषधि समाधान, विभिन्न जिला औषध भंडारगृहों (डीडीडब्ल्यू), मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) एवं औषध वितरण केंद्रों (डीडीसी) के लिए विभिन्न दवाइयों, सीवन एवं शल्य चिकित्सा सामग्री की खरीद, इन्वेंट्री प्रबंधन एवं वितरण से संबंधित है, जहां से एक पूरे राज्य में उन मरीजों के लिए दवाएं जारी की जाती हैं, जो श्रृंखला में अंतिम उपभोक्ता हैं।

ई-औषधि समाधान को बिहार, मणिपुर, मेघालय, झारखंड, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश राज्यों में परिनियोजित करने के लिए चुना गया है। यह समाधान केन्द्रीय तपेदिक विभाग (सीटीडी) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन विभाग नामक विभागों / एजेंसियों में भी परिनियोजित किया जाएगा। ई-औषधि एक राज्य/दिन में लगभग 1-2 लाख या उससे भी अधिक मरीजों की सेवा करने तथा आवर्ती लेनदेन वाले डाटा की बड़ी मात्राओं को प्रबंधित करने में योगदान करता है।

इसके अतिरिक्त, बिहार एवं झारखंड राज्यों ने भी उपकरणों के रख-रखाव एवं कर्मियों के प्रशासन और संबंधित वित्तीय मामलों के लिए **उपकरण अनुरक्षण एवं प्रबंधन प्रणाली (ईएमएमएस)** तथा **मानव संसाधन एवं वित्त प्रबंधन प्रणाली (एचएफएमएस)** समाधानों का चयन किया है।



ई-औषधि का राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन

डीआईएससी पहल के तहत टेलिमेडिसिन नेटवर्क

सीडैक ने भारत के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में टेली परामर्श केंद्र (टीसीसी) के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर ग्रामीण आबादी के लिए तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के लिए "डिजिटल इंक्लूसिव एंड स्मार्ट कम्युनिटी (डीआईएससी)" नामक परियोजना, जो कि भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक हिस्सा है, के तत्वावधान में तीन टेलीमेडिसिन उप नेटवर्क स्थापित किए।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की टेली-मेडिसिन सेवाओं का पहला चरण, बीमित श्रमिकों से कुछ दूरी पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। इसके साथ ही, ईएसआईसी के आदर्श अस्पताल, बसईदारापुर को कटिहार (बिहार), उन्नाव (उत्तर प्रदेश) एवं रुद्रपुर (उत्तरांचल) में स्थित तीन ईएसआईसी डिस्पेंसरी से जोड़ा गया है। सीडैक द्वारा लागू किए गए टेलीमेडिसिन सेवाओं के दूसरे चरण में ईएसआईसी डिस्पेंसरी, दीमापुर (नागालैंड), शिलांग (मेघालय) और अगरतला (त्रिपुरा) को 1 दिसंबर 2016 से प्रभावी रूप से ईएसआईसी अस्पताल, जोका, कोलकाता से जोड़ा जाना शामिल है। इनका शुभारंभ श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), माननीय श्री बंदारू दत्तात्रेय द्वारा किया गया था।

सी-डैक ने राजस्थान में टेलिमेडिसिन नेटवर्क डीआईएससी-स्वास्थ्य (टीएनडी) की स्थापना करने के लिए जोधपुर और पाली में स्थित 4 अस्पतालों; अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), जोधपुर, महात्मा गांधी अस्पताल, जोधपुर, एमडीएम अस्पताल, जोधपुर एवं जिला अस्पताल, पाली में टेलीमेडिसिन का परिनियोजन भी पूर्ण किया है।

स्वास्थ्य सेवा समाधान

बुद्धिमत्तापूर्ण मधुमेही घ्राणीय साधन (iDoI)

बुद्धिमत्तापूर्ण मधुमेही घ्राणीय साधन (iDoI), छोड़ गए साँस के विश्लेषण के माध्यम से मधुमेह रोग के तेज, यथावत, गैर-आक्रामक पहचान के लिए एक सुवाह्य और बैटरी चालित उपकरण है। मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोलकाता द्वारा इस प्रणाली को बनाने के लिए प्रयोगात्मक समर्थन एवं मेडिकल डोमेन विशेषज्ञता प्रदान की गई। लगभग 500 विषयों से इस प्रणाली की पुष्टि की गई है।

इंफ्रारेड (आईआर) एवं गैस डिस्चार्ज विजुएलाइजेशन (जीडीवी) आधारित मधुमेह स्क्रिनिंग प्रणाली

सी-डैक द्वारा इंफ्रा-रेड (आईआर) एवं गैस डिस्चार्ज विजुएलाइजेशन (जीडीवी) इमेजिंग के उपयोग से मधुमेह रोग स्क्रिनिंग के लिए एक समाधान वर्चुअल इंस्ट्रूमेंटेशन परिवेश में विकसित किया गया है। यह समाधान उन्नत कंप्यूटिंग प्रणालियों में एकीकरण के लिए इंटरप्रिटेशन सॉफ्टवेयर के विकास के लिए पैटर्न मान्यता तकनीकों के माध्यम से मधुमेह की जाँच करने के लिए मानव शरीर उत्सर्जन विश्लेषण हेतु इंफ्रारेड थर्मल इमेजिंग या जीडीवी इमेजिंग का उपयोग करता है। इस समाधान की पुष्टि सटीकता के लिए नैदानिक जैव-रसायन परीक्षण के परिणामों के माध्यम से की गई है। इस अनुसंधान कार्य और संबद्ध विकासात्मक प्रयोगों को एसआरएम अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, चेन्नई एवं फिजियोलॉजी एवं संबद्ध विज्ञान रक्षा संस्थान (DIPAS-DRDO), दिल्ली के सहयोग से संपादित किया गया है, जिसमें इन दोनों ने प्रयोगात्मक समर्थन और मेडिकल डोमेन विशेषज्ञता प्रदान की है।

मधुमेह की जाँच के लिए आईआर आधारित इमेजिंग सिस्टम का डेटा अधिग्रहण एवं परीक्षण

समय पर बचाव के लिए मधुमेह रेटिनोपैथी पहचान सॉफ्टवेयर

रेटिना की छवियों से मधुमेह रेटिनोपैथी (डीआर) की शीघ्र पहचान और जाँच के लिए सी-डैक ने एक स्वचालित प्रणाली विकसित की है। यह प्रणाली माइक्रोएनिरहिम्स, एक्स्युडेट्स एवं हेमोरेज जैसे डीआर के विभिन्न आघातों की पहचान करता है और रेटिना को डीआरा या गैर-डीआर के रूप में वर्गीकृत करता है। प्रणाली की क्षेत्रीय नैत्रिकी संस्थान (आरआईओ), तिरुवनंतपुरम से लिए गए लगभग 5000 रेटीना संबंधी छवियों पर पुष्टि की गई है।

पशुओं में टीबी नियंत्रण के लिए पुनः संयोजक बीसीजी वैक्सीन और मानार्थ निदान के विकास के लिए जैव सूचना कंप्यूटेशनल अनुसंधान

पशुओं में प्रभाविता सिद्ध हो जाने के बाद भी बीसीजी टीकाकरण का उपयोग गोजातीय तपेदिक को नियंत्रित करने के लिए नहीं किया जाता है, क्योंकि टीकाकरण शुद्ध प्रोटीन व्युत्पन्न (पीपीडी) परीक्षण में हस्तक्षेप करता है। इसलिए, हटाए गए विशिष्ट एंटीजन के साथ एक संशोधित बीसीजी टीका बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। तब इन एंटीजेन को संवेदनशीलता और विशिष्टता को बढ़ाने के क्रम में वर्तमान में उपलब्ध नैदानिक परीक्षणों में शामिल किया जा सकता है। **सी-डैक ने ट्रांस्पोसोन अनुक्रम डेटा के विश्लेषण के लिए एक कंप्यूटेशनल पाइपलाइन विकसित किया है तथा आगे इसके टीका डिजाइन के उपयोग के लिए इसे जैवप्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार को सौंपा है।**

मैमोग्रामों के लिए कंप्यूटर एडेड पहचान प्रणाली का विकास

सी-डैक ने मैमोग्राम छवि विश्लेषण के आधार पर स्तन कैंसर की शीघ्र पहचान और जाँच के लिए एक स्वचालित प्रणाली विकसित किया। यह एक सॉफ्टवेयर प्रणाली है, जो मैमोग्राम छवियों से माइक्रो-कैलिफिकेशन, मॉस और अवसंरचनात्मक विरूपण जैसे स्तन घावों की पहचान करती है। यह अनुप्रयोग स्तन छवि-रिपोर्टिंग एवं डेटा सिस्टम (BIRADS) मानक आधारित रिपोर्टिंग के लिए सुविधा प्रदान करता है। **इस अनुप्रयोग की पुष्टि क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी), तिरुवनंतपुरम से प्राप्त लगभग 10000 मैमोग्राम छवियों पर की गई है।**

कुष्ठ निगरानी प्रणाली

देश में कुष्ठ रोग उन्मूलन पहल को आगे बढ़ाने के लिए कुष्ठ संदेहों और रोगियों के व्यवस्थित डेटा प्रबंधन एवं वास्तविक समय निगरानी के लिए एक वेब एवं मोबाइल आधारित समाधान विकसित किया गया है। संदिग्ध केसों की पुष्टि, उपचार की निगरानी तथा केंद्र स्तर पर इसके परिणाम, मल्टीड्रग थेरेपी उपचार के सामयिक हस्तक्षेप, फालो-अप, रोगी हस्तांतरण, औषधि भंडार और अन्य विवरण के लिए स्वास्थ्य सेवा जानकारी संग्रह करने के लिए ब्लॉक या प्राइमरी स्वास्थ्यसेवा (पीएमसी) स्तर पर यह समाधान मान्यताप्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा), सहायक नर्स दाइयों, क्षेत्रीय अधिकारियों, चिकित्सा या पैरामेडिकल स्टाफ को सक्षम बनाता है। यह अनुप्रयोग जीआईएस का उपयोग करता है एवं एसएमएस सेवा का उपयोग करते हुए एलर्ट एवं रिमाइंडर जनरेट करता है। उपयोग के लिए इसे *http://www.leprosy.gov.in/* पर उपलब्ध कराया गया है।

मैक्सिलो-फेशियल सर्जरी योजना एवं सिमुलेशन प्रणाली

सी-डैक ने मैक्सिलो-फेशियल सर्जरी के लिए एक कुशल, विश्वसनीय एवं लागत प्रभावी योजना एवं सिमुलेशन प्रणाली विकसित करने के लिए एक परियोजना प्रारंभ की है। यह प्रणाली रोगी के शल्य-चिकित्सा के बाद की दिखावट को देखने के लिए चेहरे के ऊतकों के तीन-आयामी पुनर्निर्माण की सटीक 2डी सीफेलोमेट्रिक विश्लेषण और इंटरैक्टिव ऑपरेशन में सक्षम बनाती है। यह परियोजना अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस), नई दिल्ली के सहयोग से संपादित की जा रही है। नीचे दिए गए चित्र में "Downs Analysis Template" दिखाया गया है, जो Downs विधि के उपयोग से चेहरा की रूप-रेखा के विश्लेषण के लिए एक लैंडमार्क टेंपलेट है।



मैक्सिलो-फेशियल सर्जरी योजना एवं सिमुलेशन प्रणाली का सॉफ्टवेयर स्क्रिन शॉट

स्वास्थ्य सेवा मानक

आईएचटीएसडीओ के सदस्य राष्ट्र के रूप में भारतीय अंतरिम रिलीज़ केंद्र (iNRC) की स्थापना

सी-डैक ने भारत के अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य शब्दावली मानक विकास संस्था (आईएचटीएसडीओ) का सदस्य होने के बाद SNOMED CT के लिए भारत में एक अंतरिम रिलीज़ केंद्र (iNRC) की स्थापना और संचालन किया। iNRC ने देश भर में स्वास्थ्य सेवा अनुप्रयोगों में SNOMED CT के निगमन और उपयोग के संबंध में SNOMED CT रिलीज़ फाइलों का वितरण, प्रचार, उपकरण एवं ज्ञान के लिए केंद्रीय संपर्क बिंदु के रूप में व्यवहार किया। सी-डैक ने भारत में 192 SNOMED CT सहबद्ध लाइसेंस प्रदान किए एवं विक्रेताओं एवं अस्पतालों को प्रत्यक्ष कार्यान्वयन समर्थन प्रदान किया। सी-डैक द्वारा SNOMED CT पर कार्यशालाएँ, विक्रेताओं एवं नर्स सूचना विज्ञान विशेषज्ञ (एनआईएस) स्टॉफ को प्रशिक्षण तथा विभिन्न क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों में कई सत्र/ व्याख्यान भी संचालित किया गया। iNRC के तहत समर्थन, जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सीधे लगभग 2000 लोग लाभांवित हुए। सी-डैक द्वारा संचालित आईएचटीएसडीओ प्रशासित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रचार और समर्थन से भारत में 100 से अधिक प्रमाणित SNOMED CT पेशेवर हैं।

ईएचआर मानकों के लिए राष्ट्रीय संसाधन केंद्र (NRCeS) की स्थापना

भारत में स्वास्थ्य सेवा अनुप्रयोगों में ईएचआर मानकों के विकास, कार्यान्वयन एवं उपयोग में उपकरण, प्रशिक्षण, जानकारी एवं अन्य संसाधनों को प्रदान करने के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करने एवं संचालित करने के लिए सी-डैक द्वारा एक परियोजना प्रारंभ की गई है। परियोजना के तहत छह चुने हुए प्रकार्यात्मक क्षेत्र, जो इकोसिस्टम बनाने, अधिसूचित ईएचआर मानकों के पालन और अपनाने हेतु ज्ञान एवं तकनीकी समर्थन संरचना के लिए आवश्यक के रूप में चयनित हैं, वे हैं; प्रशिक्षण एवं पदोन्नति, उपकरण विकास, कार्यान्वयन समर्थन, राष्ट्रीय विज्ञप्तियाँ और एक्सटेंशन, मानक संस्थाओं के साथ संपर्क तथा सलाहकारिता और परामर्श। यह परियोजना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है।

ईएचआर मानकों के लिए राष्ट्रीय संसाधन केंद्र (NRCeS)

शिक्षा एवं प्रशिक्षण

सी-डैक में शिक्षा एवं प्रशिक्षण आम तौर पर अनुसंधान व विकास तथा आईटी उद्योग के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त श्रमशक्ति बनाने के लिए समर्पित है। ये पाठ्यक्रम भारत में 11 स्थानों पर एडवांस्ड कंप्यूटिंग ट्रेनिंग स्कूल (एक्ट्स) तथा 15 अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र (एसीटी) के नेटवर्क के रूप में जाने जाने वाले सी-डैक अनुसंधाव व विकास से संबद्ध प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से दिए जाते हैं। एक्ट्स नए पाठ्यक्रमों के प्रारंभ द्वारा आईटी उद्योग की आगामी जरूरतों की प्रत्याशा में और अपने अद्वितीय पाठ्यक्रम के माध्यम से आईटी प्रशिक्षण में शीर्ष विशेष विद्यालय के रूप में उभरा है। अपने अत्याधुनिक प्रशिक्षण कार्य-प्रणाली के माध्यम से यह उच्च कौशलयुक्त आईटी संसाधनों को बनाने के अपने उद्देश्य को पूरा कर रहा है तथा आईसीटी के क्षेत्रों में कुशल कार्यबल के अधिमान्य हाई-इंड प्रदाता होने के लिए भारत में प्रमुख कार्पोरेट द्वारा अधिमानित है।

पिछले 25 से अधिक वर्षों से, एक्ट्स की गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तर के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बहुविध रूप से विस्तार हुआ है। विश्व के 35 से अधिक देशों में सहयोगी प्रशिक्षण संचालन के साथ य गतिविधियाँ विदेशों में फैली हुई हैं।

सी-डैक का शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रभाग निम्न गतिविधियों में लगा हुआ है-

- उद्योग-विशिष्ट पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम
- उद्योग-अकादमी सहयोगी औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम
- कार्पोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रम
- टेक संगम - उद्योग-शिक्षा सहयोगी कार्यक्रम
- सामाजिक क्षेत्र के लिए आईटी कौशल कार्यक्रम
- अंतरराष्ट्रीय पहल
- शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी विकास एवं परिनियोजन

वर्ष के दौरान उपरोक्त श्रेणियों के अधीन संपन्न प्रमुख गतिविधियाँ निम्न हैं-

उद्योग-विशिष्ट पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम

सी-डैक के शिक्षा एवं प्रशिक्षण का विशेष ध्यान आईसीटी क्षेत्रों में उद्योग के लिए तैयार श्रमशक्ति बनाना है। इस उद्देश्य से, सी-डैक निम्न पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम संचालित करता है-

- उन्नत कंप्यूटिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DAC)
- बिग डेटा विश्लेषिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DBDA)
- मोबाइल कंप्यूटिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DMC)
- सिस्टम सॉफ्टवेयर विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DSSD)
- आईटी अवसंरचना, सिस्टम एवं सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DITISS)
- भू-सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DGi)
- एंबेडेड सिस्ट डिजाइन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DESD)
- वीएलएसआई डिजाइन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DVLSI)
- जैव चिकित्सा इंस्ट्रूमेंटेशन एवं स्वास्थ्य सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DBIHI)

वर्ष के दौरान, राष्ट्र स्तरीय कठिन प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद इन नौ स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों में 6918 छात्र नामांकित हुए तथा सफल पूर्णता के बाद राष्ट्रीय सामान्य परिसर नियोजन कार्यक्रम के माध्यम से 70 प्रतिशत छात्रों को नौकरी मिली।

वर्ष के दौरान, इन दो नए स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों की शुरुआत भी की गई-

- उन्नत सक्षम कंप्यूटिंग सिस्टम प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DHPCSA)
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DIoT)

विश्वविद्यालयों के सहयोग से औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम

अत्याधुनिक शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए, सी-डैक स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान करने के लिए प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के सहयोग से निम्न कार्यक्रम आयोजित करता है। वर्ष के दौरान, इन कार्यक्रमों में कुल 31 छात्र नामांकित हुए।

- वीएलएसआई एवं एंबेडेड सिस्टम डिजाईन में एम.टेक/ एम.ई.

- उन्नत सक्षम कंप्यूटिंग में एम.टेक.
- आईटी सिस्टम एवं नेटवर्क सुरक्षा में एम.टेक/ एम.ई.

कार्पोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रम

सी-डैक विभिन्न अनुसंधान एवं विकास क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता के आधार पर सरकार एवं कार्पोरेट क्षेत्र के लिए कार्पोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इस पहल के भाग के रूप में, सी-डैक द्वारा भारतीय डाक कार्यालय, एल एंड टी प्रौद्योगिकी, जीवन बीमा निगम, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, दक्षिणी कमान, मिलिटरी इंजीनियरिंग स्कूल व डिपो तथा अन्य रक्षा प्रतिष्ठानों के कार्मिकों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान आयोजित कार्पोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सूचना एवं प्रणाली सुरक्षा, आईटी मैनेजर प्रोग्राम, सिस्टम प्रशासन एवं नेटवर्किंग प्रबंधन, बेसिक एवं एडवांस्ड जावा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, सूचना सुरक्षा पर प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम आदि शामिल थे। कार्पोरेट प्रशिक्षण कार्यक्रम नई दिल्ली, पुणे, मुंबई, अहमदनगर, विशाखापटनम, अहमदाबाद, बंगलुरु आदि सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए।

टेक संगम - उद्योग-शिक्षा सहयोगी कार्यक्रम

सी-डैक छात्रों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी), ई-लर्निंग, अनुसंधान व विकास एवं आईटी कौशल पाठ्यक्रमों सहित विभिन्न कार्यक्रमों को प्रदान करने के लिए प्रमुख तकनीकी संस्थानों के साथ सहयोग किया है। इन कार्यक्रमों का विवरण नीचे दिया गया है-

- इंटेल के सहयोग से "Advanced Computing and Application Development: A Parallel Programming Approach" पर एफडीपी।
- तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश के 113 संकाय सदस्यों के लिए 4 क्षेत्रों में एनआईटी वारंगल के सहयोग से एफडीपी।
- अनुसंधान व विकास गतिविधियों तथा आईसीटी शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए सी वी रमण अभियांत्रिकी महाविद्यालय के सहयोग से सी-डैक आईसीटी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई तथा इस महाविद्यालय के 180 छात्रों और संकाय सदस्यों ने इसका लाभ उठाया।

सामाजिक क्षेत्र के लिए आईटी कौशल विकास कार्यक्रम

सरकार के आईटी कौशल विकास पहल के प्रोत्साहन में सी-डैक द्वारा वर्ष के दौरान कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का विवरण निम्न प्रकार है-

- **बिहार के एससी, एसटी एवं ओबीसी उम्मीदवारों के लिए निश्शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम**
  सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी), बिहार सरकार एवं बिहार ज्ञान समाज (बीकेएस) के सहयोग से बिहार राज्य के एससी, एसटी एवं ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उन्नत कंप्यूटिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PG-DAC) और विभिन्न प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में 45 छात्र तथा PG-DAC पाठ्यक्रमों में 72 छात्र प्रशिक्षित किए गए।

- **झारखंड के एससी एवं एसटी उम्मीदवारों के लिए निश्शुल्क आईटी प्रशिक्षण कार्यक्रम**
  सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, झारखंड सरकार के सहयोग से झारखंड राज्य के एससी एवं एसटी उम्मीदवारों के लिए व्यावसायिक कंप्यूटिंग, जावा प्रोग्रामिंग एवं मल्टीमीडिया व बेवसाइट डिजाइन के क्षेत्रों में विभिन्न आईटी प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में 87 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया।

- **आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए आईटी प्रशिक्षण**
  NASSCOM फाउंडेशन और AMDOCS के सहयोग से जावा प्रोग्रामिंग, सॉफ्टवेयर परीक्षण, एंड्रायड प्रोग्रामिंग, एंबेडेड प्रोग्रामिंग एवं नेटवर्क सुरक्षा में पाँच प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रशिक्षण आयोजित किए गए।

- **अंडमान व निकोबार तथा छत्तीसगढ़ के एसटी उम्मीदवारों के लिए आईटी कौशल में क्षमता निर्माण**
  अंडमान व निकोबार तथा छत्तीसगढ़ राज्य में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए तथा एसटी उम्मीदवारों (महिलाओं सहित) को जॉब उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आवश्यक आईटी अवसंरचना से सुसज्जित आईटी प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की गई।

- **डेटा विज्ञान पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम**
  "Using R for Data Visualization and Analytics", "Text Analytics and Predictive Analytics" और "Recommender Systems (PARS)" जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 100 सदस्यों के लिए डेटा विज्ञान पर विभिन्न अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए गए।

शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास एवं परिनियोजन

सी-डैक ने विभिन्न सॉफ्टवेयरों को विकसित एवं उपयोग किया है जो प्रभावी तरीके से शिक्षा और प्रशिक्षण के प्रबंधन और वितरण में सहायक हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानकारी नीचे दी गई है।

गेट 2017 एवं जैम 2017 परीक्षा स्वचालन

- गेट 2017 परीक्षा स्वचालन में परीक्षार्थी पंजीकरण, ऑनलाइन आवेदन, आवेदन संवीक्षा, सीट आवंटन, हाल टिकट जारी करना, परिणाम संसाधन और प्राप्तांक सृजन शामिल है। **परीक्षा में लगभग 10 लाख उम्मीदवार शामिल हुए।**



गेट ऑनलाइन आवेदन संसाधन प्रणाली - GOAPS

- जैम 2017 परीक्षा स्वचालन में परीक्षार्थी पंजीकरण, ऑनलाइन आवेदन, आवेदन संवीक्षा, सीट आवंटन, हाल टिकट जारी करना, परिणाम संसाधन और स्कोर सृजन शामिल है। परीक्षा में लगभग 60000 उम्मीदवार शामिल हुए।

ईमेंटर का परिनियोजन - अध्ययन प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) और अध्ययन सामग्री प्रबंधन प्रणाली (एलसीएमएस)

ईमेंटर एक वेब-सक्षम एलएमएस और एलसीएमएस है, जिसमें प्रशिक्षण, शिक्षा, ठीक समय पर जानकारी एवं संचार, कंप्यूटर आधारित अध्ययन, आभासी अध्ययन कक्ष एवं डिजिटल सहयोग शामिल हैं। **वर्ष के दौरान, इस प्रणाली को नेल्सन मंडेला अफ्रीकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एनएम-एआईएसटी), आरुशा, तंजानिया के आईसीटी संसाधन केंद्र में परिनियोजित किया गया।**

संसाधन, सुविधा सेवाएं एवं पहल

अंतरराष्ट्रीय सहयोग/पहल

विदेश मंत्रालय (एमईए) के सहयोग से सी-डैक ने राष्ट्रों के साथ सहयोग और उनके आईसीटी केंद्रों के विकास के लिए आईसीटी में अपनी विशेषज्ञता को विस्तारित किया है। वर्ष के दौरान, इस पहल के रूप में निम्न गतिविधियाँ संचालित की गईं-

1. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और संबद्ध देशों के सहयोग से शिक्षा एवं प्रशिक्षण में क्षमता विकास के लिए कंबोडिया, लाओ पीडीआर, म्यांमार और वियतनाम में सॉफ्टवेयर विकास एवं प्रशिक्षण उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना।
2. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, संचार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, संयुक्त गणराज्य तंजानिया सरकार तथा नेल्सन मंडेला अफ्रीकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से आरुशा, तंजानिया में स्थित नेल्सन मंडेला अफ्रीकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में आईसीटी संसाधन केंद्र की स्थापना।
3. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, विज्ञान एवं शिक्षा मंत्रालय, पेरु सरकार तथा राष्ट्रीय अनुसंधान एवं दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान, पेरु सरकार के सहयोग से लिमा, पेरु के आईएनआईसीटीईएल-यूएनआई में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।
4. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, विदेश, व्यापार एवं समन्वय मंत्रालय, इक्वेडोर सरकार, यूनिवर्सिडाड टेक्नेका डेल नॉर्ट, इक्वेडोर सरकार एवं याचे विश्वविद्यालय, इक्वेडोर सरकार के सहयोग से यूटीएन, इबारा, इक्वेडोर में आईटी उत्कृष्टता केंद्र।
5. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, उद्योग, व्यापार निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रालय, मोरक्को गणराज्य सरकार, राष्ट्रीय डाक एवं दूरसंचार संस्थान तथा मोरक्को गणराज्य सरकार के सहयोग से टेक्नोपार्क केसब्लांका, मोरक्को में आईटी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।
6. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, विदेश मंत्रालय, मिस्र अरब गणराज्य एवं अल अज़हर विश्वविद्यालय, मिस्र अरब गणराज्य के सहयोग से अल अज़हर विश्वविद्यालय काहिरा में आईटी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।
7. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं अल-क्यूड्स विश्वविद्यालय, फिलिस्तीन सरकार के सहयोग से भारत-फिलिस्तीन आईसीटी एवं डिजिटल लर्निंग उत्कृष्टता केंद्र तथा नवाचार केंद्र (आईपीसीईआईसीटी एवं डीएलआईसी) की स्थापना।
8. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं संबद्ध मध्य एशियाई देशों की संबंधित सरकारें, अस्पताल एवं विश्वविद्यालयों के सहयोग से 5 मध्य एशियाई देशों नामतः किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान एवं कजाकिस्तान के समर्थन के लिए टेली-शिक्षा एवं टेली-मेडिसिन सेवाएँ देने के लिए मध्य एशिया ई-नेटवर्क की स्थापना।
9. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा शिक्षा एवं विज्ञान मंत्रालय, ताजिकिस्तान गणराज्य सरकार के सहयोग से ताजिकिस्तान के 37 विद्यालयों में कंप्यूटर लैबों की स्थापना।
10. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा गुयाना में कैरेबियन सामुदायिक सचिवालय और बारबाडोस एवं जमैका के इसके संबद्ध कार्यालयों के सहयोग से CARICOM सचिवालय, गुयाना तथा बारबाडोस एवं जमैका के इसके संबद्ध कार्यालयों में मौजूदा आईटी अवसंरचना एवं संबद्ध सॉफ्टवेयरों का उन्नयन।
11. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा पापुआ न्यू गिनी विश्वविद्यालय, पापुआ न्यू गिनी गणराज्य के सहयोग से पोर्ट मोर्सबी में भारत-पापुआ न्यी गिनी आईटी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।

12. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा वानुअतु लोक प्रशासन संस्थान, वानुअतु सरकार के सहयोग से पोर्ट विला में भारत-वानुअतु आईटी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।
13. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा गुयाना सरकार के सहयोग से गुयाना में भारत-गुयाना आईटी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।
14. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा हयातन आल अर्मेनियाई फंड, अर्मेनिया सरकार के सहयोग से अर्मेनिया के वायाट डोजोर क्षेत्र के 50 विद्यालयों में कंप्यूटर लैबों की स्थापना।
15. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा शिक्षा मंत्रालय, भूटान सरकार एवं सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता आयोग, भूटान सरकार के सहयोग से आधुनिक आईसीटी प्रौद्योगिकियों की सहायता के साथ ज्ञानाधार अधिगम के लिए पूरे भूटान के 49 विद्यालयों और 12 महाविद्यालयों में ई-पुस्तकालयों की स्थापना।
16. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार तथा कजाकस्तान गणराज्य शिक्षा एवं विज्ञान मंत्रालय और एल एन गुमुलियोव यूरेशियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, कजाकस्तान गणराज्य के सहयोग से अस्ताना, कजाकस्तान में भारत-कजाकस्तान आईसीटी उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना।

पेटेंट

प्राप्त पेटेंट

1. "A method and system for debugging or run-time profiling of applications on heterogeneous computational grids and geographically distributed systems", अन्वेषक- आस्विजा बी, शामजित केवी, मंगला एन, प्रह्लाद राव बीबी, मोहनराम एन, इंडियन पेटेंट नं. 275095
2. "Instrument for Appearance based Fermentation Process", अन्वेषक- अमितवा आकुली, आभ्रा पाल, वामशी कृष्णा पालाकुर्ती, नवरुन भट्टाचार्य, जयंता कुमार राय, रबिंद्रनाथ कांजीलाल, आर. रविंद्र कुमार, इंडियन पेटेंट नं. 277032

दायर पेटेंट

1. "A System and Method for Facilitating Web Page Security", अन्वेषक- साईं गोपाल ततिकायला, रवि किशोर कोप्पुरावुरी, ज्योस्तना ग्रांधी, पी रेड्डी लक्ष्मी एश्वरी, मगेश इथिराजन।
2. "A Field Portable Uniform Illumination Imaging Biosensory System (UIIBS) based Remotely Screening Chemical Contaminants In Agri based Setup", अन्वेषक- सुनिल भांड, ए के बरूह, शुभांकर मुखर्जी, आभ्रा पाल, सौविक पाल, देवदुलाल घोष, सुब्रत सरकार, अरुण जाना, रवि संकर, रक्तिम पाल, संगीता ब्रोचेतिया।
3. "A Process based forming a Molecular Imprinted Polymer (MIP) based Electrode based Accurate Quantitative Detection of Total Theaflavin (Tf) In Black Tea", अन्वेषक- नवरुन भट्टाचार्य, त्रिसिता नंदी चटर्जी, रुनु बनर्जी राय, बिपन तुडु, पंचानन प्रमाणिक, प्रदीप तमुली, राजीब बंद्योपाध्याय, देवदुलाल घोष।
4. "An Electrical Device to Delimit the Current Change Rate in Switch and Energy in Microwave Tube during Crowbar Operation", अन्वेषक- सुभाष जोशी, एबी जोसफ, लाकापरांपिल, विनोद जॉन।
5. "A Novel Evaluation Method based Microwave Tube Protective Device with Fuse Wire based on Exact Fault Current", अन्वेषक- सुभाष जोशी, राजीव ल्याप्पन, एबी जोसफ, लाकापरांपिल, विनोद जॉन।
6. "Device and Method based Real-Time Monitoring and Control of Distributed Power Generating Systems", अन्वेषक- श्रीकुमारी, भवानी अम्मा, जिजु कुट्टीपलक्कल, ब्रिजेश पुतुमना, सरण्य सरचंद्रन, स्टेनले रेगिस मुतुस्वामी, अनूप पोडियान।
7. "System based Securing User Identity Information and a Device Thereof", अन्वेषक- जिजु कुट्टीपलक्कल, आर्या गिरिजा लाल, स्टेनले रेगिस मुतुस्वामी।

कॉपीराइट (सर्वाधिकार)

प्राप्त कॉपीराइट

1. "Syllabus of Parallel Computing Training Programme titled THINK PARALLEL ", अन्वेषक - मंगला एन, एन सरत चंद्र बाबु।

2. "Web-based Integrated Office Automation System", अन्वेषक - मीना एच के देसाई, संख नाथ घोष, निलाद्रि शेखर सहा, समरेश दास, अर्घ्या घोष, अर्घ डे, अभिजित राय।

दायर कॉपीराइट

1. "Ne-Fresh Online Auction System", अन्वेषक- गौतम कुमार साहा, देबदुलाल बसक, राजा गुप्ता, मानस चक्रबर्ती, मनीष कुमार साहा, समरेस दास, निलाद्रि शेखर साहा, शंपा डे।
2. "DRISTI", अन्वेषक- अतुल्य के दास, दीपक आर यू, शरत कुमार पी एन, मिधुन राज आर एस, राजेश कुमार आर।
3. "Automated Real Time Retinal Image Quality Notifier", अन्वेषक- अतुल्य के दास, दीपक आर यू, शरत कुमार पी एन, ससि पी एम, राजेश कुमार आर।
4. "Bio Medical Signal Analyzer based Seizure Prediction", अन्वेषक- सुडालैमनि सी, आशा एस ए, पार्वती के, देवानंद पी, एलिजाबेथ थॉमस टी, ससि पी एम।
5. "Web based Medical Information Extractor System", अन्वेषक- तारा एस पिल्लई, आशा एस ए, एलिजाबेथ थॉमस टी।
6. "Automated Feature Extractor based Biomedical Signals", अन्वेषक- पार्वती के, आशा एस ए, सुडालैमनि सी, एलिजाबेथ थॉमस टी, ससि पी एम।
7. "EEG Analyser based Seizure Detection", अन्वेषक- आशा एस ए, सुदालैमनि सी, देवानंद पी, एलिजाबेथ थॉमस टी।
8. "mCAD - A Computer Aided Detection Software for Mammograms", अन्वेषक- बीजु एन बी, राजेश कुमार आर, पौर्नामी एस चंद्रन, निशा कुमारी के एन, ससि पी एम।
9. "Advik CDR Analyzer", अन्वेषक- अनवर रेवाज जे, आखी एम बी, सजीना ए।
10. "Cyber Check", अन्वेषक- बालन सी, डिजा एस, अनवर रेवाज जे, श्रीजा एस सी, अनूप, धनलक्ष्मी, सुमा, डाग्मा गोंसाल्वेज़, कुमार एस, अंस्वरा नायर, आकृष्टा ए एल, गायत्री एस।
11. "Mobile Check", अन्वेषक- सतीश कुमार एस, जिनु कुमार एस वी, बिबिन थॉमस, केविन जोसेफ फ्रांसिस, अनिल, विष्णु आर जी, राहुल एस, दिजा एस, इंदु वी, मोहम्मद शानजी टी एच।
12. "DLMS Protocol Stack based AMI Smart Meter", अन्वेषक- रेशमा एस एल, श्रीकुमारी बी, जिजु के, अजिन ए, श्रीदेवी वी एस।

पुरस्कार / सम्मान

1. **हरिता-प्रिया** (कृषि में डब्लूएसएन अनुप्रयोग) को आईसीटी अनुप्रयोग - ई-कृषि श्रेणी के तहत **World Summit on Information Society (WSIS)** 2016 Prize प्राप्त, डब्लूएसआईएस सम्मेलन 2016, जेनेवा, 2-6 मई 2016

On the Occasion of the World Summit on the Information Society Forum 2016

THE INTERNATIONAL TELECOMMUNICATION UNION

Awards

Centre for Development of Advanced Computing, India

WINNER OF WSIS PRIZE 2016

ICT APPLICATIONS: E-AGRICULTURE

A certificate of recognition for outstanding contribution towards strengthening the implementation of the World Summit on the Information Society (WSIS) Outcomes

Houlin Zhao
ITU Secretary-General

Geneva, 3 May 2016

हरिता-प्रिया को डब्लूएसआईएस पुरस्कार प्राप्त

2. सी-डैक को निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए विभिन्न श्रेणियों में कोयंबटूर, तमिलनाडु में 24 जनवरी 2017 को आयोजित सम्मेलन में CSI Nihilent e-Governance Awards प्राप्त।
   क. **सुगम - एक ई-शासन समाधान**
   ख. **विज्ञान एवं अभियांत्रिकी अनुसंधान बोर्ड के लिए इलेक्ट्रानिक परियोजना प्रस्ताव प्रबंधन प्रणाली**
   ग. **मोबाइल सेवा**

मोबाइस सेवा को CSI-Nihilent e-Governance पुरस्कार

3. सी-डैक को 19 दिसंबर 2016 को नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में "Online Management, Monitoring and Accounting System (OMMAS) for Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY)" परियोजना के लिए "Most Innovative Citizen Engagement" श्रेणी के तहत **Digital India Awards 2016** - Gold प्राप्त।
4. सी-डैक को "Centralized e-Auction System for North Eastern States (Sikkim, Assam, Arunachal Pradesh, Meghalaya, Mizoram, Manipur, Tripura and Nagaland)" परियोजना के लिए निम्न पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।
   क. **6th e-North East Award**, शिलांग, मेघालय में।
   ख. **South Asia Manthan Award 2016**, फरीदाबाद, हरियाणा में 25 फरवरी 2017 को।

उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए केंद्रीकृत ई-नीलामी प्रणाली को 6वाँ ईनार्थ ईस्ट अवार्ड 2016 प्राप्त

5. सी-डैक को 9 सितंबर 2016 को हैदराबाद, आंध्र प्रदेश में आयोजित 45वें स्कॉच सम्मेलन में **"Cloud Enabled Energy Market Services for SLDCs of NER States"** नामक परियोजना के लिए प्रतिष्ठित **Platinum Skoch Award 2016** प्राप्त।

एनईआर राज्यों के SLDCs के लिए क्लाउड सक्षम ऊर्जा विपणन सेवा को प्लेटिनम स्कॉच अवार्ड प्राप्त

कार्यक्रम / सम्मेलन

1. भारतीय दूतावास, भूटान, शिक्षा मंत्रालय, भूटान की शाही सरकार एवं सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता आयोग, भूटान की शाही सरकार के सहयोग से 5 सितंबर 2016 को मोतियांग हायर सेकेंडरी स्कूल, मोतियांग, थिंपू, भूटान में "इंडो-भूटान ई-पुस्तकालय" का उद्घाटन।

भारतीय राजदूत, माननीय जयदीप सरकार और शिक्षा मंत्री (भूटान), माननीय नोर्बू वांगचुंग द्वारा ईंडो-भूटान ई-पुस्तकालय का उद्घाटन

2. माननीय आईटी मंत्री, प. बंगाल द्वारा 24 नवंबर 2016 को सी-डैक कोलकाता के मीनी डाटा सेंटर में "परम शावक" का उद्घाटन एवं प्रयोगशाला भ्रमण।

माननीय आईटी राज्य मंत्री, प. बंगाल, श्री भ्रट्य बसु द्वारा परम शावक का उद्घाटन

3. भारत-घाना कोफी अन्नान आईसीटी उत्कृष्टता केंद्र (AITI-KACE), अकरा, घाना, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से AITI-KACE, अकरा, घाना में 15 जून 2016 को माननीय राष्ट्रपति, भारत द्वारा आकरा, घाना में "India - Ghana Kofi Annan Centre of Excellence in ICT (AITI-KACE) " का दौरा।

माननीय राष्ट्रपति, भारत, श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा भारत-घाना कोफी अन्नान उत्कृष्टता केंद्र का दौरा

4. प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान एवं मूल्यांकन परिषद (टीआईएफएसी), दिल्ली में 30 सितंबर 2016 को "Industry 4.0 and its impact on the patent system" पर सम्मेलन।

इंडस्ट्री 4.0 और पेटेंट प्रणाली पर इसका प्रभाव पर सम्मेलन में डॉ. देबाशीष दत्ता

5. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सहयोग से 15-16 नवंबर 2016 के दौरान बेलारूस के वैज्ञानिकों के लिए "Indo Belarus Bilateral Workshop on Cyber Security"

साइबर सुरक्षा पर इंडो बेलारूस द्विपक्षीय कार्यशाला

6. साइबर स्वच्छता केंद्र उद्घाटन के भाग के रूप में निश्शुल्क डाउनलोड के लिए USB Pratirodh 3.0, M-Kavach 2.1.9 और AppSamvid 2.0.1 का श्री रवि शंकर प्रसाद, माननीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा शुभारंभ, नई दिल्ली, 21 फरवरी 2017

7. इंटेल के सहयोग से भुबनेश्वर, ओडिसा में 20-21 जनवरी 2017 के दौरान "परम सुपरकंप्यूटिंग" पर सभा।

परम सुपरकंप्यूटिंग पर सभा, भुबनेश्वर

8. श्री पी पी चौधरी, माननीय विधि एवं न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं आईटी राजमंत्री, भारत सरकार द्वारा सी-डैक, पुणे में 19 नवंबर 2016 को एक्ट्स सुविधा का शुभारंभ।

श्री पी पी चौधरी, माननीय विधि एवं न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं आईटी राजमंत्री, भारत सरकार द्वारा एक्ट्स सुविधा का शुभारंभ

9. "Accelerating Biology 2017: Delivering Precision" पर कार्यशाला, यशदा, पुणे, 17-19 जनवरी 2017

Accelrating Biology 2017 पर कार्यशाला, यशदा, पुणे

10. आईआईटी गुवाहाटी में परम इशान का शुभारंभ तथा आईआईटी गुवाहाटी में आईआईटी गुवाहाटी के सहयोग से एचपीसी कार्यशाला, 19 सितंबर 2016
11. "Mobile Seva Consultation" पर कार्यशाला, एमईआईटीवाई, 21 नवंबर 2016; सी-डैक मुंबई, 24 फरवरी 2017
12. "GARUDA-NKN Partnersङ Meet 2016", आईआईएससी बंगलुरु, 8-9 सितंबर 2016
